सूर्योदय 6:29 सूर्यास्त 5:39

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13.0 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 15.1 न्यू | 25.2 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79402.29 |
| निफ्टी | 24180.80 |
| सोना 79,580 | चांदी 99,623 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 27 अक्तूबर 2024 | 11 कार्तिक, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 311, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



मनिका बत्तरा डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में

पृष्ठ 14 पर




## न्यूज शॉर्ट्स

### राजकोट के 10 होटलों को उड़ाने की धमकी

**राजकोट।** गुजरात के राजकोट शहर के 10 प्रमुख होटलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सभी होटलों को तुरंत खाली करा लिया गया। धमकी में शामिल होटलों में फाइव स्टार होटल, इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, कावेरी भाभा, सीजन्स होटल और ग्रैंड रीजेंसी शामिल हैं। पुलिस को शनिवार दोपहर 12:45 बजे एक धमकी भरा ई-मेल मिला, जिसके बाद फौरन जांच के लिए टीम होटल पहुंची। पुलिस की टीमें बम निरोधक दस्ते और डॉग स्क्वाड को बुलाया। सभी टीमों ने होटलों की तलाशी ली, लेकिन कुछ संदिग्ध नहीं मिला है।

### यूपी का सबसे बड़ा गैंगस्टर सुंदर भाटी जेल से हुआ रिहा



**लखनऊ।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश का सबसे बड़ा गैंगस्टर सुंदर भाटी को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है और वह 20 साल बाद जेल से रिहा हो गया है। हरेंद्र नागर हत्या कांड में सुंदर भाटी को जमानत मिली है। जमानत मिलने के बाद सोनभद्र जेल से भाटी रिहा हुआ। जानकारी के अनुसार, गैंगेस्टर सुंदर भाटी वाराणसी से सीधे दिल्ली चला गया। सुंदर भाटी पर हत्या, अवैध वसूली, जानलेवा हमले सहित गंभीर अपराध के 60 से ज्यादा मामले दर्ज हैं।

### गुरुग्राम में आग से चार लोगों की मौत

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में एक घर में आग लगने से 17 वर्षीय किशोर समेत परिवार के चार लोगों की जलकर मौत हो गई। घटना के समय वे घर में सो रहे थे। पुलिस ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब 12:15 बजे हुई। सेक्टर-10ए थाने के प्रभारी निरीक्षक संदीप कुमार ने बताया कि जैसे ही आग फैली, पूरा कमरा धुएं से भर गया और चारों की झुलसकर मौत हो गई। ये लोग बिहार के रहने वाले थे, जो सेक्टर-10 स्थित सरस्वती एन्क्लेव कॉलोनी में किराए के मकान में रह रहे थे।

### ऑस्ट्रेलिया में विमानों की टक्कर, 3 की मौत



**सिडनी।** सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को दो हल्के विमान बीच हवा में टकराने के बाद दुर्घटनाग्रस्त होकर वन क्षेत्र में गिर गए, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई। न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्लू) की पुलिस ने बताया कि शनिवार को यह ओकडेल के बेलिम्बला पार्क के पास हुआ।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- बिलासपुर शहर में अढ़ाई करोड़ से लगेंगे कैमरे -पेज 2
- मृत समझ अस्पताल ने पुलिस को बुलाया, जिंदा निकली महिला -पेज 4
- समग्र विकास के लिए निर्णायक काम कर रही सरकार : अग्निहोत्री -पेज 10
- यूएन में कश्मीर मुद्दे पर भारत ने पाक को लताड़ा -पेज 13
- भारत की नजरें एकदिवसीय सीरीज जीतने पर -पेज 14

# हिमाचल में रिक्त पद खत्म करने पर घमासान

## सरकार ने रिक्त पद खत्म नहीं किए, जरूरत के अनुसार भरने के लिए मांगे प्रस्ताव: सुक्खू

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि सरकार ने दो साल से रिक्त पदों को समाप्त नहीं किया है। इन पदों को आज के समय की जरूरत के अनुसार भरने के लिए विभागों से प्रस्ताव मांगे हैं।

मुख्यमंत्री ने शनिवार को शिमला में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज के समय में टाइपिंग क्लर्क की जरूरत नहीं है, उनकी जगह नई पोस्टों को परिवर्तित कर भरेंगे। टाइपिंग क्लर्क को जेओए आईटी में कन्वर्ट करना है। सुक्खू ने कहा कि सोशल मीडिया में एक अधिसूचना का हवाला दिया जा रहा कि पदों को खत्म किया गया है, लेकिन ऐसा नहीं है। 20 साल से इन पदों को भरा नहीं गया, लेकिन बजट आवंटित कर दिया गया, इसलिए उन पदों को खत्म किया है, जिन पदों की आज के समय में जरूरत नहीं है।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

### बोले- भाजपा नेता भ्रामक प्रचार करने में माहिर

सुक्खू ने कहा कि वर्तमान सरकार का दो साल का कार्यकाल पूरा होने से पहले 19 हजार पोस्टों को भरा है और तीन हजार पद भरे जा रहे हैं। कोर्ट केसों को निपटाया है। हमारी सरकार ने 19 हजार 103 पद भरने की शुरुआत की है। 5061 पद शिक्षा विभाग में सृजित किए। स्वास्थ्य विभाग में 2679, गृह विभाग में 1924, वन विभाग में 2266, 4486 पद जल शक्ति, 363 लोक निर्माण विभाग में भरे हैं। विपक्ष को भ्रामक प्रचार नहीं करना चाहिए। भाजपा इसमें माहिर है। वहीं, प्रधान सचिव वित्त देवेश कुमार ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, राज्यपाल के सचिव, विधानसभा सचिव और राज्य उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल को एक और पत्र भेजा है। इसमें कहा है कि केवल उन्हीं अनावश्यक पदों को समाप्त किया जाना है, जो सरकार के विभाग/संगठन में अब किसी काम के नहीं हैं। यदि आवश्यकता के अनुसार परिवर्तित नामकरण के साथ भी कोई और पद सृजित किया जाना है तो सामान्य तंत्र के माध्यम से पूर्ण प्रस्ताव तत्काल वित्त विभाग को भेजा जाए, ताकि बजट स्वीकृत किया जा सके।

### भाजपा सांसद भी ग्रीन बोनस की करें मांग

**मुख्यमंत्री** ने ग्रीन बोनस मामले पर कहा कि हिमाचल में हरे व सूखे पेड़ों के कटान पर पूरी तरह प्रतिबंध है। उन्होंने भाजपा सांसदों पर निशाना साधते हुए कहा कि उनका भी दायित्व है कि पत्र लिखकर सरकार से हिमाचल के लिए ग्रीन बोनस की मांग करें। वित्त आयोग को भी कुल कर का दो प्रतिशत जलवायु परिवर्तन और वन संरक्षण के लिए काम करने वाले राज्यों के लिए रखना चाहिए, इसलिए ग्रीन बोनस की मांग की है।

## अच्छा होता, अगर कैबिनेट रैंक के पद समाप्त किए होते : जयराम ठाकुर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश में एक अधिसूचना जारी होती है, फिर उसके ऊपर प्रतिक्रिया आती है। इसके बाद उसको बैकडेट में बदल दिया जाता है, ऐसी ही नोटिफिकेशन हिमाचल प्रदेश में नौकरियां समाप्त करने की हुई। नोटिफिकेशन 26 अक्तूबर की है, पर इस नोटिफिकेशन को 23 अक्तूबर की डेट में बनाया गया।

उन्होंने कहा कि अच्छा होता अगर कैबिनेट रैंक के पद समाप्त किए होते। उन्होंने कहा कि चेयरमैन और वाइस चेयरमैन की कोई पोस्ट नहीं है व कैबिनेट रैंक वापस लेने की जरूरत है। उप्रदेश में विचित्र परिस्थितियां चल रही हैं। व्यवस्था परिवर्तन के बजाए व्यवस्था पतन का कार्य चल रहा है।



शिमला में प्रेसवार्ता करते नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर।

**बोले- सुख की सरकार में नौजवानों का सब्र टूटा**

ऐसा हिमाचल के इतिहास में पहली बार हुआ है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

हिमाचल में पल-पल पलटू राम की सरकार चल रही है। अधिसूचनाओं पर लीपापोती कर ठीक करने का प्रयास लगातार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस ने 5 लाख नौकरियां, 1 साल में एक लाख नौकरियां और 65000 खाली पदों को भरने का वादा किया था, लेकिन 2 साल में एक भी नौकरी युवाओं को नहीं दी है। सुख की सरकार में नौजवानों का सब्र टूट गया है। कांग्रेस सरकार ने जो वादे किए थे, उसके विपरीत ही काम चल रहा है। हैरानी की बात यह है कि मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री मीडिया को पूरी बातें पढ़कर आने को कहते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि हिमाचल में दो ही लोग ज्ञान के भंडार हैं। हम निवेदन करेंगे कि मुख्यमंत्री जी आप पढ़कर आएं, पढ़ने का ज्ञान न दें।

## कुलगाम में सेना का वाहन पलटा, 1 की मौत, 13 जख्मी

एजेंसी, श्रीनगर

**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम जिले में सेना का वाहन पलट गया। इस हादसे में एक सैनिक की मौत हो गई, जबकि नौ जवानों सहित 13 अन्य लोग घायल हो गए।

अधिकारियों ने बताया कि घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। सेना की श्रीनगर स्थित 15 वीं कोर, जिसे चिनार कोर के नाम से भी जाना जाता है, ने बताया कि कुलगाम के डीएच पोरा इलाके में यह हादसा



शुक्रवार रात उस समय हुआ, जब जवान एक अभियान के लिए निकले थे। चिनार कोर ने कहा कि दुखद है कि एक सिपाही की जान चली गई, जबकि कुछ सैनिक घायल हो गए, जिन्हें अस्पताल पहुंचाया गया। सभी सैनिकों की हालत स्थिर है।

## इसराइल का ईरान पर हमला, 100 मिसाइलें दागीं

### फाइटर जेट्स से मिसाइल फैक्टरी, सैन्य अड्डे को बनाया निशाना, 20 ठिकाने किए तबाह

एजेंसी, तेहरान

**इसराइल** ने ईरान के हमलों के जवाब में 25 दिन बाद शनिवार सुबह 3 घंटे में 20 ठिकानों पर हमले किए गए। इनमें मिसाइल फैक्टरी और सैन्य अड्डे शामिल हैं। तेहरान के 'इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट' के पास भी हमला हुआ है।

इसराइल ने ईरान पर फाइटर जेट्स से 100 से ज्यादा मिसाइलें दागी हैं। हमले में एफ-35 का भी इस्तेमाल



किया गया। सीरिया में रडार ठिकानों पर इसराइल ने शुरुआती हमला किया। इसके बाद ईरान में एयर डिफेंस सिस्टम और रडार पर हमला किया गया। वहीं, हमले के बाद इसराइल, ईरान और इराक ने अपने एयरस्पेस बंद कर दिए हैं। अमेरिका ने कहा है कि ईरान पर इसराइल के हमलों से हिसाब बराबर हो चुका है और अब दोनों शत्रु देशों के बीच प्रत्यक्ष सैन्य हमले बंद होने चाहिए। ईरान ने हमले की पुष्टि की और कहा कि हमले तेहरान, कुजेस्तान और इलाम राज्यों में हुए। इनमें से कई हमलों को हवा में ही रोक दिया गया, इसलिए बहुत कम नुकसान हुआ। उधर, सऊदी अरब ने की ईरान पर इसराइली हमले की निंदा की है।

## आईटीआर फाइल करने की समयसीमा 15 नवंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने कॉरपोरेट्स के लिए इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करने की समय सीमा बढ़ा दी है। विभाग ने शनिवार को असेसमेंट वर्ष 2024-25 के लिए कॉरपोरेट्स की ओर से आयकर रिटर्न दाखिल करने की समय सीमा 15 दिन बढ़ाकर 15 नवंबर तक कर दी। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने कहा कि आकलन वर्ष 2024-25 (वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए कर रिटर्न प्रस्तुत करने के लिए) के लिए नई समय सीमा 15 नवंबर है।

## घर में लगातार 18 सीरीज जीतने के बाद हारा भारत




पुणे। न्यूजीलैंड की टीम ने पुणे टेस्ट जीतकर इतिहास रच दिया है। कीवी टीम ने भारत के खिलाफ इस जीत से तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की अजेय बढ़त ले ली है यानी एक मैच बाकी रहते ही सीरीज पर कब्जा कर लिया है। भारत 18 सीरीज के बाद घरेलू मैदानों पर कोई टेस्ट सीरीज हारा है। इससे पहले 12 साल से लगातार 18 सीरीज जीता था। (संबंधित समाचार खेल पेज पर)

## 'कोल्डप्ले', दिलजीत के 'कॉन्सर्ट' की टिकट बिक्री मामले में छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने ब्रिटिश रॉक बैंड 'कोल्डप्ले' और गायक एवं अभिनेता दिलजीत दोसांझ के 'दिल-लुमिनाटी' 'कॉन्सर्ट' (संगीत समारोहों) के टिकटों की 'कालाबाजारी' संबंधी धनशोधन जांच के सिलसिले में छापेमारी के बाद कथित अनियमितताओं का पता लगाया है। ईडी ने बताया कि शुक्रवार को पांच राज्यों दिल्ली, महाराष्ट्र (मुंबई), राजस्थान (जयपुर), कर्नाटक (बेंगलुरु) और पंजाब (चंडीगढ़) में 13 स्थानों पर छापे मारे गए।

## कांग्रेस ने जारी की 23 प्रत्याशियों की दूसरी लिस्ट

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव**

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की, जिसमें जालना से मौजूदा विधायक कैलाश गोरंट्याल और पार्टी नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा के नाम प्रमुख हैं।

कांग्रेस ने अपनी पहली सूची में 48 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। इस सूची के साथ कांग्रेस अब तक 71 उम्मीदवारों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा को मैदान में उतारा है। वह नागपुर जिले की सावनेर सीट से चुनाव लड़ेंगी।

### भाजपा की दूसरी लिस्ट में 22 नाम

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने शनिवार को अपनी दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 22 उम्मीदवारों के नाम हैं। पार्टी ने पहली लिस्ट में 99 उम्मीदवारों की घोषणा की थी। अब तक 121 प्रत्याशियों के नाम का ऐलान हो चुका है। पार्टी की दूसरी लिस्ट में केवल एक महिला उम्मीदवार है। नासिक मध्य से पार्टी ने देवयानी सुहास फरांदे को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट एसटी की 3 और एससी की 2 सीटें हैं।

### मोदी-शाह समेत 40 नेता होंगे स्टार प्रचारक

**भाजपा** ने महाराष्ट्र के स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। पीएम नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार करेंगे, तो स्टार प्रचारकों में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अश्विनी वैष्णव और शिवराज सिंह चौहान के भी नाम शामिल हैं। असम के सीएम हिमंत बिस्व सरमा और यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत 40 बड़े नेता महाराष्ट्र चुनाव में प्रचार करेंगे।

**मौसम** प्रदेश में लंबे ड्राई स्पेल की वजह से नौ शहरों का पारा 30 डिग्री पार, ऊना में सबसे अधिक 34 डिग्री

# हिमाचल में सर्दी के मौसम में गर्मी का रिकॉर्ड

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**हिमाचल** प्रदेश में सर्दी के मौसम में गर्मी रिकॉर्ड बना रही है। मौसम विज्ञानी इसके पीछे प्रदेश में लंबे समय से जारी ड्राई स्पेल को वजह बता रहे हैं। प्रदेश का अधिकतम तापमान सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा और न्यूनतम पारा भी 1.4 डिग्री सामान्य से अधिक हो गया है।

इससे पहले अक्तूबर माह के आखिरी सप्ताह में इतनी गर्मी कभी नहीं पड़ी। अमूमन पहाड़ों पर अक्तूबर के आखिरी सप्ताह में कड़ाके की ठंड पड़ती है, लेकिन इस बार दिन के वक्त खासकर मैदानी इलाकों में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। नौ शहरों का पारा 30 डिग्री पार चल रहा है।



शिमला का रिज। फाइल फोटो।


ऊना में शनिवार को अधिकतम तापमान 34.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। बिलासपुर में पारा 32.1, नेरी 31.5, सुंदरनगर 31.2, बजौरा, 31.1, धौलाकुआं 30.9 रहा। वहीं, चंबा, कांगड़ा और बरठीं में 30.5 रहा।

### 30 तक बारिश के कोई आसार नहीं

**मौसम** विभाग के अनुसार, अक्तूबर माह में इस बार सामान्य से 97 प्रतिशत कम बारिश हुई है। इससे तापमान में उछाल आया है। 30 अक्तूबर तक बारिश के आसार नहीं हैं।

### 6 जिलों में पानी की बूंद तक नहीं गिरी

**मौसम** विभाग के अनुसार, इस बार अक्तूबर माह में बारिश नहीं हुई। 6 जिलों बिलासपुर, चंबा, हमीरपुर, सोलन, सिरमौर व कुल्लू में एक बूंद भी नहीं बरसी। वहीं, कांगड़ा में मात्र 1.5 मिलीमीटर, किन्नौर में 0.4 मिलीमीटर, लाहौल-स्पीति में 0.1 मिलीमीटर, मंडी में 3.4 मिलीमीटर, शिमला में 0.2 मिलीमीटर, और ऊना में 8.6 मिलीमीटर बारिश हुई है।



अजय हेल्थकेयर ऊना

आपका स्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम गारंटीकृत छूट के साथ किफायती कीमतों पर दवाओं, शल्य चिकित्सा समाधानों और चिकित्सा उपकरणों की एक विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराने के लिए समर्पित हैं

दवाईयां

हमारी सेवाएं

निःशुल्क बीपी, शुगर ऑक्सीजन पल्स और शरीर के वजन की जांच

आपकी सुविधा के लिए 24x7 उपलब्धता

लचीले भुगतान विकल्प (ऑनलाइन या नकद डिलीवरी)

5 किलोमीटर के भीतर 500 रुपये से अधिक के ऑर्डर पर बिना किसी अतिरिक्त डिलीवरी शुल्क के होम डिलीवरी

इसके अतिरिक्त, हम प्रदान करते हैं आपकी स्वास्थ्य-लाभ आवश्यकताओं के लिए "फिजियोथेरेपी सेवाएं"।

Ajay Healthcare Team

L.G. Floor, Kamla Complex, Hamirpur Road
Una (H.P.) - 174303, Email: ajayhealthcare8@gmail.com

+91 7087432364+918699005364










सोलन जिला के ऐतिहासिक और पौराणिक धार्मिक स्थल पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं, जरूरत है इन धरोहरों को संजोए रखने की। इसमें मुख्य है सोलन के करोल पर्वत पर पांडव गुफा। मान्यता है कि इसे पांडवों ने अज्ञातवास के समय बनाया था। इसी तरह अर्की का महल और बनासर का किला भी पर्यटकों को आकर्षित करता है।




मंडी के तरौर में माहूंनाग मंदिर में पत्थर से निर्मित प्राचीन तुलसी चौरा। बता दें कि पहले कलात्मक तुलसी चौरे पत्थर से ही निर्मित किए जाते थे।





ऊना में आयोजित अंडर-19 खेलकूद प्रतियोगिता के समापन समारोह के दौरान प्रसिद्ध लोक नृत्य 'झमाकड़ा' पेश करती छात्राएं।



पुरानी मंडी में शीतला माता मंदिर में देवी की अदभुत प्रतिमा, जो सबको अपनी ओर आकर्षित कर रही है



डलहौजी। उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बनीखेत में खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया। बाल मेले में बच्चों ने फन गेम, कला व चित्रकला, कविता-वाचन, गीत, फैंसी ड्रेस कथा-वाचन पपेट शो, गुब्बारा मोडल और सांस्कृतिक गतिविधियों के अंतर्गत एकल गीत, एकल नृत्य प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया।



जिला मंडी के एकादश रुद्र मंदिर में किया गया मनमोहक श्रृंगार का अदभुत दृश्य।



जिला कुल्लू में अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव के दौरान विदेशी कलाकार कलाकेंद्र में पहाड़ी गीतों पर थिरकते हुए।




अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव की अंतिम सांस्कृतिक संध्या में कुल्लवी परिधान में सुसज्जित नन्हा कलाकार प्रस्तुति देता हुआ।



अंतरराष्ट्रीय दशहरा उत्सव में भगवान शिव ( बिजली महादेव) व उनके साथ माता पार्वती (चौंग माता) एक साथ विराजमान।

अब बेहतर इलाज के लिए हिमाचल के बाहर जाने की जरूरत नहीं।

CITY HOSPITAL

सिटी सुपरस्पेशलिटी अस्पताल के

वरिष्ठ विशेषज्ञों की ओपीडी /आईपीडी की सेवाएं अब कांगड़ा में उपलब्ध हैं। मटौर, घुरकरी खास, कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश)

Dr Rajeev Dogra
MBBS, MD, DNB-Gastro
(DIRECTOR)

Dr Ashish Garg
MBBS, MD-Radiodiagnosis
(DIRECTOR)

Dr Pradeep Makkar
MBBS, MD OBS & GYNAE
(DIRECTOR)

हम आपकी सेवा में तैयार हैं

Facilities / सुविधाएं

- Cardiology
- Neurosurgery
- Nephrology
- Orthopaedics
- Obstetrics & Gynecology
- Urology
- General Medicine
- Plastic, Reconstructive & Vascular Surgery
- Paediatrics
- Laparoscopic & General Surgery
- Gastroenterology
- Critical Care Medicine
- Interventional & Diagnostic Radiology
- Physiotherapy
- IVF Centre

Other Facilities / अन्य सुविधाएं

- आई.सी.यू / ICU
- सी.सी.यू / CCU
- एन.आई.सी.यू / NICU
- ई.ई.जी/टी.एम.टी /ई.सी.जी/इको EEG/TMT/ECG/ECHO
- कैथ लैब (Cathlab)
- फ़ाइब्रो स्कैन (Fibro Scan)
- डायलिसिस (Dialysis)
- सोनोग्राफ़ी (Sonography)
- Endoscopy/Colonoscopy
- MRI (1.5 Tesla )
- CT - Scan
- Ultrasound 3D/4D
- Dietitian & Nutrition

TPA / ECHS

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें

8091040556/9015400749/8647970000 www.citysuperspeciality.com
Mataur, Palampur Road, Opp. HP Petrol Pump, Kangra, HP 176001

24x7 Emergency, Laboratory, Pharmacy, Radiology Services

# जयसिंहपुर की 13 पंचायतों को 34 करोड़ से मिलेगा पेयजल : गोमा

## मंत्री ने अंद्रेटा में 45 लाख का वन विश्राम गृह लोगों को किया समर्पित

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने शनिवार को ब्लॉक पंचरुखी की ग्राम पंचायत अंद्रेटा में 45 लाख रुपए से निर्मित वन विभाग के विश्राम गृह का लोकार्पण किया। गोमा ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जयसिंहपुर विधानसभा क्षेत्र के पलम इलाके की 13 पंचायतों के लिए 34 करोड़ रुपए की लागत पेयजल योजना निर्मित की जा जा रही है। अगले वर्ष के अंत इस योजना के पूर्ण होने पर सलियाणा पंचायत से अगोजर और टिक्कर खोला तक कि 13 पंचायतों के हजारों लोगों को घर द्वार तक शुद्ध पेयजल उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सरकार मुख्य



ध्येय सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पंक्ति में बैठे अंतिम और जरूरतमन्द व्यक्ति तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दिशा-निर्देशों पर आज जयसिंहपुर हलके के अंद्रेटा गांव में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है ताकि लोगों की समस्याओं को समझने और जानने के बाद उसका समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री के रूप में जनकल्याण और जनहित के कार्यों को अपने सामर्थ्य से अधिक क्षमता से पूर्ण करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में जनमानस के लिये मूलभूत सुविधाओं और आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। गोमा ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं व्यख्यान करते हुए कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में सभी वर्गों के कल्याण को सुनिश्चित करने के लिये कई कल्याणकारी योजना चलाई गई हैं।

उन्होंने अंद्रेटा वासियों को विश्राम गृह की बधाई देते हुए कहा कि सलियाणा में भी 3 करोड़ की लागत से नया विश्राम गृह बनाया जा रहा है ताकि इस क्षेत्र के लोगों को सुविधा उपलब्ध हो सके। उन्होंने कहा कि पीएचसी पंचरुखी के भवन के कार्य के लिए 70 लाख जारी किएहैं। लोगों को आश्वस्त किया कि नया भवन बनने के उपरांत पीएचसी का दर्जा बढ़ाया जाएगा।




# हिमाचल बन रहा मस्जिद विरोधी हॉट स्पॉट

- पहाड़ी राज्य में नई सांप्रदायिक राजनीति ऐसे ले रही आकार
- हिंदुओं की आबादी 95.17 व मुसलमानों की 2.18 प्रतिशत

**शिमला के संजौली इलाके में एक मस्जिद के विस्तार को लेकर शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन तेजी से दूसरे जिलों में ऐसे फैलता गया, जिसे देखकर प्रतीत होता है कि अब हिमाचल मस्जिद विरोधी हॉटस्पॉट बन रहा है। प्रदेश में अब तक करीब आधा दर्जन मस्जिदें निशाने पर हैं। पर्यटकों के लिए अनुकूल यह शांत पहाड़ी राज्य अब सांप्रदायिक राजनीति की एक नई लहर का सामना कर रहा है जो इसकी पहचान को ही खतरे में डाल रही है।**

**शिमला** के कसुम्पटी में एक छोटी मस्जिद तिरपाल के नीचे सुनसान है इसके बाहर दो पुलिसकर्मी पहरा दे रहे हैं। अब यहां कोई नमाज पढ़ने की हिम्मत नहीं करता। पिछले महीने से हिंदू समूहों ने इसे गिराने के लिए अभियान चलाया हुआ है। यह हिमाचल प्रदेश में मस्जिद-विरोधी अभियान का हिस्सा है, जहां कई इमारतों को 'अवैध' करार दिया जा रहा है और उन पर 'बाहरी लोगों' को शरण देने का आरोप लगाया जा रहा है। हिमाचल के कुछ हिंदुओं में बेचैनी की एक नई तरह की राजनीति आकार ले रही है और मस्जिदें ही वह बिंदु हैं, जिसके इर्द-गिर्द हिंदू कट्टरपंथी समूह सक्रिय हो रहे हैं। कसुम्पटी में प्रदर्शनकारियों ने दावा किया कि एक घर को अवैध रूप से मस्जिद में तब्दील कर दिया गया और वहां 'संदिग्ध' लोग इकट्ठा हो रहे थे। विरोध प्रदर्शन शुरू होने के बाद 17 सितंबर को मस्जिद को सील कर दिया गया।

### क्या बोले-विहिप के सह-संयोजक मदन ठाकुर

**विश्व** हिंदू परिषद की देवभूमि संघर्ष समिति के सह-संयोजक मदन ठाकुर ने कहा, हम चाहते हैं कि हिमाचल प्रदेश मस्जिदों को निशाना बनाने और जगह वापस लेने का उदाहरण पेश करे। समिति 'अवैध' मस्जिदों को बंद करने के लिए समर्पित है। हमारे मंदिर ध्वस्त कर दिए गए, अब हम उनका पुनर्निर्माण कर रहे हैं। मुझे परवाह नहीं है कि आपकी संरचना को क्या तोड़ रहा है, बल्कि मुझे अपनी आस्था की परवाह है।

### क्या बोले-पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र सिंह पंवार

**शिमला** के पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र सिंह पंवार ने तर्क दिया कि हिंदू समूह वर्ग और आर्थिक मुद्दों को धार्मिक लड़ाई में बदल रहे हैं। कई स्थानीय लोग मुस्लिम मजदूरों को काम पर रखते हैं और उनके काम में 'गलतियों' को जिम्मेदार ठहराते हुए उन्हें पैसे देने से मना कर देते हैं। दुकान मालिक अपनी दुकानों के सामने मजदूरों को छोटी-छोटी जगह किराए पर देते हैं, लेकिन जब वह उनका काम चलने लगता है, तो उन्हें परेशानी होने लगती है. यह एक वर्ग का मुद्दा है, जिसे हिंदू संगठनों ने धार्मिक मुद्दे में बदल दिया है।

### 'बाहरी लोग' और मालिकाना हक

कसुम्पटी मस्जिद के बारे में कई सालों से अफवाहें उड़ रही हैं-नमाज अदा की जा रही है, जबकि आसपास कोई मुस्लिम परिवार नहीं रहता, रहस्यमयी लोग आते-जाते रहते हैं, लेकिन पिछले महीने विरोध प्रदर्शनों के बाद इसे बंद करने का मुख्य कारण मालिकाना हक का विवाद है। कुछ लोगों का आरोप है कि मस्जिद केंद्र सरकार की जमीन पर बनी है, जिसे एक मुस्लिम परिवार को पट्टे पर दिया गया था, जिसने इसे 1990 में बेच दिया था। उनका दावा है कि नए मालिक ने धीरे-धीरे घर को मस्जिद में बदल दिया।

### मुस्लिम समुदाय में विभाजन

जैसे-जैसे मस्जिद से जुड़े कुछ विवाद अदालत में पहुंच रहे हैं, मुस्लिम समुदाय में विभाजन दिखने लगा है। संजौली के हरे-भरे उपनगर में पुलिस ने पांच मंजिला मस्जिद की ओर जाने वाली संकरी, खड़ी सीढ़ियों पर बैरिकेड लगा दिए हैं। करीब पांच अधिकारी बैरिकेड पर पहरा दे रहे हैं और इलाके में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति पर नजर रख रहे हैं। एक और टीम मस्जिद के बाहर निगरानी रख रही है। इस पर विवाद 2010 से शुरू हुआ है, जब मस्जिद समिति ने खंभे बनाए और नगर निगम से नोटिस प्राप्त किया। हालांकि, उन्हें 2012 में वक्फ बोर्ड से अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) मिल गया था, लेकिन इमारत की योजना को कभी आधिकारिक तौर पर मंजूरी नहीं मिली। 2017 में और मंजिलें जोड़ी गईं, जो मौजूदा विवाद का मुख्य कारण बन गया।




### 'सनातन सब्जी वाला'

शिमला के मलयाणा इलाके में दुकानदार यशपाल सिंह की छोटी सी बिजली के सामान की दुकान है। उनका दावा है कि उन्होंने 30 अगस्त को दो व्यवसायियों के बीच झगड़े में बीच-बचाव करने की कोशिश की, लेकिन लाठी और रॉड से हमला किए जाने के बाद उनके सिर पर 19 टांके लगे। संजौली में हिंदू सब्जी और फल विक्रेताओं को 'सनातन सब्जी वाला' का साइनबोर्ड दिया जा रहा है। उन्होंने कहा, हम राज्य में इस बात पर नजर रख रहे हैं कि कहीं ऐसा जिहाद तो नहीं हो रहा है।

# राष्ट्रीय आंदोलन की प्रेरक नायिका थीं सुभद्रा कुमारी चौहान : प्रो. भट्टी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में इतिहास विभाग के सौजन्य से दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का समापन 26 अक्टूबर को विधिवत रूप से हुआ। इसमें मुख्यातिथि के रूप में पंजाबी विश्वविद्यालय पटियाला से सेवानिवृत्त प्रोफेसर और प्रसिद्ध इतिहासकार प्रोफेसर बलविंदर जीत कौर भट्टी उपस्थित रहीं, जबकि समापन सत्र के मुख्य बीजवक्ता के रूप में प्रोफेसर एसके चहल ( डीन फैकल्टी ऑफ़ सोशल साइंसेज, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय), विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर एसके बंसल सेवानिवृत्त प्राचार्य, प्रोफेसर कुलदीप अत्रि अध्यक्ष, प्रोफेसर डीपी वर्मा विशिष्ट



एचपीयू के क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में राष्ट्रीय कांफ्रेंस का समापन

अतिथि एवं प्रोफेसर कुलवंत राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

प्रोफेसर बलविंदर जीत कौर भट्टी ने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महिलाओं का अहम योगदान था। सुभद्रा कुमारी चौहान राष्ट्रीय आंदोलन की प्रेरक नायिका थीं, जिन्होंने राष्ट्र प्रेम और वीर रस की कविताओं से न केवल महिलाओं, बल्कि समस्त भारतीयों में राष्ट्रवाद की चेतना जागृत की। मुख्यातिथि ने राष्ट्रीय कांफ्रेंस का विषय महिलाओं के योगदान विषय पर आयोजित करने के लिए इतिहास विभाग की सराहना की। वहीं, बीजवक्ता प्रोफेसर एसके चहल ने भारत के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान करने वाली महान वीरांगनाओं और नेपथ्य नायिकाओं को स्मरण करते हुए महिलाओं के योगदान को प्रमुखता से उभारा। उन्होंने महिलाओं में सामाजिक चेतना जागृत करने में महान समाज सुधारिका ज्योतिबा फुले के जीवन परिचय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की।

# रेहलू सड़क पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** पूर्व ब्लॉक समिति चेयरमैन विजय कुमार ने शाहपुर के रेहलू रोड पर यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए उपमंडल अधिकारी शाहपुर करतार चंद को ज्ञापन सौंपा है। विजय ने इस बारे शाहपुर यातायात पुलिस से भी विनम्र अनुरोध किया है कि शाहपुर से रेहलू रोड जो रास्ता मिनी सचिवालय को भी जाता है, इस रास्ते पर बहुत सारी गाड़ियों की आवाजाही लगी रहती है। साथ में स्कूल भी हैं, उनकी ट्रैफिक व्यवस्था भी होती है और वहीं कुछ महानुभाव लोग इस रोड पर भीड़भाड़ वाले इलाके में अपनी गाड़ियां सुबह खड़ी कर जाते हैं और शाम 4 बजे के बाद ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि स्थानीय नागरिक और इस रास्ते पर आने जाने वाले राहगीर व अपने व्हीकल से आने जाने वालों के लिए हर रोज यह वाहन परेशानी का कारण बनते जा रहे हैं। विजय कुमार ने कहा कि पुलिस थाना प्रभारी से अनुरोध रहेगा कि इस रास्ते पर नजर रखें और नियमों का पालन करवाने की अनुकंपा करें, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### दियारा, सेरी व आसपास 29 को बिजली बंद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल चड़ी के सहायक अभियंता आशीष कुमार ने बताया कि 29 अक्तूबर को 33/11 केवी अदित फीडर के आवश्यक रख-रखाव और मरम्मत कार्य के चलते विद्युत उपमंडल चड़ी के अंतर्गत आने वाले गांव दियारा, चमियारा, सेरी, सेल, रवा, नौली तथा साथ लगी पंचायतों में विद्युत आपूर्ति प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### दो व्यक्तियों से 144.8 ग्राम हेरोइन की बरामद

**अनंत ज्ञान, इंदौरा।** पुलिस जिला नूरपुर के एसपी अशोक रत्न द्वारा नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत शनिवार देर शाम मोह टली रैंप में नाकाबंदी के दौरान नारकोटिक्स सेल द्वारा मोटरसाइकिल साइकिल दो व्यक्तियों से 144 .8 ग्राम हेरोइन पकड़ी है। पकड़े गए आरोपियों की पहचान सतनाम सिंह पुत्र चंद सिंह निवासी तहसील अटारी जिला अमृतसर तथा हरमनप्रीत सिंह पुत्र तरसेम सिंह निवासी तहसील अटारी जिला अमृतसर के तौर पर की गई है। इन दोनों आरोपीयों के खिलाफ थाना डमटाल में मादक पदार्थ अधिनियम 21/ 25 /29 के तहत मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है इसकी पुष्टि डीएसपी इंदौरा संजीव यादव ने करते हुए कहा कि यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।



### सकोह में मकान में अचानक लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला शहर के साथ लगते सकोह में एक मकान में आग लगने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार सकोह के अजय कुमार पुत्र छोटूराम के मकान में शनिवार को आग लग गई। आग की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड धर्मशाला की टीम करीब 1 बजे मौके पर पहुंची तथा आग को काबू में किया। हालांकि अभी आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। फायर ब्रिगेड के आग पर काबू पाने के चलते लाखों रुपए का नुकसान होने से बच गया। इस बारे में जानकारी देते हुए स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि आग की इस घटना में करीब पांच हजार का नुकसान हुआ है, जबकि समय रहते आग पर काबू पा लेने से दो घरों को होने वाले करीब 20 लाख रुपए के नुकसान को बचाया गया। कश्यप ने दिवाली के पर्व को लेकर लोगों से अपील की पटाखे चलाने के दौरान सावधानी रखें, ताकि जान तथा माल के नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि पटाखे चलाने के दौरान अभिभावक बच्चों पर नजर रखें, ताकि किसी भी संभावित नुकसान से बचा जा सके।

### दीक्षांत समारोह में छात्राओं ने दी रंगारंग प्रस्तुतियां

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (बड़ोह) सरोतरी में शनिवार को दीक्षांत समारोह हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि मोहिंद्र चौधरी (रिटायर्ड प्रिंसिपल) रहे। इस कार्यक्रम में राजकीय प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान की प्रिंसिपल वंदना कुमारी, पूरा स्टाफ़, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सरोतरी के प्रिंसिपल व गांव के गणमान्य मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने बहुत सुंदर प्रस्तुतियां दीं।



### आपस में मिलजुल कर रहने का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के दौरान शनिवार को पांचवें दिन स्वयंसेवियों को मुख्य वक्ता के रुप में मस्कट (ओमान) में व्यवसाय कर रहे जयसिंहपुर के निवासी रवि जग्गी ने बच्चों को अपने सम्बोधन के दौरान विदेश नीति के बारे में समझाया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किस तरह से हम विदेश में जाते हैं, पासपोर्ट का क्या महत्व है, वीजा क्या होता है। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को राष्ट्र के प्रति प्रेम भावना, सेवा भावना का संदेश दिया। इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को आपसी भाईचारा व आपस में मिलजुल कर रहने का भी संदेश दिया। एनएसएस प्रभारी हरीश भारद्वाज ने यह जानकारी दी कि शनिवार को स्वयंसेवियों ने स्थानीय बाजार में मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए धन जुटाया।

# बज्रेश्वरी होंडा शोरूम में पुरानी गाड़ी लाओ और नई ले जाओ



**आशीष दमीर, कांगड़ा**

बज्रेश्वरी होंडा कांगड़ा में मेला लगा है। शोरूम में नई गाड़ी लेने के लिए ग्राहकों के लिए गए नए-नए ऑफर दिए जा रहे हैं। शोरूम के मालिक समीर बस्सी ने जानकारी देते हुए बताया कि दिवाली के इस शुभ अवसर पर होंडा शोरूम वीरता कांगड़ा में ग्राहकों को जीरो परसेंट डाउन पेमेंट में व्हीकल के साथ इंश्योरेंस प्लस रजिस्ट्रेशन भी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शोरूम सीएसडी फैसिलिटी के साथ 14000 रुपए का डिस्काउंट भी दिया जा रहा है। वहीं, सीपीसी फैसिलिटी अप टू 5000 डिस्काउंट की सुविधा भी है। उन्होंने बताया कि इस लिए शो रूम में लोग पुरानी गाड़ी को देकर नई ले जाने के ऑफर का भरपूर फायदा ले रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# थुरल स्कूल में हुआ बाल मेला

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में 26 अक्तूबर को खंड स्तरीय बाल मेले का आयोजन किया गया, जिसमें क्लस्टर थुरल, बच्छवाई, डूहक, पुड़वा व गढ़ जमूला पांच क्लस्टर्स ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में थुरल स्कूल की समृद्धि प्रथम, जबकि द्वितीय राघव धीमान सिहोरवाला स्कूल रहा। एकल गायन में मूंढी की अन्नया प्रथम रही, जबकि बच्छवाई की तृषा द्वितीय रहीं। समूह गायन में प्रथम बच्छवाई स्कूल रहा, जबकि द्वितीय जरुंदी स्कूल रहा। साइंस प्रोजेक्ट में प्रथम ढाटी स्कूल, जबकि द्वितीय पुड़वा स्कूल रहा। टीएलएम में बच्छवाई स्कूल प्रथम, गढ़ जमूला स्कूलद्वितीय रहा। चेस लड़कों में मूंढी स्कूल का स्पर्श प्रथम रहा लड़कियों में भिल्ला की काजल प्रथम रही।

# हिमाचल पुलिस ने खोया काबिल अधिकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

पुलिस बटालियन बनगढ़ ऊना में तैनात 54 वर्षीय असिस्टेंट कंमाडेंट रामकर्ण राणा का शुक्रवार को लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। राम कर्ण राणा धर्मशाला के समीपवर्ती खनियारा गांव के रहने वाले थे। राणा ने चंबा, ऊना तथा कांगड़ा जिला के अलावा स्टेट विजीलेंस तथा बटालियन में सेवाएं दी हैं। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव खनियारा में राजकीय सम्मान के साथ किया गया। डीजीपी सिल्वर डिस्क अवॉर्ड से सम्मानित राणा जहां बहुत ही काबिल अफसर थे तो वहीं बहुत मृदुभाषी भी थे। यही कारण था कि जिस ने भी उनके निधन की खबर सुनी वो सन्न रह गया। राणा के परिवार में माता-पिता, पत्नी, दो बेटियां और एक बेटा हैं। पुलिस विभाग की ओर से कांगड़ा से द्वितीय आरक्षी वाहिनी सकोह धर्मशाला के कंमाडेंट डॉ. खुशहाल शर्मा, एएसपी बटालियन राजेश कुमार, एएसपी हितेश लखनपाल और अन्य पुलिस अधिकारियों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। पुलिस के स्टाफ के अलावा आम लोगों से भी मृतक अधिकारी के बहुत ही सौहार्दपूर्ण रिश्ते रहे हैं तथा यही कारण है कि उनको जानने वाले हरेक शख्स उनके देहांत से हतप्रभ तथा शोक संतप्त है। हिमाचल प्रदेश पुलिस एसोसिएशन ने राणा के निधन पर गहरा शोक जताते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।



असिस्टेंट कंमाडेंट रामकर्ण राणा की फाइल फोटो

# रेलवे विभाग के कर्मचारी की पानी की टंकी में डूबने से मौत

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** रेलवे विभाग में तैनात एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में मौत का समाचार प्राप्त हुआ है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 58 वर्षीय हिमाल चंद पंडोल रोड के रेलवे फाटक में तैनात था। परिजनों के मुताबिक बीते दिनों ही वह नई टंकी लेकर आया था, जिसे उसने घर के पास ही झाड़ियां में छुपाकर रखा था। रात के समय जब वह घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने पुलिस को सूचित किया। सुबह जब घर के आसपास देखा तो हिमाल चंद पानी की टंकी में मृतक अवस्था में पाया गया। पुलिस ने मामला दर्ज करके छानबीन आरंभ कर दी है।

# बज्रेश्वरी देवी मंदिर न्यास ने बैठक कर लिए अहम फैसले

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** बज्रेश्वरी देवी मंदिर न्यास की अहम बैठक मंदिर सहायक आयुक्त एसडीएम कांगड़ा इशांत जसवाल की अध्यक्षता की गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि माता श्री बज्रेश्वरी देवी मंदिर में इस बार लोहड़ी पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। निर्णय लिया गया कि 14 जनवरी को घृत पर्व के अवसर पर मंदिर परिसर में ही प्राचीन परंपरा के अनुसार जागरण एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जबकि अगले दिन 15 जनवरी को नगर परिषद मैदान में विशाल भजन संध्या का आयोजन होगा। इसमें प्रदेश के नामी कलाकार मां का गुणगान करेंगे। बैठक में निर्णय लिया गया कि जल्द ही मंदिर के सामने वाली सराय का निरीक्षण सरकारी टीम से करवाया जाएगा, ताकि इस मंदिर सराय को नए सिरे से बनाकर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए तैयार किया जा सके।

# रंगोली स्पर्धा में शायनी की टीम प्रथम

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

राजकीय महाविद्यालय मटौर के इको क्लब, रोवर रेंजर्स इकाई, एनएसएस इकाई और सांस्कृतिक समिति द्वारा पर्यावरण अनुकूल दिवाली विषय को लेकर रंगोली, लिखनू और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं का उद्देश्य इस दिवाली साज सजावट व रंगोली बनाने के लिए प्राकृतिक रंगों, फूलों, पत्तियों का उपयोग करने, प्लास्टिक का प्रयोग न करने, पारंपरिक मिट्टी के दीप जलाने, पटाखे न जलाकर हरी भरी दिवाली मनाने के लिए सभी को प्रेरित करना था।

रंगोली प्रतियोगिता में शायनी और शालिनी की टीम ने पहला, कशिश और ज्योतिका की टीम ने दूसरा, नैंसी और नीतिका की टीम ने तीसरा स्थान हासिल किया। अर्पिता, काजल और दीपक की टीम को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। लिखनू प्रतियोगिता में आंचल की टीम पहले, रेणु की टीम दूसरे, रिया की टीम तीसरे स्थान पर रही। पोस्टर मेकिंग में गीतांजलि ने पहला, पलक और साहिल ने दूसरा, प्रिया ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य ने भी अपनी विशेष उपस्तिथि दर्ज की व विद्यार्थियों को दिवाली के त्योहार को पर्यावरण अनुकूल मनाने, प्रेम, शांति, मिठास बांटने व रोशनी के त्योहार का भरपूर आनंद लेने का आवाह्न किया। इस अवसर पर समस्त शिक्षक व गैर शिक्षक वर्ग उपस्थित रहा।


# महिला से 12 लाख की ठगी

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत ठगी के आरोपों को लेकर मामला दर्ज किया गया है। बैजनाथ निवासी महिला ने आरोप लगाया कि कपिल नामक व्यक्ति ने सैमसंग और वन प्लस की फ्रेंचाइजी देने के नाम पर उससे 12 लाख की ठगी की है। मामले की जांच चल रही है। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच जारी है।

# बीड़ में चरस समेत 3 काबू

**बैजनाथ।** पुलिस थाना बीड़ के तहत चरस बरामद करने का मामला सामने आया है। पुलिस टीम जब गश्त पर थी तो मोड़ बिलिंग रोड पर मेघ राज, भाग सिंह व रोहित निवासी बड़ा भंगाल डाकघर बीड़ तहसील मुल्थान जिला कांगड़ा से 648 ग्राम चरस बरामद की गई। इस संदर्भ में एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना बीड़ में केस दर्ज किया गया है।

# आईटीआई बैजनाथ में दीक्षांत समारोह में नवाजे प्रशिक्षु



**बैजनाथ।** राजकीय आईटीआई बैजनाथ में शनिवार को तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान संस्थान प्रबंधन समिति अध्यक्ष राजकुमार कौड़ा तथा संस्थान प्रबंधन समिति सदस्य अमित शर्मा ने मुख्याथिति के रूप में भाग लिया। मुख्यातिथि ने वर्ष 2022-24,तथा 2023-24 के पासआउट प्रशिक्षणार्थिओं को एनटीसी सर्टिफिकेट प्रदान किए। मुख्यातिथि ने प्रथम व दूसरे स्थान पर रहे प्रशिक्षुओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। अंत में सभी आए हुए प्रशिक्षुओं को जलपान कराया गया।

## स्पोर्ट्स

### एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# फाइनल में डीएवी कांगड़ा ने मंडी कॉलेज को दी मात

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित किए जा रहे अंतर महाविद्यालय महिला बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा में हुआ। इसमें हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक, प्रोफेसर श्यामलाल कौशल ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बलजीत सिंह पटियाल ने मुख्य अतिथि को शॉल और टोपी पहना कर सम्मानित किया। डॉ. अनुपम शर्मा ने मुख्यातिथि एवं अन्य अतिथियों का औपचारिक स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि खेल हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग हैं। खेलों से शारीरिक और बौद्धिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा इस सफल आयोजन के लिए बधाई का पात्र है। गौरतलब है कि इस प्रतियोगिता में 14 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबला एमसीएम डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा और राजकीय महाविद्यालय मंडी के बीच खेला गया, जिसमें डीएवी महाविद्यालय कांगड़ा ने 24 स्कोर के अंतर से राजकीय महाविद्यालय मंडी को हराकर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। डीएवी कॉलेज कांगड़ा की छात्राओं ने 57 स्कोर बनाया, जबकि मंडी कॉलेज की छात्राएं 33 स्कोर ही कर पाईं।



## न्यूज ब्रीफ

### उत्कर्ष राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगा जूडो में प्रतिभा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरा नगर के छात्र ने राज्य जूडो प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसके साथ राज्य स्तरीय कुराश प्रतियोगिता में भी छात्र ने रजत पदक प्राप्त किया। छात्र का चयन अंडर-19 राष्ट्रीय स्तरीय की जूडो प्रतियोगिता जो कि लुधियाना में आयोजित की जाएगी। प्राचार्य शशि बाला ने छात्र एवं खेल अध्यापकों राकेश कुमार, सुनील कुमार व रेणु बाला को बधाई दी है।

### चौकी व आसपास गांवों में आज रहेगी बिजली बंद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-1 हमीरपुर में 27 अक्टूबर को 11 केवी फीडर कुठेड़ा की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव चौकी, टिब्बी, भुड, भड़मेली, नरेली, मुठान, धुनातर और आसपास के अन्य गांवों में बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सुनील कुमार ने इस दौरान क्षेत्र के उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### वाटर कूलर लगवाने पर विधायक सुरेश का जताया आभार



अनंत ज्ञान, भरेड़ी। उपमण्डल भोरंज के तहत वसीका नवीस जागरण सोसायटी के प्रधान किशोर चंद ने भोरंज ने तहसील परिसर में पानी का कूलर लगवाने पर भोरंज विधायक सुरेश कुमार का आभार व्यक्त किया है।

### हमीरपुर में भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती 29 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** गुजरात के बड़ोदरा में 117 पदों को भरने के लिए दिल्ली की प्रसिद्ध कंपनी इनोवेशन लिमिटेड 29 अक्टूबर को सैनिक विश्राम गृह हमीरपुर में भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी। जिला सैनिक कल्याण उपनिदेशक स्क्वड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इन पदों के लिए चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 31,500 रुपए मासिक वेतन, ईपीएफ, ईएसआईसी, आवास और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। उनके लिए महीने में 26 कार्य दिवस होंगे तथा ड्यूटी की अवधि 8 से 12 घंटे तक हो सकती है। भर्ती के संबंध में अधिक जानकारी के लिए सेवानिवृत्त कैप्टन बलवान सिंह के, सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल दलविंद्र सिंह और सेवानिवृत्त कर्नल कर्मवीर सिंह से संपर्क किया जा सकता है।

### हर गांव को पक्की सड़क से जोड़ना सरकार का लक्ष्य: पुष्पेंद्र



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्राम पंचायत अमरोह के तत्वाधान में चिगड गांव से छबोट के लिए सड़क निर्माण व उसको पक्का करने का कार्य का शुभारंभ हुआ। इस मौके पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व हमीरपुर विधानसभा से कांग्रेस के प्रत्याशी रहे डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने भूमि पूजन किया। इस मौके पर उन्होंने अपने संबोधन में ग्रामीणों से कहा के मुख्यमंत्री सुक्खू की सोच है कि प्रत्येक गांव को पक्की सड़क या एंबुलेंस मार्ग से जोड़कर वहां के ग्रामीणों की सुख सुविधा का ख्याल रखा जाए। इसी कड़ी में इस सड़क के लिए जब मुख्यमंत्री से मांग रखी तो उन्होंने तुरंत 42 लाख का बजट जारी किया, जिससे लिंक रोड बनाए। उन्होंने कहा कि लिंक रोड कुनाह चौकी को पूरा करने के लिए करीब साढ़े नौ लाख का बजट अमरोह पंचायत के अंतर्गत जारी करने के आदेश दिए। उसी के परिणाम स्वरूप आज हम इस सड़क के कार्य का भूमि पूजन करने पहुंचे। डॉ. वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से विकास कार्यों के लिए किसी भी तरह धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत प्रधान स्नेह लता, सेवानिवृत्ति कैप्टन विक्रम, पूर्व बीडीसी जिला कांग्रेस कमेटी के सचिव सिकंदर, संजय कुमार, पुरुषोत्तम गुलेरिया व अन्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### आईटीआई प्रशिक्षुओं को प्रमाण देकर किया सम्मानित

**एसके ठाकुर, बड़सर।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बणी के दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने शिरकत की। सुभाष ढटवालिया ने आईटीआई के प्रिंसिपल राजेश द्वारा रखी मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर ढटवालिया ने कहा की प्रदेश सरकार ने तकनीकी शिक्षण क्षेत्र में कई आयाम स्थापित कर रही है। कांग्रेस नेता ने कहा कि भाजपा के नेता झूठ की राजनीति में मशगूल हैं विकास करवाने में हमेशा नाकाम रहे हैं। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में बड़सर मुख्यालय में मिनी सचिवालय बनकर तैयार हो गया है जो कांग्रेस पार्टी की देन है बहुत जल्दी मुख्यमंत्री सुक्खू इसका लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम कि आखिर में उन्होंने पास आउट करने वाले स्टूडेंट स्मृति चिन्ह तथा प्रमाणपत्र देखकर सम्मानित किया। इस अवसर पर कांग्रेस महासचिव पवन कालिया, राजेश बन्याल, संजय शर्मा, प्रधान शैलजा बन्याल आदि उपस्थित रहे।



### बच्चों को नशों से दूर रहने के लिए किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल बीड़-बगेहड़ा में चल रहे सात दिवसीय एनएनएस कैंप के 5वें दिन आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र जंगलबैरी के इंचार्ज व हमीरपुर मेडिकल ऑफिसर एसोसिएसन के अध्यक्ष डॉक्टर सुरेंद्र सिंह डोगरा ने बच्चों को नशे और सामाजिक उत्थान के बारे जागरूक किया। एनएसएस ऑफिसर कृष्ण कुमार ने डॉ. सुरेंद्र सिंह डोगरा का स्कूल पहुंचने पर स्वागत किया। इस मौके पर हेल्थ सुपरवाइजर रवींद्रा देवी, हेल्थ वर्कर रुचि राणा, आशा वर्कर सुषमा और सौरव ठाकुर उपस्थित थे।



# राज्यपाल ने दिया विद्यार्थियों के समग्र विकास पर बल

## तकनीकी विश्वविद्यालय में आयोजित नेतृत्व विकास कार्यक्रम में हुए शामिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि शैक्षणिक व्यवस्था में मानवीय मूल्यों का समावेश और विद्यार्थियों का समग्र विकास सुनिश्चित करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष बल दिया गया है और इसके लिए कई प्रावधान भी किए गए हैं।

राज्यपाल शनिवार को हमीरपुर जिले के हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय में सार्वभौमिक मानवीय मूल्य पर एक दिवसीय नेतृत्व विकास कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षाविदों और संबंधित अधिकारियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की मूल भावना को समझते हुए इसके क्रियान्वयन की दिशा में कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में भारतीय मूल्यों को स्थापित करके ही देश और समाज के लिए आदर्श नेतृत्व विकसित किया जा सकता है। राज्यपाल ने कहा कि आज के दौर में रोजगारपरक शिक्षा भी जरूरी है, लेकिन नैतिकता और व्यावहारिकता में संतुलन बनाकर हम नई पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। नेतृत्व विकास कार्यक्रम के आयोजन के लिए हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा कि विद्यार्थियों में मानवीय मूल्यों को आत्मसात करवाने की दिशा में विश्वविद्यालय के ये सतत प्रयास अवश्य फलीभूत होंगे।



तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान उपस्थित राज्पाल व अन्य।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. शशि कुमार धीमान ने राज्यपाल का स्वागत किया तथा सार्वभौमिक मानव मूल्यों पर नेतृत्व विकास कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी दी। पंजाब तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रजनीश अरोड़ा ने वर्तमान दौर में सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता और शैक्षणिक व्यवस्था में इनके समावेश की आवश्यकताओं पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर, विश्वविद्यालय के विद्यार्थी प्रांजल शर्मा और अवनेश्वरी ने भी अपने अनुभव साझा किए। विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं पूर्व कुलपति, उपायुक्त हमीरपुर अमरजीत सिंह, पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर, तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव केडीएस कंवर, विभिन्न तकनीकी शिक्षा महाविद्यालय के अध्यक्ष, प्रधानाचार्य, अन्य अधिकारी तथा प्राध्यापक भी उपस्थित थे।

# खाली पद समाप्त करना युवाओं के भविष्य पर चोट: राजेंद्र राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ ऐसा छल इतिहास में पहले कभी नहीं देखा गया।



उन्होंने आरोप लगाया कि सुक्खू सरकार के दो साल के शासन में युवाओं को नौकरी देने की बजाय हजारों पदों को जान-बूझकर खाली रखा गया और अब इन पदों को समाप्त करने का निर्णय लेकर युवाओं के भविष्य पर गहरी चोट की है। उन्होंने कहा कि यह सरकार युवाओं के सपनों को कुचलने पर उतारू है। पहले से ही बेरोजगारी की मार झेल रहे प्रदेश के युवाओं का भविष्य अंधकार में धकेलने का काम सुक्खू सरकार कर रही है।

राणा ने कहा कि सुक्खू सरकार का हर फैसला युवा-विरोधी साबित हुआ है। विभिन्न भर्तियों के परिणामों को रोककर, सरकार ने युवा पीढ़ी को मानसिक और आर्थिक कष्ट झेलने पर मजबूर कर दिया। युवाओं को आश्वासन देने की बजाय सरकार ने बार-बार उनके सपनों को धोखा दिया है। जब युवा सड़कों पर उतरकर अपने हक की मांग कर रहे हैं और विपक्ष दबाव बना रहा है, तो सरकार अब केवल आंशिक रूप से परिणाम जारी करके मामले को ठंडा करने का प्रयास कर रही है।

उन्होंने सुक्खू सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह हिंदुस्तान की पहली ऐसी सरकार है जो वादाखिलाफी के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। सरकारी खजाने की लूट-खसोट करके इसे अपने चुनिंदा मित्रों में बांटने का खेल चल रहा है, जबकि युवा वर्ग अपने भविष्य को लेकर दर-दर की ठोकरें खा रहा है। प्रदेश का खजाना खाली हो गया है और इसके बावजूद सरकार की मित्र मंडली मौज में है। वहीं, हमारी युवा पीढ़ी खून के आंसू बहा रही है और रोजगार के लिए त्राहिमाम कर रही है।

राजेंद्र राणा ने चेतावनी दी कि युवाओं का बढ़ता आक्रोश सुक्खू सरकार की विदाई की पटकथा लिखेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति अब चुप नहीं बैठेगी और इस असंवेदनशील सरकार का बोरिया-बिस्तर बांधकर इसे सत्ता से बाहर का रास्ता दिखाएगी।

## हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन की हुई बैठक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

दी हमीरपुर उपभोक्ता संरक्षण संगठन जिला हमीरपुर की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम कालिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई तथा पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों की समीक्षा की तथा खेद प्रकट किया। राधा कृष्णनन मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में मरीजों के लिए पर्ची तो बन जाती है, परंतु वरिष्ठ नागरिकों को उपचार में अभी भी वरीयता प्रदान नहीं की जा रही है। वरिष्ठ नागरिकों में दिन-प्रतिदिन रोष पनप रहा है। संगठन ने मेडिकल प्रशासन से आग्रह किया है कि बुजुर्गों महिलाओं व दिव्यांगों को इलाज में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध करवाई जाए।



संगठन ने यह भी मांग की की सवाहल गांव के पास जो नाला है वहां पर पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान अभी तक नहीं किया गया है तथा दोपहिया वाहनों एवं पैदल चलने वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ता है। लोक निर्माण विभाग से अनुरोध है कि वह इस नाले के पानी की निकासी का स्थायी समाधान निकालने का प्रयत्न करें। संगठन के माननीय सदस्यों ने यह मांग रखी की पूर्व में पानी की गुणवत्ता की रिपोर्ट जो प्रयोग शालाओं से आती थी, उसकी प्रतियां जिला प्रधान व महासचिव को भेजी जाती थीं परंतु अब किसी कारण से यह भेजना बंद कर दी गई है। अधीक्षण अभियंता जल शक्ति विभाग हमीरपुर से आग्रह किया जाता है कि वह जिला हमीरपुर के सभी मंडलों की पानी की गुणवत्ता की रिपोर्टें पहले की भांति भेजना सुनिश्चित करें ताकि माननीय सदस्यों को अवगत करवाया जा सके।

## लाहड़, डुग्घा खुर्द और छत्तर में अवैध निर्माण पर टीसीपी के नोटिस

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकटवर्ती गांव लाहड़ एवं डुग्घा खुर्द और गांव छत्तर में नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन तथा अवैध निर्माण कार्यों का कड़ा संज्ञान लेते हुए विभाग के नियोजन अधिकारी ने तीन लोगों को नोटिस जारी किए हैं। इन नोटिस में नियोजन अधिकारी ने संबंधित लोगों को अवैध निर्माण को तुरंत रोकने तथा 15 दिन के भीतर साइट पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने की स्थिति में संबंधित लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम-1977 के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

## स्कूल में बच्चों का पंजीकरण बढ़ाने में करें सहयोग

**अनंत ज्ञान , भोरंज**

भोरंज उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुक्कड़ में सामुदायिक सहभागिता बढ़ाने के लिए प्रधानाचार्य देशराज कमल की अध्यक्षता में शनिवार को बैठक हुई, जिसमें सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य सुभाष कपिल बतौर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। कपिल द्वारा भुक्कड़ स्कूल को गोद लेने पर सभी सदस्यों ने सराहना की तथा सहयोग की उम्मीद जताई।



बैठक में उपस्थित प्रधानाचार्य देशराज कमल व अन्य।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने कहा कि स्कूल के विकास के लिए ग्रामीणों का सहयोग बहुत जरूरी है। इसके लिए शिक्षा विभाग ने समुदाय को शिक्षण संस्थानों से जोड़ने को प्राथमिकता दी है। उन्होंने कहा कि बच्चे खेलकूद व अन्य गतिविधियों में स्कूल का नाम राज्य स्तर पर रोशन कर रहे हैं, जो कि स्कूल व क्षेत्र के लिए गौरव की बात है।

इस दौरान कपिल ने कहा कि स्कूलों के विकास के लिए सामुदाय की सहभागिता बहुत जरूरी है। स्थानीय लोगों के स्कूल के साथ जुड़ने से स्कूलों का विकास होगा तथा बच्चों की संख्या में भी वृद्धि होगी। इस दौरान स्कूल कलस्टर अध्यक्ष रेखा रानी, सदस्य चंपा देवी, सुषमा देवी, रक्षा देवी, चमल लाल, मिनीक्षी, कल्पना कुमार स्वास्थ्य महिला कार्याकर्ता, रंजना कुमारी, सीएचओ अमीता देवी आशा वर्कर, नरेंद्र शर्मा, चमन लाल, प्रवक्ता मणी राम शर्मा, पवन रांगड़ा, प्रीतम चंद, सीमा कुमारी व अन्य उपस्थित रहे।

# लड़कों में ऊना और लड़कियों में मंडी ने जीती ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राज्य स्तरीय अंडर-14 एथलेटिक्स प्रतियोगिता शनिवार को अणु के सिंथेटिक ट्रैक ग्राउंड में संपन्न हो गई। समापन अवसर पर पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में भाग लिया तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलों का बहुत ज्यादा महत्व है। खेलों के माध्यम से विद्यार्थी शारीरिक और मानसिक रूप से फिट रहते हैं और उनमें कई गुण विकसित होते हैं। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक अशोक कुमार ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर के प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने भी नन्हें एथलीटों को प्रोत्साहित किया। समारोह में डिप्टी डीईओ ओंकार भाटिया, प्रधानाचार्य विपिन माहिल, राकेश वर्मा, राजेश चंद्र, तेज सिंह, नरेश ठाकुर, भूपेंद्र ठाकुर, प्रवक्ता प्रवीण कुमार, कमलेश कुमार और प्रदेश के विभिन्न जिलों के शारीरिक शिक्षक भी उपस्थित रहे। छात्रों की एथलेटिक्स ट्रॉफी जिला ऊना ने जीती, जबकि हमीरपुर दूसरे और सिरमौर तीसरे स्थान पर रहा।



छात्राओं के वर्ग में मंडी पहले, हमीरपुर दूसरे और सिरमौर तीसरे स्थान पर रहा। लड़कों में ऊना के वीर नाहर और लड़कियों में सोनल ठाकुर को सर्वश्रेष्ठ एथलीट घोषित किया गया। अंतिम दिन हुए मुकाबलों में 100 मीटर दौड़ में वीर नाहर पहले, युवम जोशी दूसरे और सक्षम सिंह तीसरे स्थान पर रहा। लड़कियों में खुशी प्रिया पहले, कनिष्का दूसरे और राधा तीसरे स्थान पर रही। 400 मीटर दौड़ में सोनल ठाकुर पहले, खुशी दूसरे और मनीता तीसरे स्थान पर रही। हाईजंप में शिवानी, कशिश और आरुषि क्रमशः पहले, दूसरे और तीसरे स्थान पर रही।

# एनआईटी हमीरपुर का 15वां दीक्षांत समारोह 28 को



पत्रकार वार्ता के दौरान निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी व अन्य।

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर संस्थान द्वारा 15वें वार्षिक दीक्षांत समारोह का आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए तैयारियां पूरी कर ली है। शनिवार दोपहर एक बजे एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि एनआईटी दीक्षात समारोह 28 अक्तूबर को आयोजित किया जाएगा, जिसमें डॉ. सुदता कर उपाध्यक्ष एवं प्रमुख अभियांत्रिकी केपजैमिनी इंजीनियरिंग इंडिया समारोह की मुख्यातिथि होंगी व अजय कुमार शर्मा निदेशक कार्मिक एसजेबीएनएल लिमिटेड विशिष्ट अतिथि रहेंगे।

प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने बताया कि इस दीक्षांत समारोह में 1498 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी। संस्थान विभिन्न यूजी और पीजी कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन और विशिष्ट उपलब्धियों के लिए मेधावी छात्रों को एक निदेशक पदक, 37 स्वर्ण पदक, 12 रजत पदक और 12 कांस्य पदक भी प्रदान करेगा। इस वर्ष सर्वश्रेष्ठ ऑल-राउंड प्रदर्शन के लिए निदेशक पदक वास्तुकला विभाग की विशालिनी वी को प्रदान किया जाएगा।

युवाओं के बीच हमारी संस्कृति को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए दीक्षांत समारोह के दिन ड्रेस कोड सफेद रंग का कुर्ता-पायजामा और छात्राओं के लिए सफेद सलवार-कमीज शामिल है। ऑडिटोरियम में पंजीकरण काउंटर पर डिग्री प्राप्तकर्ताओं को जैकेट, हिमाचली टोपी और मफलर प्रदान किया जाएगा। डिग्री प्राप्तकर्ताओं को संस्थान के छात्रावासों (पुरुष उम्मीदवारों के लिए हिमाद्री बॉयज हॉस्टल और महिला उम्मीदवारों के लिए अंबिका-सतपुड़ा गर्ल्स हॉस्टल) में ठहराया जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्थान ज्यादा से ज्यादा उन्नति हो तो इसके लिए 11 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट चले हुए हैं और आईटी क्षेत्र का बड़ा प्रोजेक्ट भी चल रहा है। इसके साथ ही कंप्यूटर सांइस का भी दो करोड़ का प्रोजेक्ट मिला है। (अनंत ज्ञान)

## दिवाली के दौरान अलर्ट पर रहेंगी दमकल टीमें

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** दिवाली के पर्व के दौरान आग की घटनाओं की आशंका को देखते हुए अग्निशमन विभाग ने विशेष प्रबंध किए हैं तथा अग्निशमन कर्मचारियों को 24 घंटे अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। होम गार्ड की दसवीं वाहिनी हमीरपुर के कमांडेंट विनय कुमार (सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कमांडर) ने बताया कि दिवाली के मद्देनजर 26 से 31 अक्तूबर तक हमीरपुर में एक मुख्य नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहेगा। उन्होंने कहा कि आग की घटना की सूचना टोल फ्री नंबर 101 के अलावा इस मुख्य नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों 01972-222533 और 85809-20569 पर दी जा सकती है। इसके अलावा दमकल चैकी सुजानपुर के दूरभाष नंबरों 01972-272833 और 82195-08595, दमकल चैकी बिझड़ी के नंबर 01972-283101 और 94591-34899, दमकल चैकी भोरंज के नंबर 01972-266101 और 98176-32464 पर भी संपर्क किया जा सकता है।

## करियर प्वाइंट विवि मोटे अनाज के उत्पादन के बारे में करेगा जागरूक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. संजीव शर्मा ने बताया कि विवि 26 से 28 अक्तूबर को तीन दिवसीय करियर मिलेट और अमलेटस उत्पादों पर जागरूकता प्रशिक्षण करने जा रहे है। यह कार्यक्रम भारतीय मिलेटस अनुसंधान संस्थान हैदराबाद व इंडिया मिलेटस इनिशिएटिव नई दिल्ली के साथ मिलकर कर रहे है। इसी कार्यक्रम के दौरान विश्वविद्यालय के परिसर में मिलेट कैफे एंड स्टोर का भी उद्घाटन मुख्यातिथि डॉ. राजेंद्र प्रसाद केंद्रीय कृषि दौरान विवि पूला-बिहार के चांसलर व प्रो. पीएल गौतम जो विश्वविद्यालय के चांसलर करेंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा मोटा अनाज-मिलेटस को किसानों के खेतों और प्रत्येक नागरिक की प्लेट तक लाने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। आने वाले दस वर्षों में उत्पादकता बढ़ाने से लेकर उच्च गुणवत्ता के बीज, तकनीकि के साथ-साथ प्रसंस्कृत पदार्थों को भारत एवं विदेशों के विपणन संबंधी सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को मिलेटस के पोषण संबंधी लाभों, टिकाऊ कृषि में उनकी भूमिका के बारे में शिक्षित करना है।



# आंगनबाड़ी पदों के लिए आवेदन 20 तक

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

बाल विकास परियोजना हमीरपुर के अंतर्गत 8 आंगनबाड़ी केंद्रों में खाली पड़े 8 पदों को भरने के लिए पात्र महिलाओं से 20 नवंबर तक बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) कार्यालय हमीरपुर में सादे कागज पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इन पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 3 और सहायिका के 5 पद शामिल हैं।

सीडीपीओ संजय गर्ग ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र मोहीं-5, कुसवाड़ और नगर परिषद क्षेत्र हमीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 3-सी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का एक-एक पद भरा जाएगा। इसी प्रकार आंगनबाड़ी केंद्र दड़ूही-1, भटेरड़, नगर परिषद क्षेत्र हमीरपुर के आंगनबाड़ी केंद्र 2-ए, घुमारड़ा और मुठान में आंगनबाड़ी सहायिका का एक-एक पद भरा जाएगा। आवेदक महिला की आयु 18 से 35 वर्ष तक और शैक्षणिक योग्यता कम से कम बारहवीं पास होनी चाहिए तथा उसका नाम संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र के परिवार सर्वेक्षण रजिस्टर में दर्ज होना चाहिए।

अभ्यर्थी के परिवार की समस्त स्त्रोतों से वार्षिक आय 50 हजार रुपए से अधिक न हो तथा उसका आय प्रमाण पत्र कार्यकारी दंडाधिकारी द्वारा जारी किया गया हो। इच्छुक उम्मीदवार सादे कागज पर अपना आवेदन अपने पूर्ण विवरण एवं सभी आवश्यक दस्तावेजों एवं प्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां संलग्न करके 20 नवंबर को सायं 5 बजे तक सीडीपीओ कार्यालय हमीरपुर में जमा करवा सकती हैं। उम्मीदवारों के साक्षात्कार 25 नवंबर को सुबह 10 बजे एसडीएम कार्यालय हमीरपुर में आरंभ होंगे।

**अतिक्रमण** सड़क किनारे सामान रखने से लोगों को हो रही परेशानी

# संकरी सड़कों पर अतिक्रमण बन सकता है हादसों का कारण

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

ग्रामीण क्षेत्र की संकरी सड़कों पर बढ़ रहे अतिक्रमण के कारण कब किसी के साथ कोई बड़ा हादसा हो जाए यह कहा नहीं जा सकता। ऐसे में संकरी सड़कों पर हुए अतिक्रमण से कौन निजात दिलाए यह सवाल अब आमजन मानस भी कर रहा है। शहर तो शहर अब ग्रामीण इलाके की सड़कों पर भी अतिक्रमणकारी बेखौफ अंजाम दे रहे है।



मामला जिला हमीरपुर के बड़सर लोक निर्माण विभाग के आधीन आने वाली बिझड़ी घोड़ी-धबीरी सड़क से जुड़ा हुआ है। पूरी तरह से संकरी व तीखे मोड़ों वाली इस सड़क पर धन्ना सेठ सड़क पर अतिक्रमण करके बैठे हुए हैं। इन धन्ना सेठों की माल ढोने की गाड़ियां निरंतर खड़ी रहती है। एक तरफ सड़क पर अतिक्रमण कर लोहे के बड़े-बड़े एंगल व अन्य भारी सामान सजाया हुआ है। दूसरा तीखा मोड़ होने के चलते यहां निरंतर दुर्घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है। हैरानी इस बात की है कि बिझड़ी के महादेव चौक पर बनी यह स्थिति आज दिन तक किसी भी अधिकारी को नजर नहीं आई है, जबकि लोक निर्माण के संबंधित अधिकारी रोजाना इसी मार्ग से सफर करते हैं।

स्थानीय लोग व वाहन चालक बताते है कि यहां सड़क पर अतिक्रमण कर रखा लोहे के सामान से कई बार उन्हें बड़ी परेशानियों से जूझना पड़ रहा है, लेकिन धन्ना सेठों की मनमानी के आगे पंगू बनी नौकरशाही उन्हें अतिक्रमण से रोजाना होने वाली परेशानियों से निजात नहीं दिला पाई है। आलम यह है कि उक्त स्थान पर एक तो तीखा मोड़ है और दूसरा धन्ना सेठों ने अतिक्रमण करते हुए लोहे का सामान रखा हुआ है। ऐसे मे यहां कभी भी कोई बड़ी दुर्घटना पेश आ सकती है। उक्त स्थान पर अतिक्रमण का यह नया मामला नहीं है, क्षेत्र की अन्य सड़कों पर हुए अतिक्रमण को लेकर भी लोक निर्माण विभाग आंखें मूंदे बैठा हुआ है। बिझड़ी महादेव चौक पर जिस तरह की व्यवस्था बनी हुई है, वह विभागीय लापरवाही की सरेआम पोल खोल रही है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता

**इस** बारे में लोक निर्माण विभाग सब-डिवीजन बिझड़ी के सहायक अभियंता सुरेश कौंडल ने कहा कि अतिक्रमण के बारे में विभाग के ध्यानार्थ नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी ने सड़क के साथ सटाकर लोहे का सामान रखा हुआ है तो संबंधित जगह का मौका देखकर समस्या का हल करवाने का प्रयास किया जाएगा।

## भाषण प्रतियोगिता में हमीरपुर शतरंज में शिमला रहा प्रथम

**नादौन।** 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की 39वीं राज्य स्तरीय सांस्कृतिक व खेलकूद प्रतियोगिता का समापन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ब्वॉयज नादौन में हुआ। इस प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यातिथि हिमाचल प्रदेश स्कूली क्रीड़ा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर रहे। इस प्रतियोगिता में लगभग 764 छात्रों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का हुनर दिखाए। भाषण प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर प्रथम, शिमला दूसरे स्थान पर रहा जिला किन्नौर तीसरे स्थान पर रहा, कंठ संगीत में सोलन और मंडी प्रथम स्थान पर रहा, जिला किन्नौर दूसरे स्थान, बिलासपुर तीसरे स्थान पर रहा। शास्त्रीय संगीत सिरमौर प्रथम, कांगड़ा दूसरे व मंडी तीसरे स्थान पर रहा। समूह गान मंडी प्रथम, हमीरपुर दूसरे व सिरमौर तीसरे स्थान पर रहा। एकांकी में हमीरपुर प्रथम, सिरमौर दूसरे व शिमला तीसरे स्थान पर रहा। शतरंज में जिला शिमला प्रथम, हमीरपुर दूसरे व बिलासपुर तीसरे स्थान पर रहा।



## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांश ने भारोत्तोलन में जीता कांस्य पदक



**आदर्श, नेरचौक।** अंडर 19 छात्रों की राज्यस्तरीय मेजर खेलकूद प्रतियोगिता रावमा पाठशाला (बाल) सुंदरनगर में आयोजित हुई, जिसमें रावमा पाठशाला राजगढ़ के दिव्यांश ने भारोत्तोलन में कांस्य पदक प्राप्त कर अपना तथा अपने स्कूल का नाम रोशन किया। खिलाड़ी दिव्यांश का स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य डॉ. अभिलाषा सेन, स्कूल स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति और बच्चों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। प्रधानाचार्या अभिलाषा सेन ने इस उपलब्धि के लिए स्कूल के शारीरिक शिक्षक हेम सिंह तथा कोच रोशन भारती को बधाई दी तथा भविष्य में इसी तरह कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### भराड़ी स्कूल में सजा दो दिवसीय बाल मेला



**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** जिला मंडी की राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराड़ी में शिक्षा खंड धर्मपुर प्रथम का खंड स्तरीय बाल मेला आयोजित किया जा रहा है। इस बाल मेले में शिक्षा खंड धर्मपुर प्रथम के 13 प्रारंभिक क्लस्टर के 220 के लगभग विद्यार्थी तथा दो सेकेंडरी क्लस्टर के लगभग 40 विद्यार्थी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रधानाचार्य भोला दत्त कश्यप मुख्यातिथि रहे व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया, वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी महाजन सिंह ने की और बाल मेले में आए हुए सभी स्कूलों के अध्यापकों, विद्यार्थियों का स्वागत किया।

### तनिशा शर्मा संभालेगी सीएससीए की कमान

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन कालेज धर्मपुर में केंद्रीय छात्र संगठन का शपथ समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन संयोजक वरिष्ठ प्रो. रमेश शर्मा ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. रमेश धलारिया ने की तथा मनोनीत सीएससीए के सदस्यों को पद तथा गोपनीयता की शपथ दिलाई। मनोनीत पदाधिकारियों में तनिशा शर्मा प्रधान कला संकाय तृतीय वर्ष, अंकुश ठाकुर उपप्रधान विज्ञान संकाय तृतीय वर्ष, सचिव तम्मन्ना ठाकुर विज्ञान संकाय द्वितीय वर्ष और सहसचिव अरूण ठाकुर, वाणिज्य संकाय प्रथम वर्ष। इसके बाद उन्होंने कक्षा प्रतिनिधियों तथा विभिन्न क्लबों जिनमें रोवर्स एंड रेंजर्स, एनसीसी, एन.एस.एस, रेडक्रास,खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के सदस्यों को शपथ दिलाई।

### आईटीआई मंडी में तीसरा दीक्षांत समारोह संपन्न



**अनंत ज्ञान, मंडी।** आईटीआई मंडी में तीसरा दीक्षांत समारोह आयोजित किया गया जिसमें बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस नेत्री और जिला परिषद सदस्य चंपा ठाकुर ने शिरकत की आईटीआई प्रबंधन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत शौल टोपी तथा स्मृति चिन्ह देकर किया गया। इस दौरान चंपा ठाकुर ने समस्त आईटीआई पास आउट होने जा रहे बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आईटीआई एक ऐसा संस्थान है जहां से जो बच्चे ट्रेनिंग करके जाते हैं उन्हें नौकरी के लिए ज्यादा भटकना नहीं पड़ता क्योंकि आईटीआई में रोजगार प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने कौशल से स्वरोजगार शुरू करते है और अन्य लोगों को भी रोजगार उपलब्ध करवाते है।

### बरोट में आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट में खंड चिकित्सा अधिकारी पधर के माध्यम से आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञों एवं चिकित्सों द्वारा उपस्थित लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। साथ ही क्षय रोग के फैलने के कारणों एवं बचाव बारे भी लोगों को जागरूक किया गया। शिविर में कुल 144 लोगों की स्वास्थ्य जांच की गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए बीएमओ पधर डॉ. संजय गुप्ता ने बताया कि आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरोट में आयुष्मान आरोग्य शिविर का आयोजन किया गया।

### सीमा कॉलेज में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का समापन



**दशमी रावत, रोहडू।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीमा में आयोजित चार दिवसीय इंटर कॉलेज वॉलीबॉल (पुरुष ) प्रतियोगिता का समापन समारोह बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डायरेक्टर ऑफ हायर एजुकेशन डॉ. अमरजीत सिंह मौजूद रहे। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ललिता रावत व महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ललिता रावत ने प्रशंसा की। क्वार्टर फाइनल में हुए मुकाबलों में महाविद्यालय सन्धोल ने ऊना को 3-2 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। संजौली ने हमीरपुर को 3-1 से हराया, महाविद्यालय सीमा ने सुंदरनगर को 3-0 से मात देकर सेमीफाइनल में जगह बनाई, और चौथे क्वाटर फाइनल में मंडी ने रामपुर को 3-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले सेमीफाइनल मैच में महाविद्यालय सीमा ने मंडी को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई! जबकि दूसरे सेमीफाइनल मैच में सन्धोल ने संजौली को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया। तीसरे स्थान के लिए हुए मुकाबलें में मंडी ने संजौली को 3-0 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। इस प्रतियोगिता के फाइनल मैच में सन्धोल ने सीमा को 3-2 से हराकर प्रतियोगिता को अपने नाम किया। (अनंत ज्ञान)

### मंडलायुक्त विनोद ने जिला खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के विजेता किए पुरस्कृत, कहा-

# राइफल-पिस्टल शूटिंग को बनाया जाए अंतर जिला प्रतियोगिता का हिस्सा

**अनंत ज्ञान, चंबा**

मंडलायुक्त विनोद कुमार ने कहा कि जीवन में शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिहाज से खेलों का महत्व बहुत अधिक है। नागरिक सेवाओं में कार्यरत अधिकारियों-कर्मचारियों के पेशेवर जीवन में खेल गतिविधियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि मानसिक तनाव को कम करने के साथ खेलें टीम भावना को भी मजबूत बनाती हैं । जिससे कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण बनता है।

वह आज चंबा के ऐतिहासिक चौगान में हिमाचल प्रदेश, उपायुक्त कार्यालय के कर्मचारियों की 11 वीं राज्य स्तरीय अंतर ज़िला खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए बोल रहे थे। इस दौरान उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। अपने संबोधन में मंडलायुक्त ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए राइफल-पिस्टल शूटिंग प्रतिस्पर्धाओं एवं अन्य खेल गतिविधियों को भी प्रतियोगिता का हिस्सा बनाने का सुझाव दिया । साथ में उन्होंने उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ को अप्रैल माह के दौरान अंतर जिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन करने को कहा।



विजेताओं को सम्मानित करने के दौरान मंडलायुक्त विनोद कुमार व उपायुक्त।

मण्डलायुक्त ने इस दौरान प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार स्वरूप ट्रॉफियां प्रदान की। मंडलायुक्त विनोद कुमार को इससे पहले राज्य एवं ज़िला उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने शाल-टोपी एवं चंबा की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त उत्कृष्ट धातु शिल्प कलाकृति 'चंबा थाल' भेंट कर सम्मानित किया ।

उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने प्रतियोगिता के दौरान विभिन्न खेल प्रतिस्पर्धाओं में अपनी टीम का नेतृत्व किया तथा बैडमिंटन प्रतियोगिता के एकल वर्ग में उपविजेता रहे। प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों से उपायुक्त कार्यालय के 450 के करीब प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान क्रिकेट, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, कबड्डी, टेबल-टेनिस, एथलेटिक्स, सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया ।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त ज़िला दंडाधिकारी अमित मैहरा, सहायक आयुक्त पीपी सिंह, सहायक आयुक्त कुल्लू शशि पाल नेगी, एसडीएम प्रियांशु खाती सहित हिमाचल प्रदेश उपायुक्त कार्यालय कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष लोकेंद्र चौहान, कार्यकारी अध्यक्ष प्रवीण कुमार मेहता, महासचिव सुदेश तोमर, राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के संयोजक जोगिंद्रपाल, प्रेस सचिव सुशील कुमार उपस्थित रहे ।

## लोगों को आयुष्मान भारत कार्ड व टीकाकरण पर दी जानकारी





जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, चंबा**

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो हमीरपुर द्वारा 2 दिवसीय भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं व स्वच्छता ही सेवा पर जागरूकता कार्यक्रम के समापन पर जागरूकता शिविर का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला तीसा जिला चंबा हिमाचल प्रदेश में किया गया।

इस जागरूकता शिविर की अध्यक्षता कृष्णा महाजन प्रधान ग्राम पंचायत तीसा जिला चंबा ने की इस जागरूकता शिविर में उपस्थित स्कूल के छात्र-छात्राओं को विकास खंड से आए हुए पंचायत इंस्पेक्टर टेक चंद ने प्रधानमंत्री आवास योजना व स्वच्छ भारत मिशन व मनरेगा बाल विकास विभाग से आए हुए राजकुमार ब्लॉक कोऑर्डिनेटर ने पोषण अभियान व प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व स्वास्थ्य विभाग से आए हुए मनीष कुमार ने आयुष्मान भारत कार्ड व देवेंद्र गुप्ता एमएचएस ने टीकाकरण के बारे में संपूर्ण जानकारी दी।

इसके साथ मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में उपस्थित छात्र-छात्राओं से आग्रह किया है कि इस शिविर में जो जानकारी आप लोगों को दी गई है उसे अपने तक सीमित न रखें बल्कि दूसरों को भी इसके बारे में अवगत करवाये भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का हम सभी को लाभ लेना चाहिए।

छात्र-छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जागरूकता करते हुए कहा है कि अगर हम लोग स्वच्छता को अपनाते हैं और अपने आसपास साफ-सफाई रखते हैं तो हम अनेक प्रकार की बीमारियों से बचे रहते हैं अगर सफाई नहीं रखेंगे तो हम बीमार हो जाएंगे इससे हमें आर्थिक हानि होती है ।

## पटाखे बेचने के लिए डलहौजी प्रशासन ने जारी किए निर्देश

**मुकेश कुमार, डलहौजी**



अनिल भारद्वाज

उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने क्षेत्र के तमाम बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले इलाकों में दिवाली के त्यौहार को लेकर पटाखे वह अन्य ज्वलनशील पदार्थों की बिक्री से आगजनी की घटनाओं की संभावनाओं के मध्य नजर उपमंडल डलहौजी के सदर बाजार, गांधी चौक बस अड्डा, बनीखेत बाजार बाथरी बाजार के दुकानदार निम्नलिखित चयनित स्थान पर ही जाकर पटाखे बेच सकते हैं।

डलहौजी के लिए गांधी चौक सुभाष चौक तथा प्राइमरी स्कूल बस स्टैंड डलहौजी को चयनित किया है तो बनीखेत के लिए पद्दर मैदान बनीखेत, तथा बाथरी के लिए रामलीला ग्राउंड बाथरी को चयनित किया गया है। उपमंडलाधिकारी डलहौजी ने सभी व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं समस्त व्यापारियों को दिशा निर्देश भी जारी किए हैं कि 30 अक्तूबर से पहले उपमंडलाधिकारी कार्यालय डलहौजी से लाइसेंस अथवा परमिशन लेना अनिवार्य होगा और जो भी व्यापारी बिना परमिशन अथवा लाइसेंस के पटाखे बेचता पाया जाता है तो उस पर उचित कानूनी कार्रवाई को भी अमल में लाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## दिवाली पर बाजारों में लौटी रौनक

**डलहौजी।** दिवाली का त्योहार नजदीक आ गया है और बाजारों में रोने के दिन प्रतिदिन बढ़ने लगी है जिससे समस्त छोटे-बड़े व्यापारियों के चेहरे खिले हुए हैं बता दें डलहौजी मुख्या सदर बाजार गांधी चौक मार्केट बनीखेत का मुख्य बाजार, सदर बाजार, बाथरी बाजार, देवीदेहरा गोली, बगढार नैनीखड के बाजारों में रौनक देखने को मिल रही है।

व्यापार मंडल प्रधान विजेंद्र शर्मा से ने बताया कि त्योहारों के चलते रविवार को भी बाजार खुला रहेगा तथा ग्राहक सुबह से शाम तक जब भी आकर बाजारों से अपनी मनमर्जी की खरीदारी कर सकते हैं। वहीं स्थानीय क्षेत्र वासियों की मान्य तो बाजारों में समान ऑनलाइन खरीदारी से सस्ता व टिकाउ मिल रहा है ।

## चूड़ी-बक्कल सड़क निर्माण में कैंची मोड़ बनाने की मांग

**ओपी शर्मा, भरमौर**

ग्राम पंचायत राडी के अंतर्गत बनने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत बनने वाली सड़क चूड़ी से बक्कल निर्माण को लेकर लोगों ने गलत डीपीआर बनाने के आरोप विभाग पर लगाए हैं। यहां के लोगों का कहना है कि इस सड़क निर्माण के दौरान कई गांवों को सड़क सुविधा से नहीं जोड़ा गया है ।

जबकि सड़क दूसरे किनारे से होकर बनाई गई है। जिसके कारण करीब एक दर्जन गांवों के लगभग 1500 लोग सड़क सुविधा से वंचित रह गए हैं। लोक निर्माण विभाग मंत्री को लिखे पत्र में लोगों ने इस गांव के लिए अतिरिक्त कैंची मोड लगाकर सड़क पहुंचाने की मांग की है। स्थानीय लोगों में रमेश कुमार, मनोज कुमार, मनीष कुमार रामशरण, खेम कुमार, पन्नू राम, रविंद्र बिट्ठू, अरुण, अशोक कुमार ने कहा है कि करीब 9.50 करोड़ की लागत से यह सड़क बनाई जा रही है, लेकिन इस सड़क निर्माण के दौरान किसी भी गांव को इससे जोड़ा नहीं गया है, जिससे इस सड़क के निर्माण का कोई भी औचित्य नहीं रह गया है।

लोगों का कहना है कि जहां से यह सड़क जा रही है वहां से गांव 3 किलोमीटर ऊपर है। लिहाजा इस सड़क के निर्माण हो जाने के बाद भी इन गांवों के लोगों को सारा सामान पीठ पर उठाकर ले जाना पड़ेगा तो वहीं पर मरीजों को भी पालकी के सहारे उठाकर गांव पहुंचाना पड़ेगा। लोगों ने कहा है की यहां पर तीन अतिरिक्त कैंची मोड लगाकर इन गांवों को सड़क सुविधा से जोड़ा जाए। गौरतलब है दशकों बाद गैर जनजातिय क्षेत्र की राडी पंचायत की सबसे दूर दराज गांवों के लिए बड़ी परियोजना के तहत सड़क निर्माण हो रहा है। इन गांवों के लिए स्वर्ग सुविधा न होने के कारण कई बार लोगों ने बीच रास्ते में ही दम तोड़ दिया है।

मरीज को कई बार पालकी के सहारे उठाकर अस्पताल पहुंचाया गया है। लेकिन सड़क निर्माण शुरू होने के बाद तकरीबन 1500 लोगों के गांव को सड़क सुविधा से ना जोड़ने से यहां के लोगों में काफी रोष है। लोगों ने पीडब्ल्यूडी मिनिस्टर व विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द यहां पर बड़ी परियोजना के तहत बनने वाली सड़क से अतिरिक्त कैंची मोड़ लगाकर इस सड़क से वंचित गांव को भी इसी सड़क से जोड़ा जाए। (अनंत ज्ञान)

## कुलदीप पठानिया दो दिवसीय चंबा प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, चंबा।** विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया दो दिवसीय चंबा प्रवास पर रहेंगे। विभागीय प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि जारी प्रवास कार्यक्रम के अनुसार विधानसभा अध्यक्ष 28 अक्तूबर को प्रात:11:30 बजे सिहुंता पहुंचेंगे।

29 अक्तूबर को 11:30 बजे डुंढियारा बांग्ला में जल शक्ति विभाग के उप-मंडल कार्यालय का उद्घाटन करेंगे। 30 अक्तूबर को विधानसभा अध्यक्ष 11:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलेरा के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित होंगे। 3 नवंबर को विधानसभा अध्यक्ष प्रात: 8:30 बजे धर्मशाला के लिए रवाना होंगे

## लिटिल एंजल स्कूल में मनाया पारितोषिक समारोह

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

लिटिल एंजल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ पाठशाला परिसर में मनाया गया। इस आयोजन में शिक्षा विभाग से सेवानिवृत प्रधानाचार्य जेपी ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की उनके आयोजन में पहुंचने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा भव्य स्वागत किया गया।

इस आयोजन में स्कूली बच्चों ने जहां मुख्यातिथि के आगमन पर स्वागत गान प्रस्तुत किया तो वही आए हुए अभिभावकों में अन्य गणमान्य का स्वागत भी किया गया। बता दें इस आयोजन में बच्चों ने अनेक तरह की प्रस्तुतियां पेश की जिनमें बच्चों ने अपनी लघु नाटक के रूप में विदेश में रह रहे बच्चों जिनके माता-पिता उनके वियोग में कैसे तड़पते हैं जैसे वाक्य को नाटक के रूप में पेश कर आए हुए सभी लोगों का मन मोहते होते हुए उन्हें जागरूक भी किया।



कार्यक्रम में प्रस्तुति पेश करते हुए बच्चे।

मुख्यातिथि जेपी ठाकुर ने बच्चों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों को सराहा तो वही उन्होंने स्कूल प्रबंधन का भी धन्यवाद किया। इस आयोजन को लेकर बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला।

इस आयोजन को लेकर स्कूल के प्रबंधक विक्रम पठानिया ने बताया कि स्कूल बच्चों के भविष्य को उज्जवल बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तो वहीं स्कूल प्रबंधन बच्चों के खेल प्रतिभा कला एवं अन्य गतिविधियों में बच्चों को आगे बढ़ाने के अवसर प्रदान कर उन्हें भरपूर प्रोत्साहित भी करता है ।ताकि बच्चे अपनी प्रतिभा को बखूबी निखार सके जिसमें स्कूल पर बंधन बच्चों की भरपूर मदद भी करता है।

## युवाओं को अबूधाबी और दुबई में नौकरी का मिलेगा अवसर

**अनंत ज्ञान, चंबा**

विदेश में नौकरी करने के अवसर तलाश रहे हिमाचल प्रदेश के युवाओं के लिए अच्छी खबर है। राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश के युवाओं को संयुक्त अरब अमिरात की राजधानी अबूधाबी और दुबई में भी अब रोजगार मिलेगा।

जिला रोजगार अधिकारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि श्रम-रोजगार एवं ओवरसीज प्लेसमेंट विभाग के विदेश मंत्रालय के साथ पंजीकृत भर्ती एजेंसी ईपीएस फैसिलिटीज सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से संयुक्त अरब अमीरात में तकनीकी और गैर तकनीकी पदों पर भर्ती के लिए मांग प्राप्त हुई है।

तकनीकी और गैर तकनीकी वर्ग में यह पद अबूधाबी के परमाणु ऊर्जा संयंत्र के अलावा प्रोविस स्कूल (रियल इस्टेट कंपनी) में भरे जाएंगे। आवेदकों को योग्यता के तौर पर दसवीं पास, आईटीआई इलेक्ट्रीशियन, कारपेंटर, प्लंबर, लिफ्ट और मशीन ऑपरेटर, सहायक तकनीशियन, पेंटर, अंग्रेजी का आधारभूत ज्ञान, वैध पासपोर्ट और आयु सीमा 21-40 वर्ष होनी चाहिए। अबूधाबी में तकनीकी और गैर तकनीकी पदों पर चयनित होने वाले अभ्यर्थियों को आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी। उन्होंने ने बताया कि दुबई में सामान की डिलीवरी के लिए बाइक चालक भी भर्ती किए जाएंगे। आवेदकों के लिए योग्यता के तौर पर दसवीं पास, आधारभूत अंग्रेजी का ज्ञान, भारतीय ड्राइविंग लाइसेंस आदि दस्तावेज चाहिए।

### सूडोकु 00101 (★★★★ मध्यम)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

## विद्यार्थियों ने किया सिविल अस्पताल भरमौर का भ्रमण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना के तीसरे दिन शनिवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भरमौर के छात्र छात्राओं ने सिविल अस्पताल भरमौर का भ्रमण किया। इस भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य विभाग के देवेंद्र और पवन भारद्वाज ने बच्चों को एचआईवी एड्स बारे विस्तृत जानकारी दी।



भ्रमण के दौरान मौजूद विद्यार्थी व अन्य।

उन्होंने बताया कि प्रदेश के जिम्मेदार नागरिक के रूप में एचआईवी एड्स के अंत के लिए हम अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर उन्होंने सभी लोगों से अपील की की सभी लोग प्रण ले कि अपने साथी के प्रति सदैव वफादार रहेंगे। नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करेंगे।

इस दौरान एनएसएस प्रभारी विजय शर्मा ने बताया कि छात्रों ने चौरासी प्रांगण की गंदी नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करी। उन्होंने इस मौके पर सभी लोगों से अपने चारों ओर सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील की।

## संयुक्त जागरूकता शिविर किए जाएं आयोजित : कुलबीर

**अनंत ज्ञान, भरमौर**



अधिकारियों के साथ बैठक करते कुलबीर सिंह।

कार्यवाहक अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी भरमौर कुलबीर सिंह राणा की अध्यक्षता में आज भरमौर क्षेत्र की समस्त ग्राम पंचायत में संयुक्त जागरूकता शिविर के आयोजन हेतु कृषि ,उद्यान , पशुपालन, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, स्वास्थ्य और तहसील कल्याण विभागों के साथ संयुक्त बैठक आयोजित की।

बैठक में गत परियोजना सलाहकार में लिए गए निर्णय और भरमौर क्षेत्र में जागरूकता शिविर लगाने बारे संबंधित विभागों से चर्चा की और अभी तक लगाए गए जागरूकता शिविरों की समीक्षा भी की । उन्होंने शिविरों के माध्यम से लोगों में जागरूकता बढ़ाने को बल देते हुए सभी अधिकारियों को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ में समन्वय स्थापित कर जागरूकता गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने संबंधित विभागों को एक महीने के भीतर संयुक्त जागरूकता शिविर लगाने के निर्देश दिए। एडीएम ने 6 नवंबर को कुगति, 7 नवंबर को हड़सर, 12 नवंबर को चौबिया, 13 नवंबर को सूटकर ,20 नवंबर को जगत और 21 नवंबर को लामू पंचायत घरों में सभी विभागों को संयुक्त जागरूकता शिविर आयोजित करने को कहा।

उन्होंने पंचायती राज विभाग को मनरेगा के अंतर्गत ग्राम पंचायत में इन शिविरों के दौरान रोजगार मेले के आयोजन करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि संयुक्त जागरूकता शिविरों के दौरान प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की तैयार किताबें भी वितरित की जाए।

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

27 अक्तूबर, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत** : 2081, **शक संवत** :1946 (क्रोधी), **मास** : आश्विन, **तिथि** एकादशी (पूर्ण रात्रि): **नक्षत्र** मघा (12:24), **पक्ष** : कृष्ण **योग** : ब्रह्म (पूर्ण रात्रि) **शुभ मुहूर्त** : अभीजित (11:42-12:27), **राहुकाल** (04:15 -05:39)।

**विशेष दिन**

- 27 अक्तूबर: रमा एकादशी व्रत (स्मार्त वैष्णव समुदाय)।
- 28 अक्तूबर : रमा एकादशी व्रत (निम्बार्क वैष्णव समुदाय)।

**मेष:** आज आप तरोताजा और तन्दुरुस्त होने की खुशी महसूस करेंगे। स्वास्थ्य संबंधी कोई बड़ी समस्या नहीं होगी।

**वृषभ:** आज आप बेहद ऊर्जावान और सक्रिय रहेंगें। आपकी बुद्धि का एक खास पहलू अचानक विकास के दौर से गुजरेगा।

**मिथुन:** स्वास्थ्य की दृष्टि से आज आपकी हालत बहुत खराब रहेगी। अशांत मन और न्यून रोग प्रतिरोधक शक्ति से आप परेशान रहेंगे।

**कर्क:** आप राहत की सांस ले सकते हैं और अभी हाल ही के दिनों की तुलना में आज आप बेहतर महसूस कर रहे हैं।

**सिंह:** दिन की शुरुआत में स्वास्थ्य के कारण कुछ तनाव रहेगा लेकिन जैसे जैसे दिन बढ़ेगा आपके ऊर्जा स्तर में सुधार होता जाएगा।

**कन्या:** आप अपने आपको ऊर्जा और नए आशावाद से भरा महसूस करेंगे। अपने स्वास्थ्य, भोजन और स्वच्छता के विषय में आज सतर्क रहेंगे।

**तुला:** आज आप में ऊर्जा का आवेग है और संभवत: एक नए मुकम्मल स्वास्थ्य कार्यक्रम की शुरुआत करेंगे।

**वृश्चिक:** स्वास्थ्य के लिए समय सकारात्मक है। यदि आप किसी भी समस्या का सामना कर रहे हैं तो सही इलाज प्राप्त कर पाएंगे ।

**धनु :** आज आप ऊर्जा और नए उत्साह का अनुभव करेंगे। दिन के अधिकांश भाग में आपका व्यवहार बेफ्रिक और चिंतामुक्त रहेगा।

**मकर:** भारी भोजन करने से बचें वरना पेट संबंधी समस्याओं की संभावना है।स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं चिंता का कारण बन सकती हैं।

**कुंभ :** आपको गर्दन के निचले हिस्से, कंधे और बाहों में दर्द हो सकता है। छोटे भाई-बहनों का स्वास्थ्य भी तनाव का कारण बन सकता है।

**मीन:** आज का दिन अपने स्वास्थ्य और तंदरुस्ती के कार्यक्रम में पूर्णतया परिवर्तन लाने के लिए अनुकूल है।

## नेरचौक में छापामारी से व्यापारियों में हड़कंप

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

जीएसटी विभाग उना की टीम द्वारा नेरचौक शहर में छापेमारी करने से स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मच गया है त्योहारी सीजन में विभाग की इस तरह की कार्रवाई को लेकर व्यापारियों में खासा रोष है। बता दें कि जीएसटी विभाग उना की टीम द्वारा नेरचौक शहर में एक नामी ज्वैलर्स और एक मशहूर मोबाइल की दुकान में छापेमारी की। जैसे ही शहर में सूचना फैली स्थानीय व्यापारियों में हड़कंप मंच गया। व्यापारियों का कहना है कि लंबे अरसे से मंदी के बाद त्योहारों के इस सीजन में उन्हें अच्छा व्यापार होने की कुछ उम्मीद जगी थी, लेकिन नेरचौक शहर में आबकारी एवं कराधान विभाग के जीएसटी विभाग उना की टीम द्वारा की गई कार्रवाई और फूड इंस्पेक्टर द्वारा की जा रही कार्रवाई ने व्यापारियों को उलझा कर रख दिया है। विभागीय इन कार्रवाइयों से व्यापारियों को दस्तावेजों को मेंटेन करने में खासा समय बर्बाद हो रहा है।

व्यापार मंडल नेरचौक के प्रधान गोविंद ठाकुर ने बताया कि नेरचौक शहर में कुछ व्यापारियों पर जीएसटी विभाग की टीम द्वारा छापेमारी की गई है और फूड इंस्पेक्टर के द्वारा भी व्यापारियों को नियमों कायदों का हवाला देते हुए अपने व्यापारी दस्तावेजों को मेंटेन करने के लिए उलझन में डाल दिया है। व्यापारियों को अपने व्यापार का कुछ आधार बनाने की उम्मीद जगी थी, लेकिन विभागीय इन कार्रवाइयों से व्यापारियों में डर व खौफ का माहौल तो पैदा किया ही है साथ में उनका दस्तावेज मेंटेन करने के लिए उलझा दिया है।

## सिटीजन काउंसिल ने प्रस्ताव पारित कर पड्डल में नवनिर्माण का किया विरोध

**अनंत ज्ञान, मंडी**

सिटीजन काउंसिल मंडी ने अपने सालाना अधिवेशन में 7 प्रस्ताव पारित कर शहर को खुशहाल बनाने की राह में कदम बढ़ा दिए हैं। सिटीजन काउंसिल मंडी ने जिलाधीश सहित अधिकारियों से मांग करते हुए कहा है कि शहर की मुख्य गलियों, भूतनाथ बाजार, चंद्रलोक गली व महाजन बाजार आदि में पीक अवर्स में दोपहिया वाहनों की आवाजाही बंद की जाए। इसके साथ ही मोती बाजार में गाड़ियों की आवजाही को सुगम करने के उपाय किए जाने की भी मांग की है। सकोढी बाईपास का निर्माण तेजी से किया जाए, ताकि शहर में यातायात सुचारू हो सके। सारे शहर में पैदल चलने वालों की सुविधा के लिए जेबरा क्रासिंग चिन्हित किए जाएं और वाहन चालकों को इसकी जानकारी दी जाए, क्योंकि वह जेबरा क्रासिंग पर भी नहीं रुकते। प्रस्ताव पारित कर पड्डल ग्राउंड में कोई नया निर्माण न करने व प्रस्तावित इंडोर स्टेडियम को शहर में किसी अन्य स्थान पर बनाने का प्रस्ताव पारित किया गया है।

**जब** आप सांस अंदर लें, तो अपने आप को संजोएं। जब आप सांस बाहर छोड़ें, तो सभी प्राणियों को संजोएं। **-दलाई लामा**

## संपादकीय

# युद्ध के मुहाने पर दुनिया

इसराइल ने इरान पर बड़ा हमला कर एक बार फिर पूरी दुनिया को चिंता में डाल दिया है। इसराइल ने इरान के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है। इसराइल इस हमले के पीछे यह तर्क दे रहा है कि उनके ऊपर पिछले कुछ समय से इरान और उसके सहयोगी लगातार हमले कर रहे थे, इसलिए उन्होंने अब पलटवार किया है। इसराइल ने इरान के उन ठिकानों को तबाह किया, जहां से वह इसराइल पर हमले करता आया है। मिडिल ईस्ट में इस समय युद्ध और तनाव का जो माहौल बना है, उस पर पूरी दुनिया की नजर है। हर दिन ऐसी खबरें सामने आ रही हैं जो लंबे संघर्ष और तीसरे विश्व युद्ध की आशंका को हवा दे रही हैं। ब्राजील के भविष्यवक्ता अथोस सलोम, जिन्हें 'लिविंग नास्त्रेदमस' कहा जाता है, उनके मुताबिक तीसरा विश्व युद्ध इलेक्ट्रोमैग्नेटिक पल्स तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल की वजह से हो सकता है।

युद्ध किसी समस्या का हल नहीं है, बल्कि यह कई नए समस्याओं को जन्म देता है। युद्ध से दो देशों के बीच आर्थिक, सामाजिक और मानवीय नुकसान होता है। युद्ध में लोगों की जान जाती है, घर और संपत्ति बर्बाद होती है। युद्ध से अर्थव्यवस्था भी खराब होती है, क्योंकि युद्ध पर करोड़ों रुपए खर्च होते हैं। विश्लेषकों की मानें तो इसराइल बेशक युद्ध चाहता है, लेकिन इरान के साथ 'बड़े युद्ध' के लिए अभी तैयार नहीं है। लेबनान के साथ क्या हुआ था। लेबनान ने पहले गाजा में नरसंहार शुरू किया। इस नरसंहार के 11 महीने बाद उन्होंने लेबनान पर हमला करना शुरू कर दिया। इसराइल ऐसा एक साल या दो साल बाद कर सकता है। ऐसा लगता है कि इसराइली लगातार युद्ध में रहना चाहते हैं। इरान पर इसराइल का हमला अब तक इसकी संभावनाओं के मिड रेंज में लगता है। हमले इरान के पिछले हमले की प्रतिक्रिया की तुलना में काफी बड़े थे, लेकिन प्रमुख बुनियादी ढांचे या परमाणु सुविधाओं को टारगेट करने तक नहीं किए जा रहे थे। अब सवाल यह है कि क्या यह इसकी प्रतिक्रिया का पूरा दायरा है और दूसरा, क्या तेहरान इस हमले को नजरअंदाज करेगा और इस आदान-प्रदान के तहत एक लाइन खींचने की कोशिश करेगा या जवाबी प्रतिक्रिया के साथ फिर से आगे बढ़ेगा। यह देखते हुए कि इरान के पास अब अपनी प्रतिक्रिया के लिए कई विकल्प हैं, लेकिन हर विकल्प में बड़े जोखिम हैं।

इरान अब इसराइल के खिलाफ हमले शुरू कर सकता है और प्रतिशोध का सामना कर सकता है या वह अपने प्रॉक्सी संगठनों हिजबुल्लाह, हुती, हमास, अल कासम, रजिसटेंस फोर्स के माध्यम से हमला करा सकता है, जो हाल के हफ्तों में काफी कमजोर हो गए हैं। दूसरा विकल्प क्षेत्र में कहीं और अमेरिकी हितों को निशाना बनाना हो सकता है, लेकिन तब इसका सामना न केवल इसराइल, बल्कि अमेरिका से भी होगा। गाजा पर युद्ध की शुरुआत के बाद से अमेरिका ने इस क्षेत्र में अमेरिकी वायु रक्षा प्रणालियों और विमानों सहित सैन्य उपकरण तैनात किए हैं। इसराइल के ताजा हमले का उद्देश्य इरानियों को प्रतिक्रिया देने से रोकना है। यह हमला इसराइल के अपने बचाव के लिए भी था, क्योंकि उस पर इरान ने बैलेस्टिक मिसाइल से हमला किया था। भले ही इरान पर इसराइल के हमले की उम्मीद थी, लेकिन हमले की लिमिट क्या है और क्या और भी हमले होंगे, यह देखा जाना बाकी है। जाहिर है कि यह नेतन्याहू के हित में है कि वह और अधिक की तलाश करें, सिर्फ अपनी छवि के लिए नहीं, बल्कि इसलिए कि यह वास्तव में उनके लिए अवसर का क्षण है, ठीक उसी तरह जैसे आज अमेरिकी प्रशासन इसराइल के खिलाफ सचमुच सबसे कमजोर स्थिति में है।

अमेरिका ने पिछले वर्ष में ताकत का कोई संकेत नहीं दिखाया और उसने बिलकुल उसी स्क्रिप्ट का पालन किया है, जिसका नेतन्याहू उससे पालन कराना चाहते थे, लेकिन अगर वास्तव में इरादा इरान के साथ इसराइल के युद्ध में अमेरिका को घसीटने का था तो फिर यही वह क्षण है। अब देखना है कि अमेरिका इस युद्ध में कूदता है या नहीं। बहरहाल, दोनों देशों के बीच राजनीतिक वार्ता से समस्याओं का हल निकाला जा सकता है। कूटनीति से देशों के बीच संबंधों में सुधार हो सकता है। शांति स्थापना के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठनों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है, इसलिए ऐसे मौके पर सबको खुलकर सामने आना चाहिए। हालांकि, यूएनओ ने कई बार इस मुद्दे पर बैठकें की हैं। दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील भी की है। यूएनओ ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता करने की कोशिश की है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के प्रथम दलित राष्ट्रपति

**कोच्चेरील** रामन नारायणन भारतीय गणराज्य के दसवें निर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में जाने जाते हैं। यह प्रथम दलित राष्ट्रपति तथा प्रथम मलयाली व्यक्ति थे, जिन्हें देश का सर्वोच्च पद प्राप्त हुआ। 25 जुलाई, 1997 को सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जेएस वर्मा ने केआर नारायणन को राष्ट्रपति पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनका कार्यकाल 25 जुलाई, 2002 को समाप्त हुआ था। केआर नारायणन के पूर्वज पारवान जाति से संबंधित थे, जो कि नारियल तोड़ने का कार्य करते थे। नारायणन का परिवार आर्थिक रूप से समृद्ध नहीं था, लेकिन उनके पिता शिक्षा का महत्व समझते थे। इनकी आरंभिक शिक्षा उझावूर के अवर प्राथमिक विद्यालय में हुई। इन्हें 15 किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाना पड़ता था और चावल के खेतों से होकर गुजरना पड़ता था। उस समय शिक्षा शुल्क बेहद साधारण था, लेकिन उसे देने में भी इन्हें कठिनाई होती थी। नारायणन को प्राय: कक्षा के बाहर खड़े होकर कक्षा में पढ़ाए जा रहे पाठ को सुनना पड़ता था, क्योंकि शिक्षा शुल्क न देने के कारण इन्हें कक्षा से बाहर निकाल दिया जाता था। नारायणन का राजनीति में प्रवेश श्रीमती इंदिरा गांधी के आग्रह से सम्भव हुआ। वह लगातार तीन लोकसभा चुनावों 1984, 1989 एवं 1991 में विजयी होकर संसद पहुंचे। ■



**केआर नारायणन**
**जन्म :** 27 अक्तूबर, 1920
**मृत्यु :** 9 नवंबर, 2005

## अपनी बात

**यातायात** नियमों का पालन जरूर करें क्योंकि नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटना की संभावना भी कम होंगी और सही-सलामत रहेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए आवश्यक है कि हम यातायात नियमों का पालन करें। वाहन को निर्धारित गति सीमा के अंदर ही चलाएं। स्कूटर-बाइक पर चलते समय हेलमेट अवश्य पहनें। वहीं, फोर व्हीलर वाहनों को चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करें। यातायात संबंधित दिशा-निर्देशों का पालन करने से खुद भी सुरक्षित रहेंगे और दूसरे भी। स्वयं व परिवार की सुरक्षा के साथ औरों की सुरक्षा का भी ख्याल रखना जरूरी है। जुर्माने के डर से नियमों का पालन करने की बजाए कर्तव्य समझकर पालन करने की आदत डालें। न सिर्फ स्वयं यातायात नियमों का पालन करें, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। यातायात नियम हमारी सुरक्षा के लिए हैं और हमें इन्हें जिम्मेदारी से अपनाना चाहिए। एक रिपोर्ट के अनुसार हर साल के सड़क हादसों में मौत टू-व्हीलर पर सवार बिना हेलमेट वाले लोगों की होती है। लोगों को समझना होगा कि हेलमेट से हमारी सुरक्षा है। यह सोचकर हेलमेट पहनकर सड़क पर निकलना चाहिए। **-सुनील शर्मा, डंगोह**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# भारत का लक्ष्य विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करना

पूरे देश में स्कूलों, हवाई अड्डों, विमानों को बम से उड़ाने की धमकी, रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं लकड़ी के गडर, कहीं गैस सिलेंडर मिलने लगे। इसके साथ हिंदू त्यौहारों पर हमले बढ़ गए। यह भारतीय समाज जीवन में भय, आतंक और तनाव फैलाकर प्रगति अवरुद्ध करने का नया षड्यंत्र है। इसमें भारत विरोधी अंतरराष्ट्रीय और भारत के भीतर की दोनों शक्तियों का गठजोड़ दिखता है। देशभर में हुए दुर्गा विसर्जन में पथराव और बहराइच में क्रूरता पूर्वक की गई हत्या के दर्द से देश उबरा भी नहीं था कि भारतीय विमानों को उड़ाने की धमकियों आने लगीं।

दुर्गा विसर्जन से शरद पूर्णिमा के बीच चार दिनों में कुल उन्नीस धमकियां मिलीं। सावधानी के लिए सात उड़ानों को या तो स्थगित किया गया अथवा आपात लैंडिंग की गई। कुछ तो ऐसे विमानों की भी आपात लैंडिंग हुई, जो विदेश जा रहे थे। हालांकि विमानों को उड़ाने धमकी भरे ईमेल या फोन और हिंदू त्योहारों पर हमलों की घटनाएं पहले भी हुई हैं लेकिन पिछले महीनों से आरतीय समाज जीवन में आतंक और तनाव फैलाने वाली इन घटनाओं में बाढ़ सी आ गई है। ये घटनाएं तीन प्रकार की हैं। इनमें स्कूल, अस्पताल और विमानों और विमानतलों को बम से उड़ाने की धमकियां सोशल मीडिया अथवा ईमेल से आईं, दूसरा रेल पटरियों पर कहीं डेटोनेटर, कहीं गैस सिलेंडर, कहीं पत्थर, कहीं लकड़ी के गट्ठर तो कहीं लोहे की राड रखकर रेल दुर्घटना करने का कुप्रयास हुआ और हिंदू त्योहारों पर हमले। भारत में ये घटनाएं नई नहीं हैं, ऐसी घटनाएं पहले भी हुई हैं, लेकिन पिछले छह महीनों में घटी घटनाओं में अंतर है। एक तो संख्या में कई गुना बढ़ौतरी हुई है, दूसरे क्रूरता बढ़ी है। हमलों और पथराव का यह कम कांवड़ यात्राओं से आरंभ हुआ था, जो गणेशोत्सव और दुर्गा उत्सव में निरंतर बढ़ता रहा। दुगोत्सव में ऐसा कोई दिन नहीं बीता, जब दो चार स्थानों से झांकियों पर पथराव का समाचार न आया हो। कुछ घटनाओं में तो झांकियों के भीतर घुसकर प्रतिमा खंडित करने और महिलाओं के साथ मारपीट करने के समाचार भी आए।



**लेखक : रमेश वर्मा**
वरिष्ठ पत्रकार

बहराइच में भीड़ की आकामकता से हमलावरों की क्रूरता आसानी से समझी जा सकती है। ये सब ऐसे समय हो रहा है, जब भारत में एकजुटता की आवश्यकता थी। इन दिनों भारत विकास की नई अंगड़ाई ले रहा है। आर्थिक समृद्धि से लेकर अंतरिक्ष की ऊंची उड़ान तक नए कीर्तिमान बन रहे हैं। यह विश्व में भारत की बढ़ती साख और प्रतिष्ठा का नया अध्याय है कि गाजा पट्टी का तनाव रोकने और यूक्रेन-रूस युद्ध के समाधान के लिए दुनिया भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से आगे आने की अपेक्षा कर रही है। भारत की यह प्रगति और प्रतिष्ठा की मंजिल नहीं है, पहला चरण है। लक्ष्य तो विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान अर्जित करने का है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी ने वर्ष 2047 निर्धारित किया है। वह भारत की स्वतंत्रता का शताब्दी वर्ष होगा। मोदी का संकल्प है कि स्वतंत्रता की शताब्दी वर्षगांठ पर भारत राष्ट्र विश्व में सर्वश्रेष्ठ स्थान पर प्रतिष्ठित हो। यह काम केवल मोदी के संकल्प और सरकार की नीति निर्णयों से नहीं होगा। इसके लिए संपूर्ण भारत और भारत वासियों को एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा, तभी वर्तमान प्रगति यात्रा अनवरत रह सकेगी और भारत का परम वैभव पुनप्रतिठित हो सकेगा।

जिस समय संपूर्ण राष्ट्र में एकत्व और सक्रियता की आवश्यकता है, तब बम से उड़ाने की धमकियों से आतंक का वातावरण बनाना, रेल की पटरियों को क्षतिग्रस्त करके समाज जीवन में भय उत्पन्न करना और हिंदू त्योहारों पर लगातार हमले करके सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न करना साधारण नहीं हो सकता। यह आशंका निराधार नहीं हो सकती कि यह भारत की विकास गति अवरुद्ध करने का षड्यंत्र है। इन तीनों के परिणाम पर विचार करें तो इसमें देश विरोधी गहरे कुचक की गंध आती है। किसी न किसी स्तर पर इन तीनों प्रकार की घटनाओं के सूत्र एक-दूसरे से जुड़े लगते हैं। चूंकि ये घटनाएं किसी प्रांत या क्षेत्र में घटीं हो इनमें साम्य है। तीनों प्रकार की सर्वाधिक घटनाएं उत्तर प्रदेश में घटीं। इसके अतिरिक्त बंगाल, असम, राजस्थान, झारखंड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र और गुजरात से भी आईं। इन सभी प्रांतों के समाज जीवन में बहुत विविधता है, लेकिन सभी प्रांतों में तनाव फैलाने वाली घटनाओं की शैली एक ही है।

रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने और फिश प्लेट ढीली करने की आरंभिक घटनाएं कैमरे की नजर में आ गई थी, जिससे पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई थी और कुछ गिरफ्तारियां भी हुईं, लेकिन बाद की घटनाओं में आरोपियों ने सावधानी बरती और घटना के लिए वे स्थान चुने गए जो कैमरे की पहुंच से दूर हों। इसी प्रकार स्कूल, अस्पताल और हवाई जहाज को बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल भी बहुत योजना से भेजे गए। ये भारत से ही भेजे गए थे, पर अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से, ताकि आसानी से पकड़ में न सकें। रेल पटरियों पर अवरोध खड़ा करने की घटनाओं में जो सावधानी दूसरे चरण में बरती गई, बम से उड़ाने की धमकी भरे ईमेल में वह सावधानी पहले दिन से बरती गई।

किसी भी परिवार, समाज या राष्ट्र की प्रगति और समृद्धि के लिए सबको एकजुट होना आवश्यक है। सबके साथ से ही सबका विकास संभव है, लेकिन यदि परिवार समाज या राष्ट्र के आंतरिक वातावरण में तनाव है, भय है या टकराव है तो सबसे पहले विकास गति ही प्रभावित होती है। पिछले दस वर्षों से भारत ने जो विकास गति पकड़ी है, उससे आयात घटा है, आत्मनिर्भरता बढ़ी है। यह भारत की विकसित तकनीकि का प्रमाण है कि अब दुनियों के 15 देश अपने उपग्रहों के पक्षेपण में भारतीय तकनीकी की सहायता ले रहे हैं। इससे चीन जैसे अनेक देश ही नहीं अमेरिका और कनाडा की भी एक विशेष लॉवी चिंतित है। इन लॉवियों का गठजोड़ बांग्लादेश के सत्ता परिवर्तन में देखा जा सकता है। वह कहने के लिए छात्र आंदोलन था, लेकिन परदे के पीछे वे कट्टरपंथी थे जिनकी मानसिकता भारत और सनातन विरोधी रही है।

आंदोलन के साथ हिंदू मंदिरों और बस्तियों को निशाना बनाया गया। सत्ता परिवर्तन के बाद दुर्गा उत्सव पर लगातार हमले हुए। वह मुकुट भी गायब कर दिया गया जो प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी बांग्लादेश यात्रा के समय भेंट किया था। केवल दुर्गा उत्सव के दौरान हमलों और हत्याओं की पैतीस बड़ी घटनाएं घटीं जो अंतरराष्ट्रीय मीडिया में आई। इसे सामान्य नहीं माना जा सकता कि बंगलादेश में कट्टरपंथियों की सफलता के याद ही भारत में हमले बढ़े हैं। भारत के भीतर दो प्रकार की धाराएं काम कर रहीं हैं। एक वह राजनीतिक धारा जो सनातन धर्म और परंपराओं को समाप्त करना चाहते हैं। वे अपने उद्देश्य को छुपाते भी नहीं हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## नजरिया

# बाढ़ की घटनाओं का मुख्य कारण बन रहा शहरीकरण

शहरी बाढ़ प्राय: जीवन की क्षति और शारीरिक आघात का कारण बनती है। ऐसा बाढ़ के प्रत्यक्ष प्रभाव या बाढ़ की अवधि के दौरान फैलने वाले जलजनित रोगों के संक्रमण से होता है। शहरी बाढ़ से इमारतों, संपत्ति, फसलों की संरचनात्मक क्षति जैसे कई स्थानीय प्रभाव उत्पन्न होते हैं। इसके अलावा यह जल आपूर्ति, सीवरेज, बिजली एवं पारेषण लाइनों, संचार, यातायात-सड़क और रेलवे तथा अवसंरचनात्मक व्यवधान का कारण बनता है।

तेज गति से प्रवाहित बाढ़ जल के कारण पेड़-पौधे बह जाते हैं और तटवर्ती इलाकों का कटाव होता है। शहरीकरण विकास के लिए शहरी नियोजन तंत्र भी उसी गति से विकसित नहीं हुआ है, जिस गति से शहरीकरण और तकनीकी प्रगति का विकास हो रहा है। अनियोजित विकास और जलवायु परिवर्तन शहरी बाढ़ सहित कई आपदाकारी घटनाओं का कारण बन रहे हैं, जिन पर गंभीरता से ध्यान देने की आवश्यकता है। हैदराबाद में आई बाढ़ में हजारों घर जलमग्न हो गए थे। चेन्नई की बाढ़ इस बात की याद दिलाती है कि शहरीकरण किस तेजी से शहरों को शहरी बाढ़ के लिए प्रवण बनाता जा रहा है।




**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

वर्तमान में वर्ष 2022 में सितंबर में बेंगलुरु में मानसून मौसम में आई ऐसी ही बाढ़ की कई घटनाओं का साक्षी बना है। शहरी बाढ़ एक निर्मित परिवेश में, विशेष रूप से शहरों जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्रों में, भूमि या संपत्ति के जलमग्न होने की स्थिति है जो प्राय: तब उत्पन्न होती है, जब वर्षा के कारण जलजमाव वहां की जल निकासी प्रणालियों की क्षमता पर भारी पड़ता है। ग्रामीण बाढ़, एक समतल या निचले क्षेत्र में भारी बारिश के कारण उत्पन्न के विपरीत शहरी बाढ़ न केवल उच्च वर्षा के कारण बल्कि ऐसे अनियोजित शहरीकरण के कारण उत्पन्न होती है जो बाढ़ की चरमता को 1.8 से बढ़ाकर 8 गुना कर देता है, बाढ़ की मात्रा को 6 गुना तक बढ़ा देता है। इसके प्रमुख कारण-निकासी चैनलों का अतिक्रमण, भारतीय शहरों और कस्बों में भूमि के बढ़ते मूल्यों और मुख्य शहर में भूमि की कमी के कारण नए विकास कार्य निचले इलाकों में हो रहे हैं, जिनके लिए आमतौर पर झीलों, आर्द्रभूमि तथा नदी के तटवर्ती इलाकों आदि का अतिक्रमण किया जा रहा है।

होना यह चाहिए था कि प्राकृतिक अपवाहिकाओं को चौड़ा किया जाता जैसे बढ़ते हुए यातायात के साथ सड़क चौड़ीकरण किया जाता है, ताकि तूफानी जल के उच्च प्रवाह को समायोजित किया जा सके, लेकिन वस्तुस्थिति इसके विपरीत है। परिणामस्वरूप उनकी अपवाह क्षमता कम हो गई है, जिससे बाढ़ की स्थिति बनती है। नासा के अध्ययनों से संकेत मिलता है कि नगरीय ऊष्मा द्वीप या 'अर्बन हीट आइलैंड' के प्रभाव से भी शहरी क्षेत्रों में वर्षा की वृद्धि होती है जो फिर बाढ़ की स्थिति उत्पन्न करती है। जब भी वर्षा युक्त बादल अर्बन हीट आइलैंड के ऊपर से गुजरते हैं तो वहां की गर्म हवा उन्हें ऊपर धकेल देती है, जिसके परिणामस्वरूप अत्यधिक स्थानीयकृत वर्षा होती है जो कभी-कभी उच्च तीव्रता की भी हो सकती है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता



### आओ हाथ बढ़ाएं

**वीना वर्धन**
**घुमारवीं**

*नहीं देख सकती, नहीं देख सकती*
*मैं उन बच्चों को*
*जिनको स्कूल जाना चाहिए,*
*काम पर जाते हुए, नहीं देख सकती*
*उन बच्चों को, उन बच्चों को*
*जिनके पास कॉपी नहीं, किताबें नहीं*
*और बैग नहीं*
*नहीं देख सकती उन बच्चों को*
*सड़कों पर काम करते हुए,*
*नहीं देख सकती उन बच्चों के पास*
*कपड़े नहीं पहनने के लिए,*
*नहीं देख सकती मैं किसी को*
*भूखे पेट सोते हुए,*
*अगर हम सक्षम हैं तो आओ*
*एक हाथ बढ़ाएं, जितना हो सके*
*किसी असहाय की सहायता करें।*

# भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीनकाल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है

रतन टाटा के निधन के पश्चात उनके परोपकारी कामों की विस्तार से चर्चा हो रही है। वैसे, जरा गौर करें तो न केवल टाटा समूह बल्कि भारत के हरेक छोटे-बड़े लाखों कारोबारी या उद्योगपति अपने स्तर पर कुछ न कुछ परोपकार से जुड़े कामों में लगे मिल जाएंगे। यह कहना सरासर गलत होगा कि परोपकार की भावना हमने यूरोप से सीखी है। यह कुछ नासमझ अजानियों का प्रचार भर है। भारत में परोपकार की परंपरा प्राचीनकाल से ही गहरी जड़ें जमाए हुए है। हम 'सर्वे भवंतु सुखिन:, सर्वे संतु निरामया' में विश्वास करने वाले हैं। अभी भी आपको 'पहली रोटी गो माता को' में विश्वास करने वाले लाखों लोग मिल जाएंगे। धर्म, संस्कृति और समाज के हरेक पहलू में दान, सेवा और परोपकार का महत्वपूर्ण स्थान रहा है।

वेद और उपनिषद् जैसे ग्रंथों में परोपकार को दान और सेवा के रूप में वर्णित किया गया है। हिंदू धर्म में दान और सेवा का बहुत महत्व है। ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ और संन्यास: इन चार आश्रमों में से वानप्रस्थ और संन्यास आश्रमों में परोपकार को ही जीवन का मुख्य लक्ष्य माना गया है। जैन धर्म में दान को अहिंसा के सिद्धांत के साथ जोड़ा गया है। भारत भूमि की देन बौद्ध धर्म में भी दान का खासा महत्व है, जो सभी प्राणियों के कल्याण के लिए होता है। भगवान बुद्ध ने अपने जीवनकाल में दान, सेवा और अहिंसा का मार्ग दिखाया। गांधीजी ने सर्वोदय के सिद्धांत पर बल दिया और ग्रामीणों की सेवा और विकास के लिए जीवनभर काम किया। मदर टेरेसा ने भी गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा करके मानवता की सेवा की। रतन टाटा की तरह बिड़ला समूह, अजीम प्रेमजी, नंदन नीलकेणी, शिव नाडार जैसे सैकड़ों उद्योगपति परोपकार से जुड़े कार्यों के लिए हर साल हजारों करोड़ रुपए दान देते हैं। भारत के कारोबारियों के डीएनए में समाज सेवा है। टाटा समूह के संस्थापक जमशेदजी टाटा की दूरदृष्टि से स्थापित इस समूह ने शुरू से ही समाज सेवा को अपने कार्यों का अभिन्न अंग बनाया।



**लेखक : आरके सिन्हा**
पूर्व सांसद

जमशेद जी के परोपकार के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद थे, जिसे अब उनकी तीसरी पीढ़ी भी निभा रही है। इसी तरह जिस फक्कड़ संन्यासी के आशीर्वाद से घनश्याम दास बिड़ला ने अपना उद्योग जमाया, उस संन्यासी के आशीर्वाद से 'करनी और बरनी' का काम आज भी विड़ला समूह अपना रहा है। यह अपने धर्मार्थ कार्यों के माध्यम से भारत में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में सकारात्मक प्रभाव डालता है, जो देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। जमशेदजी टाटा को यह प्रेरणा स्वामी विवेकानंद जी से प्राप्त हुई थी। शिकागो के सर्वधर्म सम्मेलन में जाने के पूर्व जब वे दक्षिण भारत का भ्रमण कर रहे थे तो उन्हें यह बात खली कि दक्षिण भारत में विज्ञान की उच्चतर शिक्षा प्रदान करने वाला कोई संस्थान नहीं है। तब उन्होंने विचार किया कि इस काम में टाटा स्टील के संस्थापक जमशेदजी नसरवानजी टाटा उपयुक्त व्यक्ति होंगे और उन्होंने शिकागो जाने के पूर्व उन्हें एक पत्र लिखा। स्वामीजी ने टाटा को लिखा कि 'आप बिहार के जमशेदपुर से अच्छा पैसा कमा रहे हो। मेरी शुभकामना है कि और ज्यादा धन अर्जित करो और ज्यादा लोगों को रोजगार दो, लेकिन विज्ञान की उच्चतर शिक्षा से वंचित दक्षिण भारत की भी थोड़ी चिंता करो और दक्षिण भारत में कहीं भी विज्ञान की ऊंची पढ़ाई और रिसर्च का कोई बढ़िया संस्थान स्थापित करो। मैं जानता हूँ कि तुम यह कर सकते हो और विश्वास है कि तुम ऐसा ही करोगे।

स्वामी विवेकानंद जी की इस प्रेरक चिट्ठी पढ़ने के बाद जमशेदजी इतने प्रेरित हुए कि उन्होंने बेंगलुरु में तत्काल विज्ञान का एक बढ़िया संस्थान शुरू कर दिया जो आज 'इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस के नाम से विश्वविख्यात है और जो प्रतिभाशाली बच्चे वैज्ञानिक बनाना चाहते हैं या रिसर्च या अध्यापन कार्य में अपना करियर बनाना चाहते हैं वे किसी भी आईआईटी में जाने से ज्यादा आईआईएस में जाना ज्यादा पसंद करते हैं। स्वामी विवेकानंद ने दीन-दुखिया जन के लिए सेवा को सर्वोच्च धर्म बताया। महात्मा बुद्ध, गुरुनानक और अन्य संतों ने भी परोपकार पर जोर दिया। अभी कुछ दिन पहले शारदीय नवरात्र समाप्त हुए। इस दौरान देश की राजधानी दिल्ली समेत देश के तमाम शहरों में भंडारे चलते रहे। आप कह सकते है इस दौरान भंडारों की बहार थी। सब भंडारे के प्रसाद को प्रसन्नतापूर्वक ग्रहण कर रहे थे। भंडारों में समाजवादी व्यवस्था वास्तव में बहुत प्रभावशाली होती है।

देश की राजधानी दिल्ली भंडारों की भी राजधानी है। कहने वाले कहते हैं कि कैसेट किंग गुलशन कुमार ने भंडारा संस्कृति का पुनर्जागरण किया था। उन्होंने वैष्णो देवी में भंडारे का आयोजन शुरू किया था, तब दिल्ली वाले वैष्णो देवी जाकर गुलशन कुमार की तरफ से चलने वाले भंडारे में भोग अवश्य लगाया करते थे। यहां से ही भंडारा संस्कृति ने पैर जमाए थे। भंडारे के प्रसाद की बात ही अलग होती है। इसका स्वाद अतुलनीय होता है। ये भंडारे की महिमा ही मानी जाएगी। भंडारे का प्रसाद पूरे अनुशासन से लिया जाता है। कनॉट प्लेस में रोज हजारों लोग नवरात्रों के दौरान भंडारे का प्रसाद खाते हैं। जो भंडारा आयोजित करते हैं, वे या तो हनुमान मंदिर के आगे से प्रसाद खरीद कर बांट देते हैं या फिर खुद ही कहीं से बनवा कर लाते हैं। भंडारों की एक खास बात यह भी है कि इनसे प्रसाद हिंदू, मुसलमान, सिख, ईसाई सब ग्रहण करते हैं।

साउथ दिल्ली के पिलंजी गांव में कुछ युवकों ने कुछ साल पहले बालाजी कुनबा नाम से संगठन स्थापित किया। इसका मकसद जरूरतमंदों की भूख मिटाना है। ये हर रोज एम्स, सफदरजंग अस्पताल, राम मनोहर लोहिया अस्पातल के आगे बिहार, उड़ीसा, मध्य प्रदेश बगैरह से रोगियों के साथ आए तीमारदारों को भरपेट भोजन करवाते हैं। कौन है बालाजी कुनबा के सदस्य? यह सब हनुमानजी के भक्त हैं। इनकी कारों पर हनुमानजी की तस्वीर वाला बैनर लगा होता है। जिस पर बालाजी कुनबा एक परिवार भूख के खिलाफ लिखा रहता है। भंडारे के लिए पैसे का जुगाड़ पिलंजी गांव के लोग करते हैं। ये अधिकतर गुर्जर समाज से संबंध रखते हैं। आप भंडारा संस्कृति को भी तो जन सेवा ही कहेंगे। क्या अब भी किसी को बताने की जरूरत है कि परोपकार औस समाज सेवा हरेक भारतीय के जीवन का हिस्सा है। यकीन मानिए आपको अमेरिका या यूरोप में कहीं कोई भंडारा नहीं मिलेगा। अब आप भारत और यूरोप अंतर को समझ गए होंगे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# भारतीय रीति-रिवाजों का अपना एक वैज्ञानिक आधार है

सनातन या हिंदू संस्कृति और देवी-देवताओं में विश्वास की अभिव्यक्ति सभी क्षेत्र के लोगों के बीच आम हो रही है। हालांकि, यह सनातन धर्म के विरोधियों को एक शक्तिशाली संकेत देता है, जो ऐसे व्यक्तियों को अपनी विचारधारा का दुश्मन मानते हैं। पिछले साल, इसरो के अध्यक्ष और वैज्ञानिकों ने अनुष्ठान करने के लिए मंदिरों का दौरा किया और इसरो अध्यक्ष ने मंदिर के दौरे के महत्व को खुले तौर पर प्रोत्साहित किया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश चंद्रचूड़ ईश्वर में आस्था दिखाने का एक हालिया उदाहरण हैं। उन्होंने राम मंदिर के बारे में क्या कहा, मैं भगवान के सामने बैठा और उनसे कहा कि उन्हें समाधान खोजने की जरूरत है। उन्होंने भगवान में अपने विश्वास पर जोर दिया और कहा, मेरा विश्वास करो, अगर आपके अंदर विश्वास है, तो भगवान हमेशा एक रास्ता खोज लेंगे। हालांकि, जड़ जमाए हुए स्वार्थी हित, चाहे जानबूझ कर हो या अनजाने में, आमतौर पर मानव मन के समग्र या अंतिम परिप्रेक्ष्य में रुचि नहीं रखते हैं, विशेष रूप से सनातन धर्म में, जैसा कि हमारे प्राचीन ऋषियों ने खोजा था।

कई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त वैज्ञानिक और दार्शनिक सनातन धर्म के विशाल जान के साथ-साथ कार्यों, प्रथाओं को वैज्ञानिक मानते हैं, खासकर मानव जाति और पर्यावरण संरक्षण के संबंध में।



**लेखक : पंकज जगन्नाथ जयस्वाल**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

हालांकि, सनातन धर्म से नफरत करने वाले जिनमें कई कम्युनिस्ट, मिशनरी, इस्लामिक उपदेशक और राजनेता शामिल हैं, इसके बारे में गलत मिथक फैलाते हैं। भारतीय मार्क्सवादियों का मानना है कि इस्लाम एक 'प्रगतिशील धर्म है जिसके सिद्धांत अमीर और गरीब के बीच समानता को बढ़ावा देते हैं। दूसरी ओर, सनातन धर्म 'मूर्तिपूजा' और %इससे होने वाली बुराइयों में अपने विश्वास से प्रभावित है। यह समझ से परे है कि कैसे आरएस शर्मा और सभी मार्क्सवादी हिंदू मूर्तिपूजा को एक स्व-स्पष्ट बुराई मानते हैं, जबकि गुलामी व्यापार, हलाला, ट्रिपल तलाक, बहुविवाह और अन्य बर्बर शरीयत कानूनों, कुफ के लिए अंतर्निहित घृणा, जो अन्य धर्मावलंबियों के लिए घोषित असहिष्णुता से अधिक कुछ नहीं है और इस्लामी प्रथाओं में हिंसा और गंदी राजनीति की अभिन्न भूमिका में ये मार्क्सवादी कोई बुराई नहीं देख पाते हैं।

उलटा, हमारे मार्क्सवादी इतिहासकार इन सभी को प्रगतिशील सिद्धांत मानते हैं। आरएस शर्मा की कम्युनल हिस्ट्री और राम की अयोध्या में न केवल हिंदू विरोधी भावनाएं शामिल हैं, बल्कि इस्लाम के प्रति एक सुखद रवैया दिखाने की सोची-समझी आदत भी दिखाई देती है, जिसे दुनिया भर के कम्युनिस्टों ने शीतयुद्ध की शुरुआत से ही हासिल कर लिया है। सनातन धर्म की परंपराओं को पहले अंधविश्वास माना जाता था लेकिन विज्ञान के आगमन के साथ यह स्पष्ट हो रहा है कि ये परंपराएं वैज्ञानिक ज्ञान पर आधारित है और सदियों से परंपराओं के रूप में चली आ रही हैं।

हालांकि आम लोगों को इसमें विज्ञान नहीं पता था, लेकिन उन्होंने समय के इसका पूरी ईमानदारी से पालन किया। सनातन धर्म अपने साधकों को बदलने के लिए बल का उपयोग नहीं करता है। यह साधक ही हैं जो आंशिक रूप से या पूरी तरह से खुद को परिवर्तित करते हैं क्योंकि सनातन धर्म उन्हें अपनी इच्छानुसार किसी भी भगवान की पूजा करने की अनुमति देता है, साथ ही उन्हें अपने मूल धर्म का पालन जारी रखने की भी अनुमति देता है, चाहे वह ईसाई धर्म हो, इस्लाम हो या कोई और।

सनातन धर्म में धर्मांतरण करने के बाद भी किसी भी धर्म का पालन करने में कोई सौ फीसदी कट-ऑफ या रोक नहीं है।

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व सैनिक आश्रितों को सहायता राशि बांटी



**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** सैनिक कैंटीन दौलतपुर चौक में पूर्व सैनिकों के आश्रितों को सहायता राशि के रूप में 80 हजार रुपए के चेक बांटे गए। यह कार्यक्रम कार्यवाहक कैंटीन मैनेजर रिटायर्ड एआरसीएस डीएस डडवाल की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डीएस. डडवाल ने पूर्व सैनिकों के परिवारों को मिलने वाली विभिन्न योजनाओं के बारे में अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में 8 परिवारों के आश्रितों को दस-दस हज़ार रुपए के चेक सहायता राशि के रूप में वितरित किए गए। इस अवसर पर कै. रणजोध परमार, सूबेदार मेजर पुष्पेंद्र सिंह, सूबेदार शशिपाल इत्यादि उपस्थित रहे।

### स्वयं सहायता समूहों के खाद्य पदार्थों की प्रदर्शनी लगाई




**अनंत ज्ञान, दौलतपुर चौक।** स्वयं सहायता समूहों की ओर से हाथों से तैयार खाद्य पदार्थों व अन्य चीजों की प्रदर्शनी लगाई गई। इस प्रदर्शनी का नगर पंचायत अध्यक्ष कंवर धर्मजीत सिंह ने रिबन काटकर शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में सामुदायिक प्रबंधक मोनिका रानी, अनिता रानी, कनिष्ठ अभियंता अंकुश कुमार कौशल, मुकेश राठौर, साहिल मिन्हास इत्यादि उपस्थित रहे। मोनिका रानी ने बताया की यह प्रदर्शनी सतनाम व गंगा स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाई गई, जिसमें हाथों से तैयार की गई सेवियां, बड़ियां, आमचूर, सर्फ पाउडर व अन्य वस्तुओं की प्रदर्शनी के साथ बिक्री केंद्र भी लगाया गया। नगर पंचायत में यह प्रदर्शनी व बिक्री केंद्र 31 अक्तूबर तक चलेंगे।

### दुलेहड़ में धार्मिक समागम की शोभायात्रा 2 से



**हरोली।** हरोली क्षेत्र के गांव दुलेहड़ के गोविंद धाम गोशाला में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर में 2 से 9 नवंबर तक धार्मिक समागम का आयोजन किया जा रहा है । गोशाला के सेवादार पंडित किशोरी लाल ने बताया कि समागम में श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह के शुभारंभ पर 2 नवंबर को हरे कृष्णा की महिमा का गुणगान करते हुए शोभायात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक समागम की कलश यात्रा गोविंद धाम गोशाला स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर दुलेहड़ से सुबह 11 बजे शुरू होगी। यात्रा दौरान भगवान की महिमा का गुणगान गांव क्षेत्र में किया जाएगा। शोभायात्रा में कथा व्यास कृष्णा भारद्वाज वृंदावन वाली भी शामिल होंगी व कथा का गुणगान करेंगी। पंडित किशोरी लाल ने बताया कि श्री राधे कृष्ण मंदिर दुलेहड़ में श्रीमद् भागवत साप्ताहिक कथा रोजाना सुबह 11 से दोपहर 2:30 बजे तक होगी। कथा उपरांत हर रोज लंगर की व्यवस्था होगी । 9 नवंबर को कथा सप्ताह समाप्ति पर विशाल भंडारे का अयोजन भी होगा।

### दियोली में योग शिविर आयोजित



**अनंत ज्ञान, ऊना।** गगरेट क्षेत्र के राजकीय उच्च विद्यालय स्कूल दियोली में योग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें दियोली स्कूल के छात्र-छात्रोंओ को विभिन्न प्रकार के योगों का अभ्यास करवाया। योग प्रशिक्षक विशन दास ने शिविर में कुछ महत्त्वपूर्ण ध्यानात्मक आसान, प्राणायाम, मुद्रा, वज्रासन, दंडासन, बक्रासन, गोमुखासन, त्रियक , पादहस्तासन, त्रिकोणासन बंध आदि का अभ्यास कराया। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधन ने योग प्रशिक्षक विशन दास का आभार व्यक्त कर उनके कार्य की सराहना की। इस मौके पर स्कूल प्रधानाचार्य विवेक दत्ता, पूजा शर्मा, मनजीत कौर, सृष्ठा देवी, रणजीत कुमार, राम कुमार, अश्वनी कुमार व बच्चे उपस्थित रहे।

# डिजिटल युग में भी बिना भुगतान सरकारी स्कूलों की बत्ती हो रही गुल

## जिले की 500 प्राथमिक पाठशालाओं में डिजिटल आधार पर शिक्षा देना हुआ कठिन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

जिले के लगभग 500 प्राथमिक पाठशालाएं कार्यरत हैं और उनमें डिजिटल आधार पर शिक्षा देना कठिन हो गया है। बिजली बिल जमा नहीं होने से कई पाठशालाओं में बिजली कनेक्शन काट दिया गया है। प्राथमिक पाठशाला में डिजिटल स्क्रीन से पढ़ाई के आदेश हैं। अब कैसे यहां पढ़ाई हो संकट आ गया है, ऐसे में यहां कक्षा नर्सरी से पांचवी तक बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। इस प्रकार कुल 8 कक्षाओं को कई स्कूलों में एक अध्यापक ही पढ़ा रहा हैं।



एक तो प्राथमिक स्कूलों में शिक्षकों की पहले ही भारी कमी से जूझ रहा है और सरकार बच्चों की संख्या बढ़ाने पर जोर दे रही है, अब बुनियादी जरूरतें ही सरकारी स्कूलों में पूरी नहीं हो रही हैं तो कौन सा अभिभावक इन स्कूलों में बच्चों को पढ़ने के लिए भेजेगा। सरकार द्वारा प्राथमिक पाठशाला में भी एलईडी के माध्यम से पढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। प्राथमिक पाठशाला में एलईडी पड़ी है, जहां कनेक्शन काट दिए गए हैं, वहां एलईडी किस काम की है।

हैरानी की बात है की बिजली का बिल प्राथमिक पाठशाला की ओर से खंड प्राथमिक शिक्षा अधिकारी ऑनलाइन बिजली विभाग में जमा करवाते हैं। स्कूल का मुख्य अध्यापक अपने इस अधिकारी को बिल भेज देता है। इस प्रकार राशि के अनुसार उनके बिल जमा हो जाते रहे हैं।

अब वर्ष सितंबर 2023 से अक्तूबर 2024 तक सरकार की तरफ से बजट का कोई पैसा नहीं आया है। बिजली विभाग बार-बार स्कूलों को नोटिस दे रहे हैं और कई स्कूलों के कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं। कई स्कूलों के एसएमसी सदस्य रमेश चंद, सदेव सिंह, विक्की ठाकुर, रोहण, यामिनी, मोहन, रीता जोगिंद्र तथा कीमती लाल का कहना है कि जब स्कूल में बिजली नहीं होगी तो ऑनलाइन या डिजिटल पढ़ाई कैसे होगी। सरकार को इस प्रकार पैसा व्यर्थ नहीं गवाना चाहिए। इसे विकास के लिए भी खर्चा जा सकता था। एक तरफ स्कूलों को सामान दिया जा रहा है तो बिजली का बिल एक वर्ष से पेंडिंग पडा है।

### बजट का प्रावधान न होने से आ रही समस्या

प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला प्रधान राकेश शर्मा और वहां सचिव सतेंद्र मिन्हास का कहना है कि कार्यालय से बार-बार बजट के संबंध में पता किया जाता है परंतु प्रावधान न होने के कारण स्कूलों में बच्चों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और पढ़ाई भी डिजिटल के माध्यम से बंद हो गई है। शासन और प्रशासन इस संबंध में कदम उठाए अन्यथा स्कूलों में जितनी तादाद है, वह भी प्राइवेट स्कूल खींच कर ले जाएंगे।

### क्या कहना है अधिकारियों का

रक्कड कॉलोनी स्थित अधिशाषी अभियंता जसविंदर सिंह का कहना है कि यदि स्कूलों ने बिजली की खपत की है तो बिल देना ही पड़ेगा। हमारा इसमें कोई रोल नहीं है। प्रभावित स्कूलों के मुख्य अध्यापक अपने विभाग से राफता कायम करें।

वहीं, जिला शिक्षा उपनिदेशक एलिमेंट्री सोमलाल धीमान का कहना है कि मामला उच्च अधिकारियों के संज्ञान में है, जैसे ही हमें बजट प्राप्त होगा, तत्काल पाठशालाओं के बिल की राशि जारी कर दी जाएगी।

# गोबिंदसागर में बेस्ट बंगाल से लाया मछली का बीज डाला



गोबिंदसागर में बढ़िया मछलियों का बीज डाला गया।

**विनोद शर्मा, लठियानी**

ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा की गोबिंदसागर झील अंदरौली में मछलियों का बीज डाला गया। मछली का बीज बेस्ट बंगाल से लाया गया है। सहायक मत्स्य निदेशक बिलासपुर पंकज ठाकुर ने बताया कि यह मछली का बीज बहुत ही बढ़िया है, जो कि भविष्य में मछुआरों के लिए बहुत ही लाभदायक होगा।

पंकज ठाकुर ने कहा कि मत्स्य विभाग का हर समय यही प्रयास रहता है कि मछुआरे अच्छा व्यवसाय कर अपने परिवार का पालन-पोषण करें। उन्होंने कहा कि लोग आजकल प्रकृति के साथ बहुत ही छेड़छाड़ कर रहे हैं और अच्छी पैदावार के लिए अपनी जमीनों में दवाइयां का छिड़काव कर रहे हैं और यह दवाइयां इतनी जहरीली हैं जो कि यह सभी के लिए हानिकारक हैं, हो सकता है कि इसकी वजह से मछली का उत्पादन गोबिंदसागर झील में कम हो रहा है। पंकज ठाकुर ने सभी लोगों से आग्रह किया कि जहरीली दवाइयां का कम से कम प्रयोग करें।

सहायक मत्स्य निदेशक ऊना विवेक शर्मा ने बताया कि मत्स्य विभाग मछुआरों को कई प्रकार की सुविधाएं दे रहा है जैसे कि किश्ती , मकान बनाने के लिए, और भी कई प्रकार की सुविधा विभाग की और मछुआरों को दी जा रही हैं। (अनंत ज्ञान)

# नेहा वॉलीबाल में राष्ट्रीय स्तर पर दिखाएगी अपना जौहर



लठियानी पाठशाला में होनहार बेटी के साथ स्कूल स्टाफ व अन्य गणमान्य।

**अनंत ज्ञान, लठियानी**

ऊना जिले के उपमंडल बंगाणा में राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लठियानी की होनहार छात्रा कुमारी नेहा शर्मा पुत्री स्वर्गीय गुलशन कुमार का चयन वॉलीबाल में हिमाचल प्रदेश की टीम में हुआ है। वह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरेली उत्तर प्रदेश में जाकर अपने खेल का प्रदर्शन करेगी। स्कूल के प्रधानाचार्य राजकुमार ने बताया कि नेहा एक बहुत ही प्रतिभाशाली छात्रा है तथा ग्राम पंचायत तनोह के गांव तुडेटा से संबंध रखती है। एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने के उपरांत भी उसके हौसले बुलंद हैं।

पिता गुलशन कुमार का काफी समय पहले देहांत हो चुका है, जबकि माता संजीरा देवी तनोह स्कूल में मिड-डे मील कार्यकर्ता है। नेहा की कामयाबी के पीछे स्कूल के शारीरिक शिक्षक राजीव जसवाल तथा प्रधानाचार्य सहित स्कूल के समस्त स्टाफ सदस्यों का योगदान है। इसमें सबसे ज्यादा सहयोग एसएमसी प्रधान दर्शन की भी रही है। नेहा के चयन से स्कूल सहित पूरे इलाके में खुशी की लहर है।

# नगर पंचायत गगरेट में मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

लंबे इंतजार के बाद नगर पंचायत गगरेट को तीन पार्षद मिल गए हैं। प्रदेश सरकार द्वारा नगर पंचायत गगरेट के लिए मनोनीत किए गए तीन पार्षदों ने शुक्रवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। नगर पंचायत के सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में एसडीएम सौमिल गौतम ने मनोनीत किए गए पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इनमें से एक पार्षद पहले भी नगर पंचायत के वार्ड नंबर दो से चुने हुए पार्षद रह चुके हैं तो एक पहले भी मनोनीत पार्षद रह चुके हैं। एक मनोनीत पार्षद का यह पहला कार्यकाल है।

दो पार्षदों के तजुर्बे का नगर पंचायत को विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने में लाभ मिल सकता है। यूं तो प्रदेश सरकार के गठन के साथ ही प्रदेश के तमाम नगर निकायों में पार्षदों का मनोनयन हो गया था, लेकिन विधानसभा क्षेत्र गगरेट ही एकमात्र ऐसा विधानसभा क्षेत्र था, जहां की दो नगर पंचायतों में किसी भी पार्षद का मनोनयन नहीं हो पाया था। दरअसल तत्कालीन विधायक ने ही शायद इन नगर पंचायतों में पार्षदों के मनोनयन को लेकर दिलचस्पी नहीं दिखाई।



एसडीएम ने नए पार्षदों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

**बोले-विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए वह शिद्दत से करेंगे काम**

पार्षदों के मनोनयन के लिए कई बार नामों की चर्चा हुई, लेकिन इससे आगे बात नहीं बढ़ी। विधायक राकेश कालिया की संस्तुति पर अब नगर पंचायत गगरेट में मनोनीत किए गए पार्षद नरेंद्र राणा पहले भी वर्ष 2015 से लेकर वर्ष 2020 तक नगर पंचायत गगरेट के वार्ड नंबर दो से पार्षद रह चुके हैं। हालांकि उक्त वार्ड महिला के लिए आरक्षित हो जाने के कारण वह वर्ष 2020 के चुनाव में नहीं उतर पाए थे। उनके मनोनयन से उनके तजुर्बे का लाभ नगर पंचायत को हो सकता है।

वहीं, पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सेवानिवृत्त प्रिंसिपल राजेंद्र जसवाल भी पहले नगर पंचायत के मनोनीत पार्षद रह चुके हैं। इस लिहाज से वह भी नगर पंचायत के कार्यों से भलीभांति परिचित हैं। इसके अलावा वार्ड नंबर पांच से पहली बार मनोनीत पार्षद बनाए गए बलराम ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली है।

नवनियुक्त पार्षदों ने कहा कि नगर पंचायत में विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए वह शिद्दत से काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत के विकास के लिए विधायक राकेश कालिया का भी पूर्ण सहयोग लिया जाएगा। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल ठाकुर, उपाध्यक्ष कुसुम लता, पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र तोतू, पार्षद सरोज बाला, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह कंवर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला परिषद सदस्य अश्विनी ठाकुर, राजेश बिट्टा, किशन पाल शर्मा, शेखर, कुलवंत सिंह, निशांत शर्मा, आशीष शर्मा, विकास राणा, विकास कौंडल, नगर पंचायत सचिव सुषमा रानी भी मौजूद रहे।

# जल शक्ति मंत्रालय की टीम ने पीपली में ड्रैगन फल के बगीचे का किया दौरा

**अनंत ज्ञान, ऊना**

केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय से कैच द रेन अभियान 2024 की दो सदस्यीय टीम ने विकास खंड बंगाणा के तहत पीपली गांव में ड्रैगन फल के बगीचे का दौरा किया। दो सदस्यीय टीम में निदेशक डॉ. प्रमोद कुमार और वैज्ञानिक डॉ. प्रवीण कुमार शामिल रहे। इस दौरान उन्होंने ड्रैगन फल की खेती में प्रयोग किए जा रहे सभी उर्वरकों और उसके रखरखाव बारे विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की।

उद्यान विभाग के उपनिदेशक डॉ. केके भारद्वाज ने दो सदस्यीय टीम को बताया कि ड्रैगन फल के बगीचे लगाने के बाद इसका रखरखाव ग्रामीण विकास विभाग की नरेगा स्कीम के तहत किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि बागवानी विभाग द्वारा एमआईडीएच स्कीम के तहत अगस्त 2023 में पीपली के किसानों की पचीस कनाल भूमि पर सुपर फ्रूट कहे जाने वाले फल ड्रैगन के ताइवान पिंक किस्म के 3300 पौधों का बगीचा लगाया गया था। विभाग द्वारा जानवरों की रोकथाम के लिए कम्पोजिट फेंसिंग, सिंचाई के लिए ड्रिप सिंचाई प्रणाली, भूमि का विकास, कंक्रीट के पोल तथा ड्रैगन के उच्च किस्म के पौधे किसानों को उपलब्ध करवाए गए हैं। यह फल कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्वों का एक समृद्ध स्रोत है।



ड्रैगन फल की खेती में प्रयोग किए जा रहे सभी उर्वरकों और रखरखाव की ली जानकारी।

इस अवसर पर बीडीओ बंगाणा सुशील कुमार, अधिशाषी अभियंता ग्रामीण विकास विभाग बंगाणा डॉ. वीरेंद्र भारद्वाज, बागवानी विकास अधिकारी बंगाण अनुपम शर्मा, बागवानी प्रसार अधिकारी, प्रधान ग्राम पंचायत बल्ह तथा किसान रोशन लाल, मदनलाल, प्रेमवती, दीप कुमार उपस्थित रहे।

### फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2025 को लेकर विशेष बैठक का किया आयोजन

# पात्र नागरिकों को सूचियों में शामिल करने में सहयोग आवश्यक : डीसी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2025 को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी जतिन लाल ने ऊना जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उपायुक्त ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूचियों को निरंतर अद्यतन बनाए रखने के उद्देश्य से मतदाता सूचियों का समय-2 पर पुनरीक्षण करवाया जाता है ताकि सूचियां त्रुटिरहित बन सके।

उपायुक्त ने कहा कि निर्वाचन विभाग का लक्ष्य शत-प्रतिशत पात्र नागरिकों को फोटो मतदाता सूचियों में दर्ज करना है तथा इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सभी राजनीतिक दलों का सक्रिय सहयोग आवश्यक है।

**दावे/आक्षेप प्राप्त करने हेतु अभिहित अधिकारियों की नियुक्ति** : उपायुक्त ने कहा कि पुनरीक्षण के दौरान ऐसे नागरिक जिनकी आयु 01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष पूर्ण होने जा रही है या इससे अधिक हो चुकी है, परंतु अभी तक अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज नहीं करवा सके हैं, वे अपना नाम दर्ज करवाने हेतु निर्धारित प्रारूप भरकर संबंधित मतदान केंद्र पर नियुक्त अभिहित अधिकारी अथवा बूथ लेवल अधिकारी के समक्ष 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक जमा करवा सकते हैं। इसके अतिरिक्त मतदाता सूची की किसी प्रविष्टि की शुद्धि करवाने, मतदाता सूची से अपात्र/मृत व्यक्तियों के नाम हटाने या निर्वाचन क्षेत्र के एक मतदान केंद्र से दूसरे मतदान केंद्र पर नाम स्थानांतरित करवाने हेतु समुचित प्रारूप (फार्म) भरकर दावे/आक्षेप भी संबंधित अभिहित अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी फार्म अभिहित अधिकारियों/ बूथ लेवल अधिकारियों के पास उपलब्ध हैं।

**बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति** : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए अलग-अलग बूथ लेवल एजेंट्स की नियुक्ति की जानी अपेक्षित है। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से अपील की है कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र पर एक बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति करना अवश्य सुनिश्चित करें।

इसके अतिरिक्त भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के प्रतिनिधियों से 45-कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केंद्र में उनके बूथ लेवल एजेंट नियुक्त करने को कहा है।

**ये रहे उपस्थित :** बैठक में सुनील कुमार चोलिया, इंडियन नेशनल कांग्रेस, राजेश चौधरी, भारतीय जनता पार्टी, रमेश चंद, महासचिव बहुजन समाज पार्टी, सुमन कपूर, तहसीलदार (निर्वाचन), अजय कुमार शर्मा, नायब तहसीलदार (निर्वाचन) उपस्थित रहे।

### फोटो मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान 29 अक्तूबर से 28 नवंबर तक प्राप्त दावे तथा आक्षेपों का निपटारा संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण द्वारा 24 दिसंबर तक सुनिश्चित किया जाएगा और अंतिम रूप से तैयार फोटो मतदाता सूचियों का 6 जनवरी, 2025 को अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। उपायुक्त ने सभी राजनीतिक दलों से फोटोयुक्त मतदाता सूचियों के विशेष पुनरीक्षण-2025 अभियान को सफल बनाने में अपना पूर्ण सहयोग करने की अपील की ताकि फोटोयुक्त मतदाता सूचियों को त्रुटि-रहित बनाया जा सके।

**आयोजन** उपमुख्यमंत्री मुकेश ने की हरोली के बालीवाल में ‘सरकार गांव के द्वार’ कार्यक्रम की अध्यक्षता

# समग्र विकास के लिए निर्णायक काम कर रही सरकार : अग्निहोत्री

**राजेश शर्मा, ऊना**

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि हिमाचल सरकार प्रदेश के समग्र विकास के लिए निर्णायक काम कर रही है। इसमें हर गांव के आखिरी कोने तक विकास के लाभ पहुंचाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। इस उद्देश्य को पूरा करने में ‘सरकार गांव के द्वार’ कार्यक्रम एक महत्वपूर्ण उपक्रम है। अग्निहोत्री ने यह बात शनिवार को हरोली विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत बालीवाल में आयोजित सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कही। इस मौके पर उन्होंने जनसमस्याओं का मौके पर निपटारा किया और जनता की मांगों तथा आग्रहों का समाधान किया।

अग्निहोत्री ने कहा कि पुंजआना से पोलियां वाया कुठारबीत सड़क के लिए 42 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री के सामने जब बालीवाल के वार्ड नंबर 7 के तारू राम और वार्ड नंबर 5 की नीलम कौर के रहने को पक्का मकान न होने की समस्या आई तो उन्होंने मौके पर ही दोनों मामलों में मुख्यमंत्री आवास योजना में उनके लिए आवास स्वीकृत कर दिए। आवास मिलने की खुशी से गदगद दोनों लाभार्थियों ने सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम की खूब प्रशंसा करते हुए उपमुख्यमंत्री का आभार जताया।



सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में संबोधित करते उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली क्षेत्र में अनेक प्राचीन टोबे (तालाब) हैं। उनके संरक्षण और सौंदर्यीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। टोबों की रिर्चाचिंग पर 18 करोड़ रुपए व्यय किए जा रहे हैं। वहीं, 2-2 करोड़ से पूबोवाल और दुलैहड़ में टोबों का सौंदर्यीकरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल, पुलिस अधीक्षक राकेश सिह, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रणजीत राणा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार, प्रदेश कांग्रेस सचिव अशोक ठाकुर, जिला ओबीसी सैल के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, कांग्रेस नेता धर्म चंद चौधरी, गुरदेव सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

**हरोली में चप्पे-चप्पे पर सीसीटीवी की नजर :** अग्निहोत्री ने कहा कि हरोली विधानसभा क्षेत्र में कोई भी अपराधी अपराध करके अब बच नहीं सकेगा। 2 करोड़ रुपए व्यय करके पूरे क्षेत्र पर सीसीटीवी की निगरानी सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद बनाने के लिए विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रवेश द्वार, मुख्य मार्गों, महत्वपूर्ण स्थलों, चौराहों और बाजारों में सीसीटीवी लगाए गए हैं। यह पहल क्षेत्र की सुरक्षा को सुनिश्चित करने और अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण कदम है।

**हरोली में विकास के नए आयाम :** उन्होंने कहा कि हरोली के रोड़ा में जल्द ही 5 करोड़ रुपए की लागत से एक ऑटोमेटिक वाहन परीक्षण केंद्र स्थापित किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 8 करोड़ रुपए की लागत से ट्रैफिक पार्क और 7 करोड़ रुपए से एक विश्रामगृह का निर्माण कार्य भी तेजी से हो रहा है। उन्होंने कहा कि हरोली में 6 करोड़ से बस अड्डे का निर्माण किया जा रहा है। हरोली क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं में भी निरंतर सुधार हो रहा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली के 100 बिस्तरों वाले अस्पताल में विशेषज्ञ सेवाओं के लिए 11 नए डॉक्टर तैनात किए गए हैं। हरोली में डॉ. सिम्मी अग्निहोत्री राजकीय पीजी कॉलेज का भवन भी लगभग तैयार हो चुका है और अगले शैक्षणिक सत्र से एमए और प्रोफेशनल कोर्सेज की कक्षाएं भी शुरू हो जाएंगी।

**अंतिम व्यक्ति की संतुष्टि तक गांव में ही डटे रहेंगे अधिकारी :** उपमुख्यमंत्री ने कार्यों की लोगों से फीडबैक लेते हुए कहा कि जब तक इन कार्यों को लेकर सौ फीसदी लोग संतुष्ट नहीं हो जाते, तब तक अधिकारी गांव में ही डटे रहेंगे। (अनंत ज्ञान)

### बालीवाल बनेगा विकास का अगुआ

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि बालीवाल क्षेत्र में विकास की अनेक परियोजनाओं से यह क्षेत्र आने वाले समय में विकास का अगुआ होगा। उन्होंने बताया कि किसानों के लिए बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराने के मकसद से बीत क्षेत्र सिंचाई योजना-2 का निर्माण किया जा रहा है। 70 करोड़ रुपए की इस योजना में बालीवाल क्षेत्र को भी सम्मिलित किया गया है। इसके अतिरिक्त बीत क्षेत्र में 62 करोड़ की पानी की स्कीम का काम भी किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि हरोली में जलशक्ति विभाग की 28 करोड़ रुपए की 4 महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर कार्य तेजी से चल रहा है। इनमें पूबोवाल, बालीवाल, हरोली और नगनोली की जल योजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा बालीवाल क्षेत्र में जल शक्ति विभाग की 21 करोड़ रुपए की तीन महत्वपूर्ण योजनाओं का काम चल रहा है। इनमें बालीवाल के लिए 7.80 करोड़ रुपये लागत की एशियन विकास बैंक की योजना, 10 करोड़ की हरोली-पंजुआणा योजना तथा नाबार्ड की 2.83 करोड़ रुपये की योजना शामिल है।बालीवाल क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण के लिए 5 बड़े भंडारण टैंक बनाए गए हैं। इनमें बालीवाल में 1 लाख लीटर तथा जोड़ियां, भानेवाल व पंजुआणा में 40-40 हजार लीटर और गुजरांवाला में 20 हजार लीटर क्षमता के जल भंडारण टैंक बनाए गए हैं।



## न्यूज ब्रीफ

### एसडीएम ने किए पटाखा बिक्री के स्थान चिन्हित

**अनंत ज्ञान, आनी।** जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने पटाखों की बिक्री के स्थान चिन्हित कर दिए हैं। आदेशों के अनुसार चिन्हित स्थानों पर केवल दो दिन क्रमशः 30 और 31 अक्तूबर को ही लाइसेंसशुदा व्यापारी ही स्टाल लगाकर पटाखों की थोक या परचून बिक्री हो सकेंगे। जिसको लेकर एसडीएम ने बाकायदा बीएनएसएस की धारा 163 की शक्तियों और सर्वोच्च न्यायालय के पारित आदेशों को मद्देनजर रखते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। एसडीएम के आदेशानुसार निरमंड में सिविल सप्लाई के गोदाम के साथ खुले स्थान पर पटाखों की बिक्री की जा सकेगी, जबकि ब्रो में क्रांति चौक में, चाटी में डंपिंग स्थल वाले ग्राउंड में, जगातखाना में पुल के पिछली तरफ बस स्टैंड में, अरसु में बस स्टैंड, बागीपुल में बस स्टैंड, निथर में जलशक्ति विभाग के कार्यालय के साथ जुंडवा नामक स्थान पर ही पटाखों की बिक्री हो सकेगी। उन्होंने स्पष्ट किया है कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### भुंतर स्कूल में मनाया 32वां बाल विज्ञान सम्मेलन



**अनंत ज्ञान भुंतर।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भुंतर में 32वां वाल विज्ञान सम्मेलन मनाया गया। इस सम्मेलन में दी लोअर कुल्लू किसान बागवान संगठन के अध्यक्ष करतार सिंह गुलेरिया ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। सबसे पहले स्कूली बच्चों ने पहाड़ी नाटी डालकर मुख्यातिथि का स्वागत किया। मुख्यातिथि ने विभिन्न स्कूलों से आए हुए प्रतिभागियों को इनाम बांटे। गुलेरिया ने कहा कि आज विज्ञान का जमाना है विज्ञान के बदौलत देश ने काफी तरीकी की है। आज हर विद्यार्थी की जेब में मोबाइल है जिससे कंप्यूटर का कार्य भी लेते हैं। वहीं, इंटरनेट के माध्यम से कोई भी जानकारी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने विज्ञान सम्मेलन में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को उन्होंने बधाई दी और कहा कि इसी तरह आगे बढ़े आप से ही निकले बच्चे वैज्ञानिक बनेंगे। भुंतर स्कूल के प्रिंसिपल तिलक राज ने विज्ञान सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को बधाई दी। बता दें हिमाचल प्रदेश विज्ञान प्रोद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद द्वारा 32वें बाल विज्ञान सम्मेलन 2024 में भाग लेने के लिए सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों के लिए आवेदन किया, जिसमें कुल्लू जिले के 1230 विधार्थियों का पंजीकरण हुआ। इस सम्मेलन का आयोजन विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि उत्पन्न करने और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हर वर्ष किया जा रहा है। यह सम्मेलन विद्यार्थियों को विज्ञान की नई अवधारणाओं से परिचित कराने के साथ-साथ उनके वैज्ञानिक दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करने का एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। भुंतर स्कूल में हुए सम्मेलन में कुल्लू उपमंडल के 390 छात्रों ने भाग लिया। इस मौके पर भुंतर स्कूल के प्रिंसिपल तिलक राज, उपप्रधान श्यामू महंत, विक्की सेवल एसएमएस के अध्यक्ष भवानी भंडारी आदि उपस्थित रहे।

### जिले में बाहरी कामगारों का पंजीकरण अनिवार्य: रवीश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला में किसी भी तरह की वारदात या अप्रिय घटना को रोकने तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी तोरुल एस रवीश ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अस्थायी तौर पर रह रहे प्रवासी श्रमिकों, रेहड़ी-फड़ी एवं फेरी वालों और अन्य बाहरी कामगारों का पंजीकरण अनिवार्य कर दिया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए जिला दंडाधिकारी ने जिला से बाहरी कामगारों को काम पर रखने वाले उद्यमियों, कारोबारियों, ठेकेदारों, किसानों और अन्य लोगों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने कामगारों का फोटो सहित पूरा विवरण देकर नजदीकी पुलिस थाने में पंजीकरण सुनिश्चित करें। जिला दंडाधिकारी ने इन लोगों के लिए भी नजदीकी पुलिस थाने में अपना पंजीकरण करवाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने इन आदेशों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो सकती है। ये आदेश दो माह की अवधि तक लागू रहेंगे।

### 29 से शुरू होगा सड़कों का मरम्मत कार्य

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** पतलीकूहल हलाण-2 और फोजल-नेरी-काथी-कुक्कड़ी सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हो रहा है। जिसकी वजह से इन दोनों सड़कों पर यातायात बाधित रहेगा। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता केडी कश्यप ने बताया कि उपरोक्त सड़कों पर मरम्मत कार्य करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पतलीकूहल हलाण-2 पर सीमेंट कंक्रीट की सड़क और फोजल-नेरी-काथी-कुक्कड़ी सड़क पर टायरिंग का कार्य किया जाएगा। इस दौरान पतलीकूहल हलाण-2 सड़क 2 नवंबर से 13 नवंबर और फोजल-नेरी-काथी-कुक्कड़ी सड़क 29 अक्तबर से 9 नवंबर तक वाहनों के लिए बाधित रहेगी।

### सात दिवसीय एनएसएस शिविर संपन्न




**अनंत ज्ञान आनी।** शहीद डोला राम वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय निथर में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर शनिवार को रंगारंग कार्यक्रमों के साथ सम्पन्न हो गया है। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत देहरा की प्रधान सरोजवाला बतौर मुख्यातिथि और अतिथि एसएमसी अध्यक्ष चंद्रपाल शर्मा ने बतौर विशिष्ट अतिथि के तौर पर शिरकत की। इस दौरान स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि सरोज बाला ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए इस तरह के शिविर चरित्र निर्माण और जीवन की एक बेहतर शैली निर्माण करने के लिए बहु उपयोगी बताए। साथ में उन्होंने पर्सनेलिटी डिवेल्पमेंट के बारे में बच्चों को बताया कि किस तरह से अपनी पर्सनेलिटी का विकास कर सकते है। प्रधानाचार्य धर्मपाल ने कहा कि बच्चों में इस तरह के कैंप से नैतिक मूल्यों में विकास होते हैं क्योंकि आज के समय में बच्चों में नैतिक मूल्यों में कमी आ रही है। एनएसएस प्रमुख अनिल गोस्वामी व रेणु गोस्वामी ने कहा कि सात दिन के इस एनएसएस शिविर में बच्चों को मानसिक, बौद्धिक, शारीरिक गतिविधियों करवाई गई।

### मैथ ओलंपियाड में बंजार ने मारी बाजी



**अनंत ज्ञान, बंजार।** उपमंडलीय स्तर पर आयोजित वाल विज्ञान मेले में बंजार उपमंडल के 33 पाठशालाओं के लगभग 160 प्रतिभागी विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता समन्वयक कुशाल ठाकुर ने बताया कि मुख्यातिथि प्रधानाचार्या सुनीता ठाकुर का स्वागत कर कार्यक्रम का आगाज किया गया। दो दिन से चलने वाली इस प्रतियोगिता में मॉडल, प्रश्नोतरी, मैथ ओलंपियाड की जूनियर, सीनियर वर्ग एवं सीनियर सेकेंडरी वर्ग की प्रतियोगिता करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में जुनियर स्तर पर एसईटी स्कूल बंजार ने प्रथम व टीपीएस स्कूल बंजार द्वितीय तथा कनौन स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर स्तर पर सीसे स्कूल गुशैनी प्रथम व सीसे स्कूल बंजार द्वितीय स्थान तथा टीपीएस स्कूल बंजार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। मैथ ओलंपियाड प्रतियोगिता में जुनियर स्तर पर सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय बंजार ने प्रथम स्थान व एसईटी स्कूल बंजार ने दुसरा स्थान तथा सीसे स्कूल थाटीबीड नें तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर स्तर पर एसईटी बंजार ने प्रथम स्थान व सीसे स्कूल गुशैनी ने दुसरा स्थान तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला देहुरी ने तृतिय स्थान प्राप्त किया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम आने वाली टीम को जिला स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता के लिए चयनित किया गया। मुख्यातिथि प्रधानाचार्या सुनीता ठाकुर ने प्रतिभागी विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए आह्वान किया कि आज के बच्चे भविष्य के वैज्ञानिक हैं। इस अवसर पर अध्यापक एवं प्राध्यापक, मुख्याध्यापक श्याम ठाकुर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी नीरत सिंह नेगी, सहायक समन्वयक हरि सिंह, रवि ठाकुर , प्रकाश दीपक, योगेन्द्र, अच्छर सिंह, उमा देवी, दीप कुमार, गीता चौहान आदि उपस्थित रहे।

# भलाग्रा व तालिहार में दो मकान जलकर राख

## दो अगल-अलग आगजनी की घटनाओं में लाखों का नुकसान

**शीला कौल, बंजार**



कुल्लू जिले के उपमंडल बंजार में एक दिन में आग लगने की दो घटनाएं सामने आई हैं। बंजार की शर्ची पंचायत के तलिहार गांव में एक अढ़ाई मंजिला मकान जलकर राख हो गया। आग लगने के बाद अफरातफरी मच गई। हालांकि, आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

आग की इस घटना में टेक राम पुत्र कुर्म दत्त, गांव तलिहार बुसारी, बंजार को लाखों की क्षति हुई है। बंजार स्थित जीभी के पास भलाग्रां में एक मकान जलकर राख हो गया है। मकान भाग सिंह पुत्र भगत राम का है। जानकारी के अनुसार मकान में आग शनिवार सुबह लगी। मकान सड़क के पास होने के बावजूद भी आग पर काबू नहीं पाया गया है। पहली घटना में बंजार के पर्यटक स्थल जिभी के गांव भलाग्रा में आज सुबह करीब 8.20 बजे अचानक एक ढाई मंजिला काठकुनी शैली से बने अढ़ाई मंजिला मकान में अचानक आग लगने से मकान धू-धू जल उठा। वहीं, दूसरी घटना में बंजार उपमंडल की ग्राम पंचायत शर्ची के गांव तलीहार बुसारी में भी एक अढ़ाई मंजिला मकान में अचानक आग लगने से वह भी मकान जलकर राख हो गया।

ग्रामीण आग की सूचना मिलते ही आग पर काबू पाने के लिए जुट गए पर आग ने इतना विकराल रूप धारण किया को संपत्ति को जलने से बचाया नहीं बचाया जा सका। हालांकि, आगजनी की घटना में किसी भी व्यक्ति पशु के हताहत होने की सूचना नहीं है। राजस्व विभाग पुलिस द्वारा घटना स्थल का दौरा किया गया। जिला परिषद सदस्य मान सिंह सहित स्थानीय लोगों का कहना है कि जिभी के भलाग्रा में सुबह करीब 8.32 बजे पर दमकल विभाग को इसकी सूचना दी गई, पर दमकल का वाहन एक घंटा देरी से छोटा वाहन पहुंचा। दमकल विभाग से जब पूछा गया कि तो बताया गया कि बड़ा वाहन सर्विस करवाने के लिए भेजा गया है, तो दूसरा बड़ा वाहन लारजी से मंगाया गया, तब तलक काफी देर हो चुकी थी। ग्रामीणों द्वारा आसपास के घरों की टंकियों से पानी जोड़ कर आग पर का काबू पाया गया। दमकल के छोटे वाहन पानी के टैंक में तकनीकी खराबी का आरोप लगाया गया। जिस कारण संपत्ति को नुकसान हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं एसडीएम

**जब** इस बाबत एसडीएम बंजार पंकज शर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि अगर दमकल विभाग द्वारा लापरवाही की गई है तो इस की जांच की जाएगी।

### यह बोले-तहसीलदार बंजार

**तहसीलदार** बंजार रमेश कुमार का कहना है कि आगजनी स्थल का मौका किया गया है। भलाग्रा में दस लाख व शर्ची के तालिहार में 50 लाख का नुकसान आंका गया है । नियमानुसार अनुसार मुआवजा दिया जाएगा।

# कानूनी दांव-पेंच में फंसा मनाली नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

नगर परिषद मनाली के अध्यक्ष पद का चुनाव कानूनी दांव-पेंच में फंस गया है। 25 सितंबर को अविश्वास प्रस्ताव आने के बाद शनिवार को नप मनाली अध्यक्ष पद का चुनाव होना था, लेकिन कानूनी दांव-पेंच के चलते अध्यक्ष पद का चुनाव टल गया है। शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए मनोज लार्जे, ललिता व नवीन तनवर ने नामांकन पत्र भरा। दूसरी तरफ चमन कपूर व नवीन तनवर ने मनोज लार्जे के खिलाफ शिकायत पत्र चुनाव अधिकारी को दिया। जिसमें आरोप लगाया गया कि मनोज वर्तमान में उपाध्यक्ष के पद पर तैनात होते हुए अध्यक्ष पद का चुनाव कैसे लड़ सकते हैं।

**चुनाव रद्द होने के कारण मनाली में राजनीतिक सरगर्मियां तेज**

गौर हो कि मनोज लार्जे ने अपने पद से त्याग पत्र दे दिया था साथ ही मनोज के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव भी लाया गया था लेकिन न तो त्याग पत्र स्वीकार हुआ न ही अविश्वास प्रस्ताव पर कोई निर्णय आया। इस शिकायत को आधार मानते हुए चुनाव अधिकारी ने चुनाव रद्द करते आगामी कार्रवाई के लिए शिमला प्रेषित कर दिया है। चुनाव अधिकारी के इस निणर्य को लेकर भाजपा में भारी रोष देखा गया।

चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा ने पत्रकारों से कहा कि उन्हें जो शिकायत पत्र मिला है उसे आगामी करवाई के लिए भेज दिया है। वहीं, अध्यक्ष पद के दावेदार मनोज लार्जे ने कहा कि राजनीतिक दवाब के चलते चुनाव को रद्द किया गया है। मनोज ने कहा कि उन्होंने अपना त्यागपत्र उपायुक्त को सौंप दिया था। उसे स्वीकार करना प्रशासन का काम था। उधर, सात में से चार पार्षद एक तरह हैं, जबकि तीन दूसरी ओर हैं। कयास यह लगाए जा रहे थे कि मनोज लार्जे का अध्यक्ष बनना तय है, लेकिन विधायक भी वोट देने पहुंच गए, जिससे माहौल गरमा गया। पूर्व अध्यक्ष चमन कपूर ने कहा कि भाजपा की आपसी गुटबाजी के चलते मुझे कुर्सी से उतारा गया है जो आने वाले समय में मनाली भाजपा के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

# बंजार-बठाहड़ सड़क पर एफडीआर तकनीक से विस्तारीकरण कार्य का ट्रायल शुरू

**अनंत ज्ञान, तीर्थन**



बंजार जिला कुल्लू उपमंडल बंजार की सड़कों का पुनर्निर्माण कार्य पहली बार फुल डेप्थ रिक्लेमेशन (एफडीआर) पूर्ण गहराई सुधार एक नई तकनीक से हो रहा है। तीर्थन घाटी की करीब बीस किलोमीटर लंबी बंजार से बठाहड़ मुख्य सड़क मार्ग के विस्तारीकरण कार्य का ट्रायल देहूरी में किया गया है। सड़क के करीब 100 मीटर लंबे पैच पर इस कार्य को चंडीगढ़ की गर्ग सांस एस्टेट कंस्ट्रक्शन कंपनी कर रही है।

इस तकनीक से जहां सड़क की गुणवत्ता बेहतर होगी, वहीं पर्यावरण को बचाने में भी एफडीआर तकनीक कारगर है। लोक निर्माण विभाग ने सरकार द्वारा लाई गई इस तकनीक को धरातल पर उतारने की प्रकिया शुरू कर दी है। उपमंडल बंजार में तीर्थन घाटी की मुख्य संपर्क सड़क को एफडीआर तकनीक से बनाने का कार्य शुरू हो गया है। लोक निर्माण विभाग बंजार मंडल के अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर ने बताया कि बंजार से बठाहड़ सड़क का विस्तारीकरण नई तकनीक एफडीएआर के अनुसार किया जाएगा, जिसके तहत 20 किलोमीटर सड़क को चौड़ा करने के साथ ही इसमें टायरिंग भी की जाएगी। तीर्थन घाटी के पर्यटन कारोबारी हुमिश प्रभात का कहना है कि तीर्थन घाटी की इस मुख्य सड़क के चौड़ा होने से यहां पर पर्यटकों की आवाजाही सुगम होगी। नई तकनीक एफडीआर से इस सड़क निर्माण कार्य की जिम्मेदारी संभाले गर्ग संज एस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर इंजीनियर रघुवीर सिंह ने बताया कि यह तकनीक भारत में सड़कें बनाने में बेहद कारगर है। इस मौके पर अधिशाषी अभियंता चमन ठाकुर, एसडीओ कीर्तिमान ठाकुर, कनिष्ठ अभियंता आदि उपस्थित रहे।

# अध्यक्ष पद की प्रक्रिया को जल्द पूरा करे प्रशासन व सरकार : संजीव ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**



व्यापार मंडल मनाली के सदस्य बैठक के दौरान चर्चा करते हुए।

व्यापार मंडल मनाली के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद में न अध्यक्ष है और न ही उपाध्यक्ष है। इस कारण शहर में होने वाले विकास कार्य ठप पड़े हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन व सरकार जल्द से जल्द होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद की प्रक्रिया को जल्द पूरा करे, ताकि शहर को नया अध्यक्ष व उपाध्यक्ष मिल सके।

उन्होंने कहा कि बाजार में सारी व्यवस्थाएं चरमरा गई हैं। बाहरी व्यापारी खुले में नकली सामान बेच रहे हैं। जिस कारण स्थानीय दुकानदारों को नुकसान हो रहा है और पर्यटक भी ठगे जा रहे हैं। संजीव ने कहा कि आज पूरी उम्मीद थी कि मनाली को नया अध्यक्ष मिल जाएगा लेकिन आज भी मनाली के लोगों को निराशा हाथ लगी है। ठाकुर ने कहा कि अध्यक्ष व उपाध्यक्ष का समय पर चयन न होने से व्यापारियों में रोष है।

उन्होंने कहा की आज व्यापार मंडल ने सभी व्यापारियों के साथ बैठक कर इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि जल्द ही व्यापार मण्डल का प्रतिनिधिमंडल प्रशासन से मिलेगा और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया को जल्द पूरा करने का आग्रह करेगा। उन्होंने रामबाग में व्यापार मंडल के सदस्यों को संबोधित भी किया और उन्हें उनकी समस्याओं का जल्द समाधान का आश्वासन भी दिया।

## निरमंड कॉलेज में केंद्रीय छात्र संघ के मनोनीत सदस्यों ने ली शपथ




**अनंत ज्ञान, आनी।** राजकीय महाविद्यालय निरमंड में शनिवार को केंद्रीय छात्र संघ 2024-25 के मनोनीत पदाधिकारियों एवं सदस्यों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें उपप्राचार्य कैप्टन संदीप कुमार ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मंच का संचालन डॉ. प्रियंका ठाकुर द्वारा किया गया। उपप्राचार्य ने कार्यक्रम से संबंधित वक्तव्य के साथ आयोजन की औपचारिक शुरुआत की। शपथ ग्रहण समारोह में सुष्मिता ने अध्यक्ष, डॉली कौशल उपाध्यक्ष, सचिव हितेश ठाकुर और संयुक्त सचिव की मोहित ठाकुर ने शपथ ली। साथ ही, संजीता और स्नेह लता ने अकादमिक, करण और निरमा ने एनसीसी, राहुल और अदिति ने एनएसएस, हिकिम ने ईको क्लब, सुनिधि ने साहित्यक सोसायटी, सुरेंद्र और जीवना ने स्पोर्ट्स और निशांत और आंचल ने सांस्कृतिक वर्ग के सदस्य के रूप में शपथ ली। केंद्रीय छात्र संघ की अध्यक्ष सुष्मिता ने इस अवसर पर अपना वक्तव्य दिया जिसमे उन्होंने महाविद्यालय के विकास के लिए सभी विद्यार्थियों को एक जुट हो कर कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में सहायक प्रोफेसर राजेश चौहान ने कार्यक्रम का औपचारिक समापन सभी का हार्दिक रूप से धन्यवाद ज्ञापित कर के किया। इस अवसर पर डॉ मदन लाल ठाकुर, सहायक प्रोफेसर सुरेंद्र धीमान, सहायक प्रोफेसर राहुल शर्मा और डॉ गौरव सूद भी मौजूद रहे।

# भारतीय किसान संघ का 12वां प्रदेश अधिवेशन कुल्लू में शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**




भारतीय किसान संघ के प्रदेश स्तरीय अधिवेशन में भाग लेते कार्यकर्ता।

भारतीय किसान संघ हिमाचल प्रदेश का 12वां प्रदेश स्तरीय अधिवेशन शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर बाशिंग में शुरू हुआ। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष ऋषिराज राणा ने बताया अधिवेशन के पहले दिन उत्तर क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय महिला प्रमुख मंजू दीक्षित एवं प्रदेश महामंत्री सुरेश ठाकुर और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सोमदेव शर्मा की अध्यक्षता में अधिवेशन शुरू हुआ। इस दौरान हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों और 88 खंड से लगभग 300 भारतीय किसान संघ के कार्यकर्ता पहुंचे। इस दौरान विधिवत रूप से दीपक जलाकर डॉ. सोमदेव शर्मा और अन्य पदाधिकारी ने अधिवेशन की शुरुआत की और इस दौरान वर्ष भर में होने वाली सभी गतिविधियों का सुरेश ठाकुर ने प्रतिवेदन किया और किसानों को प्रदेश भर में आ रही समस्याओं के बारे में अवगत करवाया।

इस दौरान बीते वर्ष में भारतीय किसान संघ ने कहां-कहां प्रदेश में और क्या-क्या उपलब्धियां रही हैं। इसके बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। प्रदेश अधिवेशन में आए सभी 88 खंड के कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय इस अधिवेशन में विषयों पर चर्चा की जाएगी व खंड में चलने वाली विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के बारे में भी अवगत कराया जाएगा।

संघ के प्रांत प्रचार प्रमुख जयसिंह ठाकुर ने बताया कि 27 अक्तूबर को भारतीय किसान संघ के चुनाव भी निश्चित हैं, जिसमें प्रदेश ही पूरी कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा। इसके पश्चात शोभायात्रा निकाली जाएगी जो कि रामशिला से ढालपुर मैदान तक निकाली जाएगी। ढालपुर मैदान में यह शोभायात्रा संपन्न होगी। शोभायात्रा में हिमाचल प्रदेश के किसान संघ के सभी उपस्थित कार्यकर्ता और कुल्लू जिला के सभी समितियों के जो कार्यकर्ता भाग लेंगे। इसके बाद ढालपुर मैदान में प्रदेश अधिवेशन विधिवत रूप से संपन्न होगा। इस अधिवेशन को मुख्य रूप से सुरेंद्र कुमार संबोधित करेंगे और साथ ही मंजू दीक्षित का भी सानिध्य प्राप्त होगा।

# छाटनसेरी-बैंची सड़क का पैच वर्क का कार्य युद्धस्तर पर शुरू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल**



**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

जिला कुल्लू के छाटनसेरी से बैंची सड़क का पैच वर्क कार्य जोरों पर शुरू हो चुका है। गौर रहे कि इस सड़क की हालत बहुत ही दयनीय बनी हुई थी। लोगों ने लोक निर्माण विभाग से लोगों ने कई बार इसे ठीक करने की गुहार भी लगाई थी, लेकिन विभाग इसे कई समय से ठीक नहीं कर पा रहा था। इस सड़क की दयनीय हालत को 'अनंत ज्ञान' में प्रकाशित होने के बाद विभाग भी हरकत में आया और कार्य तुरंत शुरू कर दिया।

इस सड़क पर वाहन चलाना मुश्किल था, साथ ही राहगीरों को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। जैसे ही इस सड़क का कार्य शुरु हुआ लोगों ने राहत की सांस ली। लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता पवन कैंथ ने बताया कि बरसात होने के कारण इस रोड का पैच वर्क नहीं हो पा रहा था। अब छाटनसेरी से बेंची के आगे मोड़ तक सभी जगह पैच वर्क का कार्य दो दिनों के भीतर पूरा कर दिया जाएगा। सड़क की हालत सुधरने पर लोगों ने मनाली विधानसभा विधायक भुवनेश्वर गौड़ का आभार प्रकट किया।

**समीक्षा** परियोजना सलाहकार समिति की द्वितीय तिमाही की बैठक का केलांग में हुआ आयोजन

# लाहौल के विकास कार्यों पर 35.33 करोड़ किए जा रहे खर्च: नेगी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



मंत्री जगत सिंह नेगी अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।

जिला लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में शनिवार को परियोजना सलाहकार समिति की द्वितीय तिमाही की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राजस्व, बागवानी व जनजातीय विकास तथा लोक शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने की। बैठक से पूर्व नेगी व विधायक अनुराधा राणा को शॉल, टोपी खतक व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। बैठक का संचालन परियोजना अधिकारी मनोज कुमार ने किया।

समीक्षा बैठक में सर्वप्रथम विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ गत बैठक में जारी किए दिशा-निर्देशों की नेगी ने वित्तीय एवं भौतिक कार्यों का ब्यौरा भी तलब किया और संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि विकासात्मक कार्यों को तेज गति प्रदान करने के लिए विशेष प्राथमिकता रखें। उन्होंने कहा कि जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के आईटीडीपी लाहौल व उदयपुर उपमंडल के विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर 35 करोड़ 33 लाख की धनराशि इस वित्तीय वर्ष में खर्च की जा रही है, जिससे इस क्षेत्र के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित बनाया जा रहा है। सीमा सड़क संगठन द्वारा एसकेटीटी सड़क निर्माण में एफसीए के मामले को जल्द क्लीयरेंस दिलवाले के लिए वन विभाग को निर्देश देते हुए कहा कि इस मामले में विशेष प्राथमिकता रखें विशेष कर उदयपुर-मड़ग्राम से तिंदी तक ताकि जल्द ही सड़क नेटवर्क मजबूत हो सके।

उन्होंने बारालाचा दर्रे के शैडो एरिया में नेटवर्क कनेक्टिविटी को और मजबूत करने के लिए दूर संचार विभाग को निर्देश जारी किए। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को इस बात पर बल देते हुए कहा कि जिला में अटल टनल रोहतांग के खुलने के उपरांत पर्यटन के क्षेत्र में मूलभूत सुविधाएं जुटाने के लिए जिला में पर्यटन व्यवसाय की अपार संभावनाओं को देखते हुए यहां पर पर्यटन से जुड़े बुनियादी ढांचे को विकसित करने की दिशा में कारगर कदम उठाए जाएं।

उन्होंने सिस्सू झील के सौंदर्य करण और कोकसर, सिस्सू तांदी संगम घाट पर डस्टबिन व शौचालय स्थापित करने की बात कही। दारचा चेक पोस्ट पर पुलिस विभाग को जल्द ही रिकवरी वाहन उपलब्ध करवाया जाएगा और सिस्सू में इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले भी स्थापित की जाएगी। बैठक में जिला परिषद अध्यक्ष बीना देवी, सुशील कुमार, मोहन लाल, ज्ञालसन ठाकुर, पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी, सहायक आयुक्त संकल्प गौतम, वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे, एसडीएम उदयपुर केशव राम, सीमा सड़क संगठन व विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।



## स्पोर्ट्स विंडो

### मनिका बतरा डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्तरा ने रोमानिया की 14वीं रैंकिंग वाली बर्नाडेट एस को हराकर फ्रांस के मोंटपेलियेर में चल रहे डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट महिला एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी बत्तरा ने 29 मिनट में 11-9, 6-11, 13-11, 11-9 से जीत दर्ज की। उन्होंने पेरिस ओलंपिक प्री-क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। अब बत्तरा का सामना चीन की कियान तियांयी से होगा। कियान ने हमवतन वांग यिडि को 11-7, 11-9, 13-11 से हराया। भारत की श्रीजा अकुला को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज ने पहले दौर में हराया।

### तीसरी बार बैडमिंटन में नेशनल खेलेगा धर्मपुर का तन्मय ठाकुर

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर मुख्यालय में संचालित डीपीएस धर्मपुर में 9वीं कक्षा में पढ़ने वाला तन्मय ठाकुर तीसरी बार मध्य प्रदेश



में होने वाली बैडमिंटन प्रतियोगिता में नेशनल खेलेगा। बता दें कि जिला मंडी की अंडर-17 नेशनल बैडमिंटन टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन सुंदरनगर में हुआ, जिसमें डीपीएस धर्मपुर के 9वीं कक्षा के तन्मय ठाकुर जिला मंडी से चयनित हुए हैं और अब यह नवंबर माह में मध्य प्रदेश में होने जा रही राष्ट्रीय अंडर-17 बैडमिंटन प्रतियोगिता का हिस्सा बनेगा। काबिले जिक्र है कि तन्मय ठाकुर ने पिछले वर्ष पहली बार दिल्ली में नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया और हाल ही में गत माह चेन्नई तमिलनाडु में ओपन प्रतियोगिता में दूसरा नेशनल खेला और अब यह मध्य प्रदेश में तीसरी बार नेशनल बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लेने जा रहा है जो कि धर्मपुर ही नहीं अपितु जिला मंडी के लिए गौरव की बात है।

### पेन पेसीफिक ओपन के फाइनल में केनिन

**नई दिल्ली ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन ने 9वीं वरीयता प्राप्त केटी बूल्टर को 6-4, 6-4 से हराकर पेन पेसीफिक ओपन के फाइनल में प्रवेश कर लिया। ऑस्ट्रेलिया ओपन-2020 की चैंपियन और फ्रेंच ओपन उपविजेता केनिन ने ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दूसरे सेट के 7वें गेम में तोड़ी और अपनी सर्विस बरकरार रखकर मैच जीत लिया।



### सुल्तान जोहोर कपः भारत ने न्यूजीलैंड को हराकर कांस्य पदक जीता

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को यहां पेनल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप जूनियर पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मैच 2-2 सबसे बराबर रहा, जिसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने पेनल्टी को गोल में बदला, जबकि बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई। इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई, लेकिन न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें) और जोंटी एल्म्स (57वें) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे।

---

**भारत vs न्यूजीलैंड**

## सेंटनर के आगे नहीं टिके भारतीय बल्लेबाज, न्यूजीलैंड 113 रनों से जीता

# घर में 12 साल बाद टेस्ट सीरीज हारा भारत

**एजेंसी, पुणे**

भारत को 12 साल में घरेलू टेस्ट सीरीज में पहली पराजय झेलनी पड़ी जब मिशेल सेंटनर की बेहतरीन स्पिन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने उसे दूसरे क्रिकेट टेस्ट में 113 रन से हराया। भारत की लगातार 18 टेस्ट सीरीज में यह पहली हार थी। न्यूजीलैंड ने करीब 70 साल में पहली बार भारत में टेस्ट सीरीज जीती है।

न्यूजीलैंड टीम 1955 से यहां दौरा कर रही है, लेकिन इतने साल में भारत के किले में सेंध नहीं लगा सकी। एक समय स्पिन गेंदबाजी को खेलने में महारथी माने जाने वाले भारतीय बल्लेबाज सेंटनर का सामना नहीं कर पाए, जिन्होंने मैच में 13 विकेट लिए।

जीत के लिए 359 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम 245 रन पर आउट हो गई। यशस्वी जायसवाल ने 77 और रवींद्र जडेजा ने 42 रन बनाए, लेकिन उनके अलावा कोई कीवी गेंदबाजों का डटकर सामना नहीं कर सका।

बेंगलुरु में पहले टेस्ट में 46 रन पर आउट होने वाली भारतीय टीम की 2012-13 में इंग्लैंड के हाथों हारने के बाद यह सीरीज की पहली हार है। कीवी टीम ने भारत का अपनी धरती पर लगातार 18 टेस्ट सीरीज जीतने का सिलसिला तोड़ा। इस भारी हार के मायने हैं कि भारत विश्व टेस्ट चैंपियनशिप तालिका में 98 अंक के साथ शीर्ष पर तो रहेगा लेकिन प्रतिशत में उसके अंक (62.80) अब आस्ट्रेलिया (62.50) से थोड़े ही अधिक है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले भारत के लिए यह सीरीज जीतना बेहद जरूरी था ताकि वह डब्ल्यूटीसी फाइनल में जगह पक्की कर सके। अब भारत की राह कठिन है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया की चुनौती का उसे सामना करना है। भारत के लिए 22 बरस के जायसवाल (65 गेंद में 77 रन) को छोड़कर कोई सेंटनर की स्पिन का सामना नहीं कर सका।

सेंटनर ने पहली पारी में सात विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में छह विकेट चटकाए। वहीं न्यूजीलैंड टीम ने बेहतर क्रिकेट खेलते हुए भारत को उसी के गढ में हराकर अपना आत्मविश्वास और बढ़ा लिया।



### रोहित शर्मा बोले- यह हार निराशाजनक



न्यूजीलैंड से पुणे टेस्ट में मिली हार के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा यह हार निराशाजनक है, हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। हमें न्यूजीलैंड को श्रेय देना होगा, क्योंकि उन्होंने हमसे बेहतर क्रिकेट खेली। हम मौकों को भुना नहीं पाए। हमारी बल्लेबाजी संतोषजनक नहीं रही, टेस्ट मैच जीतने के लिए 20 विकेट लेने जरूरी होते हैं, साथ ही रन बनाना उतना ही जरूरी होता है।

### यह जीत खास लम्हा और एहसास : लाथम



न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने जीत के बाद कहा कि यह एक खास लम्हा और एहसास है। यह पूरी टीम के प्रयास से ही संभव हो पाया। हम जब भी यहां पर आए हैं, हमने अपना बेस्ट देने का प्रयास किया है। स्कोरबोर्ड पर रन जोड़ना बहुत जरूरी था और दोनों पारियों में जिस तरह से सेंटनर ने गेंदबाजी की, इसका श्रेय उन्हें जाता है। दोनों ही मैचों में परिस्थितियां अलग थीं।

### स्कोर बोर्ड

| | | | |
|---|---|---|---|
| न्यूजीलैंड (पहली पारी) | 259/10 | | |
| भारत (पहली पारी) | 156/10 | | |
| **न्यूजीलैंड (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| लाथम पगबाधा ब. वॉशिंगटन | 86 | 133 | 10/0 |
| कॉनवे पगबाधा ब. वॉशिंगटन | 17 | 25 | 2/0 |
| यंग पगबाधा ब. अश्विन | 23 | 28 | 2/0 |
| रचिन पगबाधा ब. वॉशिंगटन | 09 | 13 | 1/0 |
| डेरिल क. जायसवाल ब. वॉशिंगटन | 18 | 23 | 2/0 |
| ब्लंडेल ब. जडेजा | 41 | 83 | 3/0 |
| फिलिप्स (नाबाद) | 48 | 82 | 4/2 |
| सेंटनर क. बुमराह ब. जडेजा | 04 | 16 | 0/0 |
| साऊथी क. रोहित ब. अश्विन | 00 | 03 | 0/0 |
| ऐजाज क. वॉशिंगटन ब. जडेजा | 01 | 12 | 0/0 |
| विलियम (रन आऊट) | 00 | 03 | 0/0 |
| **अतिरिक्त** | 08 | | |
| **कुल : (69.4 ओवर)** | **255/10** | | |

**विकेट पतन :** 1-36, 2-78, 3-89, 4-123, 5-183, 6-231, 7-237, 8-238, 9-241, 10-255.
**गेंदबाजी :** अश्विन 25-2-97-2, वॉशिंगटन 19-0-56-4, जडेजा 19.4-3-72-3, बुमराह 6-1-25-0.

| | | | |
|---|---|---|---|
| **भारत (दूसरी पारी)** | **रन** | **गेंद** | **4/6** |
| जायसवाल क. डेरिल ब. सेंटनर | 77 | 65 | 9/3 |
| रोहित क. यंग ब. सेंटनर | 08 | 16 | 1/0 |
| गिल क. डेरिल ब. सेंटनर | 23 | 31 | 4/0 |
| कोहली पगबाधा ब. सेंटनर | 17 | 40 | 2/0 |
| पंत (रन आऊट) | 00 | 03 | 0/0 |
| वॉशिंगटन क. यंग ब. फिलिप्स | 21 | 47 | 2/0 |
| सरफराज ब. सेंटनर | 09 | 15 | 1/0 |
| जडेजा क. साऊथी ब. ऐजाज | 42 | 84 | 2/0 |
| अश्विन क. डेरिल ब. सेंटनर | 18 | 34 | 2/0 |
| आकाशदीप क. रचिन ब. ऐजाज | 01 | 24 | 0/0 |
| बुमराह (नाबाद) | 10 | 04 | 1/1 |
| **अतिरिक्त** | 19 | | |
| **कुल : (60.2 ओवर)** | **245/10** | | |

**विकेट पतन :** 1-34, 2-96, 3-127, 4-127, 5-147, 6-165, 7-167, 8-206, 9-229, 1-245.
**गेंदबाजी :** साऊथी 2-0-15-0, विलियम 1-0-5-0, सेंटनर 29-2-104-6, ऐजाज 12.2-0-43-2, फिलिप्स 16-0-60-1.

---

## ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हर्षित राणा और नीतीश रेड्डी भारतीय टीम में

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दिल्ली के तेज गेंदबाज हर्षित राणा और आंध्र के आलराउंडर नीतीश रेड्डी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए रोहित शर्मा की अगुवाई वाली 18 सदस्यीय भारतीय टीम में पहली बार शामिल किया गया।





ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए मोहम्मद शमी टीम में नहीं हैं जबकि कुलदीप यादव को कमर की चोट के लिए लंबे समय तक रिहैबिलिटेशन की सलाह दी गई है। न्यूजीलैंड सीरीज के लिए चुनी गई टीम से अक्षर पटेल को बाहर कर दिया गया है। वॉशिंगटन सुंदर को टीम में शामिल किया गया है।

आठ नवंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली चार टी-20 मैचों की सीरीज के लिए कर्नाटक के तेज गेंदबाज विशाक विजयकुमार और पंजाब के बल्लेबाज रमनदीप सिंह को शामिल किया गया है।

**बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए भारत की टीम:** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जयसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, ऋषभ पंत, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, रवींद्र जड़ेजा, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, हर्षित राणा, नीतीश कुमार रेड्डी, वॉशिंगटन सुंदर।
**रिजर्व :** मुकेश कुमार, नवदीप सैनी, खलील अहमद।

**दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 टीम:** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, तिलक वर्मा, जितेश शर्मा, हार्दिक पांड्या, अक्षर पटेल, रमनदीप सिंह, वरुण चक्रवर्ती, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, विशाक विजयकुमार, आवेश खान, यश दयाल।

### भारत अंडर-17 एशियाई कप क्वालीफिकेशन से एक जीत दूर

**चोनबरी (थाईलैंड)।** भारत एएफसी अंडर-17 एशियाई कप के लिए क्वालीफाई करने से एक कदम दूर है और उसे रविवार को यहां ग्रुप-डी के अपने अंतिम मैच में मेजबान थाईलैंड पर बस जीत की दरकार है। दो मैच में दो जीत से इश्फाक अहमद की कोचिंग वाली भारतीय टीम अभी अंकों में थाईलैंड की बराबरी पर है, लेकिन गोल अंतर से उससे पिछड़ रही है। इससे उसे रविवार को मुकाबले में किसी भी हालत में जीत दर्ज करनी होगी ताकि वह शीर्ष स्थान हासिल कर टूर्नामेंट के लिए स्वतः क्वालीफाई कर ले।



शुक्रवार को तुर्कमेनिस्तान पर 1-0 की जीत से भारत ने अपनी उम्मीद जीवंत रखी। इस मैच में उसके लिए निंगथोखोंगजाम ऋषि सिंह ने गोल दागा। पर थाईलैंड ने ब्रूनेई दारूस्सलाम पर 19-0 की जीत से शानदार गोल अंतर से ग्रुप में शीर्ष स्थान हासिल किया। भारत ने इससे पहले ब्रूनेई को 13-0 से हराया था जबकि थाईलैंड ने तुर्कमेनिस्तान पर 2-0 की जीत से अपना अभियान शुरू किया था।

### रेहान थॉमस इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक में संयुक्त दूसरे स्थान पर

**बैंकॉक।** भारतीय गोल्फर रेहान थॉमस ने दूसरे दौर (63) के बाद तीसरे दौर में भी अच्छा प्रदर्शन करते हुए शनिवार को यहां छह अंडर 64 का कार्ड खेला और इंटरनेशनल सीरीज बैंकॉक गोल्फ टूर्नामेंट में खुद को खिताब की दौड़ में बनाए रखा।



संयुक्त अरब अमीरात में बसे इस भारतीय खिलाड़ी का तीन दौर के बाद कुल स्कोर 14 अंडर है और वह पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर हैं।

थॉमस इस टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने वाले तीन भारतीय खिलाड़ियों में से एक थे। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में गगनजीत भुल्लर (65-66-68) 11 अंडर के साथ संयुक्त 17वें जबकि करणदीप कोचर (66-69-65) 10 अंडर के साथ संयुक्त 24वें स्थान पर हैं। अमेरिका के पीटर उइहलेन (64-62-67) ने 17 अंडर के कुल स्कोर के साथ तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली है।

---

## फिरकी में फिर फंसा इग्लैंड




**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने इंग्लैंड को तीसरे और अंतिम टेस्ट में 9 विकेट से हराकर तीन मैचों की टेस्ट सीरीज 2-1 से अपने नाम की। बाएं हाथ के 38 वर्षीय स्पिनर नोमान अली और 31 वर्षीय ऑफ स्पिनर साजिद खान ने मिलकर पिछले हफ्ते दूसरे टेस्ट में मिलकर 20 विकेट झटके थे और तीन मैच की सीरीज 1-1 से बराबर कराई थी। शनिवार को फिर दोनों ने कमाल किया। दोनों ने मिलकर 19 विकेट झटके और इंग्लैंड की दूसरी पारी तीसरे दिन 112 रन पर सिमट गई।

**पाकिस्तान ने 2-1 से जीती टेस्ट सीरीज**

पाकिस्तान ने पहली पारी के आधार पर 77 रन की बढ़त हासिल की थी, उसे जीत के लिए 36 रन का लक्ष्य मिला जो उसने लंच से पहले एक विकेट पर 37 रन बनाकर हासिल कर लिया।

इस तरह 2021 के बाद पाकिस्तान ने पहली घरेलू सीरीज अपने नाम की। कप्तान शान मसूद (नाबाद 23 रन) ने शोएब बशीर पर लांग ऑफ में छक्का जड़कर जीत सुनिश्चित की। इससे पहले मसूद ने जैक लीच पर लगातार चार चौके जड़े।

इंग्लैंड की टीम दूसरी बार पाकिस्तान के दोनों स्पिनरों के सामने पस्त कर हो गई। अली ने पहली पारी में तीन और दूसरी पारी में 42 रन देकर छह विकेट झटके। वहीं पहली पारी में छह विकेट लेने वाले खान ने 69 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इंग्लैंड ने सुबह दूसरी पारी में तीन विकेट पर 24 रन से आगे खेलना शुरू किया। जो रूट (33 रन) और हैरी ब्रूक (26) क्रीज पर थे, दोनों ने 11 रन जोड़कर पाकिस्तान की बढ़त समाप्त की। पर इसके बाद इंग्लैंड ने लगातार विकेट गंवा दिए और उसका स्कोर 6 विकेट पर 75 रन हो गया और पूरी टीम 112 रन पर ढेर हो गई।

### स्पिनरों ने झटके 73 विकेट

पाकिस्तान और इंग्लैंड के बीच हुई इस सीरीज में स्पिनरों ने कुल 73 विकेट झटके जो पाकिस्तान में किसी टेस्ट सीरीज में स्पिनरों द्वारा सर्वाधिक विकेट हैं। इससे पहले, पाकिस्तानी धरती पर 1969-70 में न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में स्पिनरों ने कुल 71 विकेट लिए थे। वहीं, 2022-23 में इंग्लैंड के खिलाफ हुई टेस्ट सीरीज में स्पिनरों को 68 विकेट मिले थे।

---

**महिला क्रिकेट**

### न्यूजीलैंड को झटका, हरफनमौला एमेली केर चोट के कारण सीरीज से बाहर

# भारत की नजरें एकदिवसीय सीरीज जीतने पर

**एजेंसी, अहमदाबाद**

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम की नजरें अपने बल्लेबाजों के बेहतर प्रदर्शन के दम पर सीरीज जीतने पर लगी होंगी। भारत ने पहला मैच 59 रन से जीता, लेकिन बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे। मेजबान टीम अब इसमें बदलाव करना चाहेगी और कप्तान स्मृति मंधाना को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। पिछले मैच में पदार्पण करने वाली तेजल हसाबनिस ने वही किया था। स्मृति पहले मैच में आठ रन पर आउट हो गई थी और उनका खराब फॉर्म पिछले एक महीने से चला आ रहा है। जुलाई में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक लगाए थे। भारतीय टीम की नजरें नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर भी लगी होंगी जो चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थीं।


फाइल फोटो

गेंदबाजी में तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने उम्दा प्रदर्शन किया जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने विकेट चटकाए। दूसरी ओर न्यूजीलैंड की सीरीज में बराबरी की उम्मीदों को करारा झटका लगा, जब करिश्माई हरफनमौला एमेली केर चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गई। केर रविवार को स्वदेश लौट गई और उन्हें उबरने में तीन सप्ताह लगेंगे। उनकी जगह किसी और को टीम में शामिल नहीं किया गया है क्योंकि तीन दिन बाद आखिरी मैच होना है।

**मैच : दोपहर 1 : 30 बजे से**

**संभावित टीमें**

**भारत।** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शेफाली वर्मा, डी हेमलता, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, यास्तिका भाटिया, उमा छेत्री, सयाली सतगारे, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, तेजल हसब्निस, साइमा ठाकोर, प्रिया मिश्रा, राधा यादव, श्रेयंका पाटिल में से।

**न्यूजीलैंड ।** सोफी डिवाइन (कप्तान), सुजी बेट्स, एडेन कार्सन, लॉरेन डाउन, इजी गेज (विकेटकीपर), मैडी ग्रीन, ब्रूक हॉलिडे, पॉली इंगलिस (विकेटकीपर), फ्रान जोनास, जेस केर, एमेली केर, मौली पेनफोल्ड, जॉर्जिया प्लिमर, हन्ना रोवे, ली ताहुहु में से।

---

## सोलन बना कुराश चैंपियन, शौर्य सिंह यादव बने 'बेस्ट प्लेयर'

**दशमी रावत, जुब्बल**

सुंदरनगर में अंडर-19 कुराश चैंपियनशिप का आयोजन 23 से 25 अक्तूबर तक किया गया, जिसमें प्रदेश के 12 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया।

सोलन ने चार स्वर्ण पदक जीतकर चैंपियन का खिताब अपने नाम किया, जबकि शिमला 2 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरा स्थान पर रहा। इस आयोजन में शौर्य सिंह यादव ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल और अद्वितीय तकनीक के साथ बेस्ट प्लेयर का खिताब जीता।


कुराश खेल के विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मुख्यातिथि।

हिमाचल प्रदेश कुराश एसोसिएशन के चेयरमैन कौशल मुंगटा ने इस सफल आयोजन के लिए शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का धन्यवाद करते हुए कहा कि यह खेल केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि युवा खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का एक महत्वपूर्ण मंच है। (अनंत ज्ञान)